निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार, 22 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 155 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




गुमला में ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार तस्कर






## संक्षिप्त समाचार

### टेंपो-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में दिवाली की रात एक तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना रामगढ़ शिव मंदिर के पास हुई। मृतक की पहचान छतरपुर के लठैया बभंडी निवासी 27 वर्षीय रितेश कुमार यादव के रूप में हुई है। घायल 40 वर्षीय सुरेंद्र यादव बिहार के नबीनगर थाना क्षेत्र के डकटौवा के रहने वाले हैं। रितेश, सुरेंद्र का साला था। सोमवार रात हुई इस घटना में टेंपो ने बाइक सवार रितेश को कुछ दूर तक घसीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** गुमला पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-फरोख्त के आरोप में एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुल 21.75 ग्राम ब्राउन शुगर, 193290 रुपए नगद, 9 मोबाइल फोन और एक वजन मशीन बरामद की गई है। पुलिस को ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की सूचना मिली थी जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने एक छापेमारी दल का गठन किया। टीम लक्ष्मण नगर नदी पुल के पास पहुंची, जहां एक युवक भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान दुर्गा नगर निवासी रोहित सिंह के रूप में हुई है।

### करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** फारबिसगंज प्रखंड के रमई पंचायत स्थित वार्ड संख्या तीन में दीपावली के दिन रमई के समीप करिया पुल के पास तालाब में विद्युत करंट के चपेट में आने से पिता पुत्र की मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर बाद की है। मृतक का नाम विद्यानंद मल्लिक एवं सागर मल्लिक है जो रमई वार्ड संख्या तीन का निवासी है। घटना से गांव में कोहराम मच गया। जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### राजद प्रत्याशी के घर छापेमारी

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार चुनाव के मद्देनज़र मोतिहारी में राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता के घर पर पुलिस ने छापा मारा है। यह कार्रवाई भाजपा नेता की हत्या के मामले से जुड़ी है। पुलि।स सूत्रों के अनुसार हत्या के मामले में कुछ सुराग मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। पुलिस ने राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता के घर छापेमारी की और राजन हत्याकांड के एक आरोपी सुबोध यादव को गिरफ्तार किया है।

## रांची में खुलेंगे 12 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के लोगों को अब अपने घर के नजदीक ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। रांची नगर निगम क्षेत्र में 12 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य उपकेंद्र) स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य आम जनता, विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मोहल्ला स्तर पर उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें मामूली बीमारियों के लिए बड़े अस्पतालों की दौड़ न लगानी पड़े। निगम के अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक केंद्र के भवन निर्माण पर लगभग 25 लाख रुपये खर्च होंगे। इन भवनों का निर्माण 15वें वित्त आयोग की राशि से कराया जाएगा। निगम ने बताया कि सभी भवनों का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि वहां मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था, महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग टॉयलेट, ओपीडी (आउटडोर पेशेंट विभाग) और डिस्पेंसरी जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में 25 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले से संचालित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक हजारों मरीजों को मुफ्त जांच, दवाइयां और प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल चुकी है। अब 12 नए केंद्रों के निर्माण के बाद नगर निगम क्षेत्र में कुल 37 आरोग्य मंदिर हो जाएंगे। इससे स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और विस्तृत हो जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिलेगा। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि रांची नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके घर के आसपास ही बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से लोगों को सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, खांसी-जुकाम, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच, टीकाकरण और मातृत्व देखभाल जैसी सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी। इसके अलावा, इन केंद्रों से बड़ी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव भी कम होगा और लोगों को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिलेगी। सुशांत गौरव ने बताया कि नए केंद्रों के लिए घनी आबादी वाले और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। निगम द्वारा पहले ही संभावित स्थानों का सर्वे कराया जा चुका है और जहां जरूरत अधिक है, वहां जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र में एक डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और सहायक स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी, ताकि मरीजों को समुचित इलाज मिल सके। इन केंद्रों में डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड और ऑनलाइन डेटा प्रबंधन की व्यवस्था भी होगी जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ेगी। नगर आयुक्त ने कहा कि रांची नगर निगम की यह पहल झारखंड सरकार के स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड अभियान के अनुरूप है। इसका उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति छोटी बीमारी के लिए भी इलाज से वंचित न रहे। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी कुछ महीनों में इन सभी 12 केंद्रों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा और नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलने लगेगा।




## तालाब में डूबने दो बच्चों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिला में एक दर्दनाक घटना हुई है। तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों के शवों को तालाब से निकाल लिया गया है। इस हादसे में मारे गये दोनों बच्चे आपस में चचेरे भाई हैं और दोनों के पिता आपस में सगे भाई हैं। इनमें एक का नाम सिद्धार्थ भारती है, जिसकी उम्र करीब दो साल है। सिद्धार्थ के पिता का नाम रामचरण भरती है। वहीं दूसरे बच्चे का नाम राजवीर है, जिसकी उम्र करीब ढाई साल है। राजवीर के पिता का नाम शंभू शरण भारती है। रामचरण भारती और शंभू शरण भारती सहोदर भाई हैं। यह घटना टुंडी थाना क्षेत्र के हटिया रोड स्थित राजबाड़ी के नजदीक तालाब की है। मंगलवार को जहां दोनों बच्चे खेलते हुए तालाब में चले गए और पानी में डूब गए। ग्रामीणों और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार राजबाड़ी के रहने वाले दो सगे भाइयों शंभू शरण भारती और रामचरण भारती के बेटे दोपहर में अचानक घर से निकल गए। परिजन काफी देर तक इधर उधर खोजते रहे लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। घंटों बीत जाने के बाद किसी ने सूचना दी कि तालाब में एक बच्चे का शव पानी के ऊपर नजर आ रहा है। जिसके बाद परिजन व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस और टुंडी सीओ सुरेश प्रसाद बर्नवाल भी घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गए। तालाब में पानी के दिखाई दे रहे एक बच्चे का शव बाहर निकाला गया। तालाब में पानी के अंदर खोजबीन के बाद दूसरे बच्चे का शव भी निकाल लिया गया। इन बच्चों का शव देख दोनों के परिवार वालों में चीत्कार मच गयी और पूरा इलाका लोगों को क्रंदन से दहल उठा। परिजनों के आंसू थामने का नाम नहीं ले रहे थे। पुलिस द्वारा दोनों बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं घटना के लेकर टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा महतो के विधायक प्रतिनिधि मदन महतो ने कहा कि तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत हुई है। दोनों बच्चे बॉल से खेल रहे थे और उनकी बॉल तालाब में चली गई। बॉल को निकालने के लिए वह तालाब के पानी में चले गए और डूब गए। जिस कारण दोनों बच्चों की मौत हो गई है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि विधायक मथुरा महतो के द्वारा रात्रि में ही दोनों बच्चों के पोस्टमार्टम करने का आग्रह जिला प्रशासन से किया गया।

## मामूली विवाद में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में दीपावली की रात एक पूर्व अपराधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद बेड़ो थाना पुलिस, हत्याकांड में शामिल अपराधी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक रांची के बेड़ो स्थित मुड़ामु गांव में खूनी वारदात को अंजाम दिया गया है। गांव में पूर्व अपराधी सोमा उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस वारदात को दीपावली की रात लगभग 1:30 पर अंजाम दिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गांव के अखाड़ा में दीपावली को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उसी दौरान सोमा उरांव का एक व्यक्ति के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। काफी देर तक दोनों में कहासुनी होती रही। इसी क्रम में कुछ देर बाद सोमा उरांव को गोली मार दी गई। गोली लगने की वजह से सोमा की मौत हो गई। गांव के अखाड़ा में गोली चलने की वजह से अफरातफरी मच गई। इस दौरान ग्रामीण वहां से भाग खड़े हुए, इसी बात का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देने वाला मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि सोमा आपराधिक प्रवृत्ति का इंसान था। उस पर कई तरह के आपराधिक मामले दर्ज थे। वह हत्या के एक मामले में जेल भी जा चुका था। हाल के दिनों में वह गांव में ही निवास कर रहा था। हालांकि पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है। हत्यारे की पहचान हो चुकी है, उसके ठिकानों पर पुलिस के द्वारा रेड की जा रही है।

## बलिदान देने वाले शहीदों को किया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस परिवार के द्वारा मंगलवार को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। राज्य और देश की रक्षा करने वाले वीर शहीदों को राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजधानी में जैप ग्राउंड, पुलिस लाइन और सीआरपीएफ कैम्प सहित कई स्थानों पर पुलिस अधिकारियों और जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड में इस वर्ष नक्सलियों से लोहा लेने में शहीद हुए जवानों को डीजीपी सहित तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। रांची के जैप वन ग्राउंड में पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शहीदों की याद में सम्मान स्वरूप वाहिनी परिसर स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस साल देश के पैरामिलिट्री फोर्स तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस बल के कुल 191 (एक सी इक्यानवे) पदाधिकारी एवं जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे जिसमें झारखंड के आरक्षी 361 सुनिल धान ने चाईबासा जिलान्तर्गत छोटानागरा थाना क्षेत्र के रातामाटी गांव के पश्चिम दिशा के घने जंगल में जिला बल, कोबरा 203, सीआरपीएफ एवं झारखंड जगुआर के एसाल्ट-11 के द्वारा संयुक्त रूप से विशेष छापामारी अभियान ड्यूटी के दौरान भाकपा माओवादियों द्वारा लगाये गये आइइडी ब्लास्ट में अपने प्राणों की आहुति दी थी। झारखंड गठन के बाद नक्सली वारदातों में 551से ज्यादा पुलिसकर्मी, वहीं 1895 के करीब आमलोग मारे गए हैं। वहीं, झारखंड पुलिस ने साल 2001-25 के बीच 400 से ज्यादा नक्सलियों को भी मुठभेड़ में मार गिराया है। झारखण्ड में भाकपा माओवादियों के हुए बड़े हमलों में पाकुड़ के एसपी अमरजीत बलिहार, डीएसपी स्तर के अधिकारी डीएसपी प्रमोद कुमार रांची के बुंडू में, पलामू में देवेंद्र राय, चतरा में विनय भारती तक को नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया था। झारखंड गठन के ठीक एक वर्ष पहले लोहरदगा एसपी रहे अजय कुमार सिंह भी नक्सली हमले में शहीद हो गए थे।




## मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले के बरवाडीह स्थित पास रेलवे ब्रिज के पास सीसीएल के सीपी साइडिंग से कोयला लेकर धनबाद की ओर जा रही मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर जाने की घटना सामने आई है। यह हादसा बरवाडीह के पास रेलवे ब्रिज के पास हुआ। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद से इस मार्ग पर कोयला परिवहन ठप हो गया है। इस संबंध में सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी राज्यवर्धन ने बताया कि घटना के बाद से सीसीएल और रेलवे की संयुक्त टीम लगातार डिब्बों को पटरी पर वापस लाने का प्रयास कर रही है। हालांकि अब तक सफलता नहीं मिल सकी है और मालगाड़ी दो दिनों से अधिक समय से मौके पर ही फंसी हुई है। सीसीएल से जुड़े इस ट्रैक की हालत काफी जर्जर है। माना जा रहा है कि इसी वजह से हादसा हुआ है। गौरतलब है कि पिछले महीने भी इसी ट्रैक पर खाली मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया था लेकिन इस बार कोयला लदी ट्रेन होने के कारण स्थिति अधिक गंभीर हो गई है। इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। यह ट्रैक केवल सीसीएल से कोयला ढुलाई के लिए उपयोग होता है। इसलिए आम रेल सेवाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। फिर भी लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने ट्रैक की सुरक्षा और रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेलवे और सीसीएल प्रशासन जल्द ही ट्रैक की मरम्मत और परिवहन बहाल करने की दिशा में काम तेज करने में जुटा है।

## नामांकन के बाद राजद प्रत्याशी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नामांकन के अंतिम दिन राष्ट्रीय जनता दल के सासाराम विधानसभा सीट से प्रत्याशी सत्येंद्र साह को नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। राजद समर्थकों ने इसे भाजपा की साजिश करार देते हुए आक्रोश जताया है। जिला मुख्यालय में नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद जैसे ही सत्येंद्र साह बाहर निकले, भारी पुलिस बल ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि सत्येंद्र साह करगहर थाना क्षेत्र के निवासी हैं और उनकी गिरफ्तारी झारखंड के गढ़वा जिले के एक पुराने मामले में हुई है।






## रांची में छठ घाटों की सफाई का काम युद्धस्तर पर जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है। रांची जिला प्रशासन की तरफ से लगभग 60 से ज्यादा छठ घाटों में छठ व्रतियों के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। राजधानी रांची के लगभग 60 छठ घाटों पर व्रती और श्रद्धालु अर्घ्य देने के लिए पहुंचेंगे। इसे लेकर रांची नगर निगम के द्वारा सभी छठ घाटों की सूची तैयार कर साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। सभी छठ घाटों को अलग-अलग जोन में बांट कर सफाई का काम किया जा रहा है। नगर निगम की तरफ से 25 अक्टूबर तक सभी छठ घाटों की सफाई को पूरा करने का निर्देश जारी किया गया है। रांची के नगर आयुक्त सुशांत गौरव खुद लगातार छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छठ घाटों के निरीक्षण का काम तेजी से किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद जो घाट खतरनाक हैं वहां रेड रिबन लगाकर श्रद्धालुओं को रेड रिबन से आगे जाने की मनाही रहेगी। छठ घाटों की सफाई के लिए अलग-अलग समय पर मशीनों का प्रयोग भी किया जा रहा है। चिकित्सकों की टीम के द्वारा भी जल स्त्रोतों का निरीक्षण करवाया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि जलाशयों का संरक्षण किसी एक संस्था का कार्य नहीं है बल्कि इसमें सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जलाशयों में गंदगी या अपशिष्ट प्रवाहित और अतिक्रमण न करें। जन भागीदारी से ही इन जलस्त्रोतों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। नगर आयुक्त ने बताया कि सभी एमपीएस, जोनल सुपरवाइजर, नगर प्रबंधक और नगर अभियान प्रबंधक को निर्देश दिया गया है कि छठ घाटों के पास फैली गंदगी को हर हाल में साफ कर दिया जाए। इसके अलावा घास की कटिंग कराई जाए, तालाबों में खतरनाक स्थलों की पहचान भी कर ली जाए ताकि सुरक्षा के इंतजाम किए जा सकें। इसके अलावा तालाब के चारों तरफ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाए, तालाब तक जाने वाले सभी रास्तों की साफ-सफाई की जा रही है। कंकड़-पत्थर भी चुनने का निर्देश दिया गया है, ताकि छठ व्रतियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो। निगम की ओर से पहले ही निर्देश दिया गया है कि अगर छठ घाट जाने में रास्तों में कोई कंस्ट्रक्शन मटेरियल गिरता है तो उससे जुर्माना वसूला जाएगा।



# पौडैया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ, कृष्णा यादव ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही।** बरही पौडैया में आयोजित पौडैया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ मंगलवार को पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव (जेएलकेएम) ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों खेलप्रेमी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कृष्णा यादव ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट युवा प्रतिभाओं को आगे लाने का अवसर देते हैं और समाज में आपसी एकता एवं खेल भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि पौडैय्या जैसे गांवों में ऐसे आयोजन से युवाओं में ऊर्जा और सकारात्मक सोच का विकास होता है। इस अवसर पर उद्घाटन मैच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुखिया सिकंदर राणा सुनील यादव गोविंद यादव मुकेश यादव लालमनी सिंह सचिन यादव संजय यादव जगदेव यादव अरुण यादव उमेश यादव महेश यादव काली यादव रंजीत यादव नरेश यादव एवं कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ समाजसेवी हरखु सिंह का निधन

# अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** बरही प्रखंड के केदारुत पंचायत अंतर्गत खेरौन गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी हरखु सिंह का सोमवार की अहले सुबह हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

दिवंगत हरखु सिंह अपने जीवनकाल में सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी और लोगों की सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। निधन की सूचना मिलते ही क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी और सैकड़ों ग्रामीण उनके पैतृक आवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

हरखु सिंह अपने पीछे छह पुत्र—राजकुमार सिंह, सिकंदर सिंह, मनोज सिंह, प्रकाश सिंह, श्यामदेव सिंह और सकलदेव सिंह— तथा दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार दीपावली के दिन ही गांव स्थित श्मशान घाट (नोनिया नदी तट) पर किया गया, जहां मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र सकलदेव सिंह ने दी। अंतिम यात्रा में क्षत्रिय महासभा के पूर्व सभापति अवधेश कुमार सिंह, केंद्रीय महासचिव सत्येंद्र कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बिरसा कृषि प्रक्षेत्र के उपनिदेशक श्रीनिवास गिरी, पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह, तथा अन्य समाजसेवियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। ग्रामीणों ने कहा कि हरखु सिंह जैसे त्यागी और समाजसेवी व्यक्तित्व का जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

# सिंहपुर के आर्यन सिंह ने जीता राज्य स्तरीय कुश्ती में स्वर्ण पदक, अब हरियाणा में दिखाएंगे दमखम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के सिंहपुर गांव के होनहार खिलाड़ी आर्यन सिंह ने अपनी प्रतिभा और लगन के बल पर खेलो झारखंड के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र और पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। आर्यन ने यह उपलब्धि धनबाद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए हासिल की।

प्रतियोगिता के दौरान आर्यन ने अपने शानदार तकनीकी कौशल और दमदार प्रदर्शन से प्रतिद्वंद्वियों को परास्त किया। उनके खेल ने निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। सिंहपुर निवासी सीआरपीएफ में कार्यरत नितेश कुमार सिंह के पुत्र आर्यन अब आगामी 29 अक्टूबर को हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आर्यन के कोच ने बताया कि वे बेहद अनुशासित, मेहनती और केंद्रित खिलाड़ी हैं, जिनमें आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतने की पूरी क्षमता है। वहीं आर्यन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और कोच को देते हुए कहा कि उनका सपना भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतना है और वह इसके लिए निरंतर मेहनत करते रहेंगे।

**पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने दी शुभकामनाएँ**

आर्यन की सफलता पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने बधाई देते हुए कहा कि सिंहपुर जैसे छोटे गांव से निकलकर राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकार और समाज दोनों से पूरा सहयोग मिलना चाहिए। अकेला ने आर्यन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

# पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को नमन, हजारीबाग पुलिस ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर हजारीबाग पुलिस लाइन में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि शहीद पुलिस जवानों का बलिदान समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के जवान न सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं, बल्कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटते। इस मौके पर एसडीपीओ, डीएसपी, मेजर, सार्जेंट मेजर सहित कई पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के बाद पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवानों के परिजनों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। अंत में सभी अधिकारियों और जवानों ने संकल्प लिया कि शहीदों के अधूरे सपनों को साकार करने और देश सेवा की भावना को जीवित रखने के लिए वे सदैव समर्पित रहेंगे।



# वीआईपी ने सौरभ अग्रवाल को बनाया प्रत्याशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन प्रक्रिया से ठीक एक दिन पहले कटिहार सदर विधानसभा सीट पर महागठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। तमाम अटकलों और खींचतान के बाद, विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी ने विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल के बड़े बेटे सौरभ अग्रवाल को अपना उम्मीदवार बनाकर कटिहार सदर का सस्पेंस खत्म कर दिया है। ?यह सीट काफी समय से महागठबंधन के भीतर चर्चा का विषय बनी हुई थी। सीट बंटवारे से लेकर उम्मीदवार के नाम को लेकर चल रही अंदरूनी खींचतान के कारण महागठबंधन ने इस सीट पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान अंतिम क्षणों में किया। इससे पहले कई दावेदारों के नाम सामने आ रहे थे, जिससे गठबंधन के कार्यकताओं और आम जनता के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी।?वीआईपी जो महागठबंधन का एक घटक दल है, को यह सीट मिलने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि पार्टी किस पर दांव लगाएगी। सौरभ अग्रवाल का नाम सामने आने के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि कटिहार सदर सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए जिसकी ओर से बीजेपी के वरिष्ठ नेता पहले से ही मैदान में हैं।

# धूम-धाम से मनाई गई दिवाली व मां काली निशा पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र में दीपों का महापर्व दीपावली परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इसी क्रम में कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत राजवाड़ा पंचायत स्थित प्राचीन मां बमकाली मंदिर में भी दीपावली की अर्धरात्रि को होने वाली विशेष निशा पूजा धूमधाम से संपन्न हुई।

वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आयोजित इस पूजन समारोह में न केवल स्थानीय ग्रामवासी,बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों जैसे कटिहार और पूर्णिया जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन हेतु पहुंचे।श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर को सैकड़ों दीपों से सजाकर अद्भुत ज्योतिर्मय वातावरण का निर्माण किया और मां बमकाली की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति की कामना की। मंदिर कमिटी के



अध्यक्ष संजीव राय,सचिव पवन चौबे, विशाल राय, अनंत शयनम,सुभाष राय, विनय राय, पीयूष भानु, शुभम राय, संजय चौबे,अशोक साह, बिक्रम यादव, सूरज, कृष्णा एवं विकास राय ने बताया कि मां बमकाली मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है, जिसके कारण हर वर्ष दीपावली की मध्यरात्रि को यहां विशेष आयोजन होता है। ग्रामवासियों के सहयोग से यह परंपरा वर्षों से निर्विघ्न रूप से जारी है, जिसमें भव्य पूजा के उपरांत महाप्रसाद का वितरण भी किया जाता है। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होते हैं, जो इसे एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्व के रूप में परिवर्तित कर देते हैं। मां बमकाली की यह निशा पूजा क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रतीक बन चुकी है।

# गंगा नदी में परवल लगाने जा रहा युवक डूबा, खोज जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** बरारी प्रखंड क्षेत्र के जौनिया दियरा में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। परवल लगाने के लिए नाव से दियरा जा रहे एक मजदूर युवक गंगा नदी में डूब गया। घटना सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार डूबे युवक की पहचान पूर्वी बारीनगर वार्ड संख्या-4, कुँवर टोला निवासी भवेश कुमार(24) पिता जमदार पासवान के रूप में हुई है। भवेश रोजी-रोटी के लिए मेहनत-मजदूरी करता था और मंगलवार को भी खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान नाव के असंतुलित हो जाने से वह नदी में गिर गया और तेज बहाव में बह गया। स्थानीय लोगों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाशी अभियान शुरू किया गया, हालांकि समाचार प्रेषण तक युवक का कोई पता नहीं चल सका था। सूचना मिलते ही बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार और अंचलाधिकारी मनीष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।घटना की खबर सुनते ही बरारी विधायक विजय सिंह निषाद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा, गंगा समग्र जिला संयोजक नवीन चौधरी बाबा, जिला सह संयोजक मनोज साह, तथा जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार अमर भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।विधायक ने प्रशासन से शीघ्र खोज अभियान तेज करने और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पिता जमदार पासवान, मां मीणा देवी, 10 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार और छोटी बहन सुंदरी कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लोक आस्था के पर्व को लेकर छठ घाट की साफ-सफाई जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर शहर में तैयारी जोरो पर है। सूर्य उपासना के इस महापर्व के लिए घाटों की साफ-सफाई और व्यवस्था का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिसमें सामाजिक संगठन बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।



इस दौरान विजय बाबू पोखर पर विजय स्पोर्टिंग क्लब के सदस्य हर साल की तरह इस वर्ष भी छठ व्रतियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी लगन से जुटे हुए हैं।?क्लब के सदस्यों ने विजय बाबु पोखर छठ घाट पर साफ-सफाई शुरू कर दिया है। घाट के चारों ओर जमी गंदगी, जलकुंभी और झाड़ियों को हटाकर घाट को स्वच्छ और सुगम बनाया जा रहा है ताकि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।?इस बाबत विजय स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि छठ महापर्व हमारे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। क्लब के सदस्य हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्रती और उनके परिवार के सदस्य पूर्ण श्रद्धा और शांति के साथ पर्व मना सकें।उन्होने आगे कहा कि क्लब द्वारा न केवल साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है।

## छठ तालाब में दो दिवसीय पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी पूरी

# श्री चित्रगुप्त मंदिर पूजा समिति कर रही भव्य आयोजन की तैयारी



नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग छठ तालाब स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर पूजा समिति की ओर से इस वर्ष भव्य दो दिवसीय धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 23 और 24 अक्टूबर 2025 को संपन्न होगा, जिसमें पूजा-अर्चना, हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

समिति के अध्यक्ष राज प्रकाश (अधिवक्ता), उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा, सचिव निशांत सिन्हा और शेखर लाल ने बताया कि यह आयोजन समाज में श्रद्धा, भक्ति और एकता का प्रतीक बनेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कार्यक्रम प्रभारी बप्पी करण और आशीष सिन्हा, जबकि भैयारी प्रभारी पंकज सिन्हा और अमित सिन्हा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के अनुसार, 23 अक्टूबर (गुरुवार) को पूजा का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे से होगा। इसके बाद दोपहर 2:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता (2:00झ3:00 बजे), क्विज प्रतियोगिता (3:00झ5:00 बजे) और डांस प्रतियोगिता (5:00झ10:00 बजे) का आयोजन किया जाएगा। संध्या आरती शाम 6:30 बजे संपन्न होगी।

वहीं 24 अक्टूबर (शुक्रवार) को सुबह 10:00 बजे से पूजा सह हवन, दोपहर 1:00 बजे से भैयारी, शाम 6:30 बजे महाआरती और रात 8:00 बजे विसर्जन का कार्यक्रम निर्धारित है। समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ तालाब परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। समिति ने सभी श्रद्धालुओं और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक नाथ सहाय, अनुपम सिन्हा, शुभम प्रकाश, अनुज सिन्हा, संजीव कुमार, संजीव कुमार सिंहा उर्फ बॉबी,दीप प्रकाश नारायण, प्रमोद सिंहा सहित कई चित्रांश सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# पुलिस संस्मरण दिवस : पुलिस लाइन ग्राउंड में शहीद जवानों को आईजी और एसपी ने याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आज दिनांक-21.10.2025 को मेदिनीनगर के पुलिस केन्द्र ग्राउंड में पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर पलामू के जोनल आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा,पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन एवं आई.आर.बी 10 समादेष्टा द्वारा शहीद जवानों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्वाजंलि अर्पित की गयी एवं शहीदों के परिजनों से मुलाकत कर उनकी समस्याएं सुनी गयी और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया।इस अवसर पर सभी शहीदों के अदम्य साहस,समपर्ण और कतर्व्यनिष्ठा को याद किया गया।इस दौरान सदर एसडीपीओ मनीभूषण प्रसाद,डी.एस.पी राजीव रंजन,राजेश कुमार समेत आई.आर.बी-10 से संतोष साह,हरेन्द्र सिंह,हवलदार आशीष कुमार,राकेश मंडल,सुनिल सिंह,आरक्षी राहुल कुमार दांगी, अनुज प्रसाद,रजनीश दुबे,रवि रंजन सिंह एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।





# महापर्व छठ की तैयारीः रांची में घाटों की सफाई का काम युद्धस्तर पर जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची में लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है। रांची जिला प्रशासन की तरफ से लगभग 60 से ज्यादा छठ घाटों में छठ व्रतियों के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

**घाटों की सफाई का काम शुरू**

राजधानी रांची के लगभग 60 छठ घाटों पर व्रती और श्रद्धालु अर्घ्य देने के लिए पहुंचेंगे। इसे लेकर रांची नगर निगम के द्वारा सभी छठ घाटों की सूची तैयार कर साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। सभी छठ घाटों को अलग-अलग जोन में बांट कर सफाई का काम किया जा रहा है। नगर निगम की तरफ से 25 अक्टूबर तक सभी छठ घाटों की सफाई को पूरा करने का निर्देश जारी किया गया है।

**नगर आयुक्त ने किया घाटों का निरीक्षण**

रांची के नगर आयुक्त सुशांत गौरव खुद लगातार छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छठ घाटों के निरीक्षण का काम तेजी से किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद जो घाट खतरनाक हैं वहां रेड रिबन लगाकर श्रद्धालुओं को रेड रिबन से आगे जाने की मनाही रहेगी। छठ घाटों की सफाई के लिए अलग-अलग समय पर मशीनों का प्रयोग भी किया जा रहा है। चिकित्सकों की टीम के द्वारा भी जल स्रोतों का निरीक्षण करवाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि जलाशयों का संरक्षण किसी एक संस्था का कार्य नहीं है, बल्कि इसमें सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जलाशयों में गंदगी या अपशिष्ट प्रवाहित और अतिक्रमण न करें। जन भागीदारी से ही इन जलस्रोतों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

**लाइट और सड़क की व्यवस्था**

छठ महापर्व के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। ऐसे में रांची नगर निगम की टीम के द्वारा साफ-सफाई के साथ-साथ लाइट की व्यवस्था और घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को भी दुरुस्त किया जा रहा है। सभी छठ घाटों पर चेंजिंग रूम बनाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। छठ पूजा समिति के द्वारा ही कई जगहों पर लाइट और दूसरे तरह की व्यवस्था की जाती है। रांची नगर निगम की टीम छठ पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर काम कर रही है।

**इन स्थानों पर अर्घ्य देने पहुंचते हैं श्रद्धालु**

राजधानी रांची में मुख्य रूप से हटानिया तालाब, कांके डैम, धुर्वा डैम, बड़ा तालाब, चडरी तालाब, मोरहाबादी स्थित दिव्यान तालाब, तेतर टोली तालाब , भरम टोली तालाब, विद्यानगर तालाब बेहद महत्वपूर्ण है। इसके अलावा 60 से अधिक छठ घाट हैं जहां श्रद्धालु अर्घ्य देने के लिए पहुंचते हैं। सभी घाटों में लाइट के साथ-साथ साफ सफाई और दूसरी तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

**एनडीआरएफ टीम की रहेगी तैनाती**

छठ महापर्व में सांध्य के समय पहला अर्घ्य दिया जाता है। पहले दिन से ही हर खतरनाक घाटों में एनडीआरएफ की टीम को तैनात कर दिया जाएगा। छोटे-छोटे तालाबों में स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस वर्ष रांची नगर निगम द्वारा 63 स्थलों पर कृत्रिम तालाबों का भी निर्माण कराया जा रहा है।

# रांची के स्कूलों ने बनाई हरियाली और स्वच्छता में पहचान, राज्य में किया आठवां स्थान हासिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रांची।** राजधानी रांची ने शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल पर चलाए जा रहे स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग अभियान में रांची ने राज्य स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यालय परिसरों को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ बनाना है, ताकि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की आदत विकसित हो सके। राज्य के सरकारी, सहायता प्राप्त, निजी और सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों को 60 अलग-अलग मानकों पर परखा गया। स्कूलों ने पहले ऑनलाइन स्वमूल्यांकन किया, जिसके बाद जिला और प्रखंड स्तर पर भौतिक सत्यापन हुआ। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 44,438 विद्यालयों में 31,10,660 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके मुकाबले अब तक 39,416 विद्यालयों में 17,79,848 पौधे लगाए जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 57.22 प्रतिशत है। वहीं रांची जिले में 3304 स्कूलों में 2,31,280 पौधरोपण का लक्ष्य था, जिसमें से 2742 विद्यालयों ने 1,52,527 पौधे लगाकर 65.95 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है। गुमला जिला अव्वल, पलामू सबसे नीचे

इस रेटिंग में गुमला जिला पहले स्थान पर रहा, जबकि रांची आठवें पायदान पर और पलामू जिला सबसे नीचे है। जिन विद्यालयों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

# नामांकन का अंतिम दिन रहा खास, दिग्गजों ने दिखाया दम, कई पूर्व विधायक समेत नए चेहरों ने भरा पर्चा

**डॉ. पंकज कुमार सिन्हा / नबिटा ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नामांकन का अंतिम दिन सोमवार नवादा जिले के लिए राजनीतिक हलचल और शक्ति प्रदर्शन का केंद्र बन गया। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों नवादा, गोविंदपुर, रजौली, हिसुआ और वारसलीगंज में प्रत्याशियों और समर्थकों की भीड़ समाहरणालय और अनुमंडल कार्यालय परिसरों में उमड़ पड़ी। गाजे-बाजे, नारों और उत्साह से माहौल चुनावी रंग में रंगा दिखाई दिया। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक मोहम्मद कामरान ने टिकट कटने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की पत्नी विनीता मेहता ने लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया। इसी क्षेत्र से पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव ने राजद प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया, जिससे मुकाबला दिलचस्प हो गया है। नवादा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कौशल यादव ने राजद प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि "जिले की पांचों सीटों पर महागठबंधन की जीत तय है।" इस अवसर पर हिसुआ विधायक नीतू सिंह और वारसलीगंज से राजद प्रत्याशी अनीता कुमारी भी मौजूद रहीं। वहीं, रजौली विधानसभा क्षेत्र से लोजपा (आर) प्रत्याशी विमल राजवंशी, पूर्व विधायक प्रकाश वीर और राजद से पिंकी भारती ने नामांकन किया। विनीता मेहता और विमल राजवंशी के नामांकन के दौरान नवादा सांसद विवेक ठाकुर, जमुई सांसद अरुण भारती, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र मुन्ना और वारसलीगंज विधायक अरुणा देवी भी उपस्थित रहीं, जिससे लोजपा (आर) के शक्ति प्रदर्शन का माहौल बना। निर्दलीय प्रत्याशी बने मोहम्मद कामरान ने कहा कि "पार्टी का निर्णय मेरे लिए सर्वोपरि है, लेकिन जनता के आग्रह और दबाव पर मैं मैदान में उतरा हूं। अब फैसला जनता की अदालत करेगी।" अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने वालों की लंबी कतार रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की थी। पुलिस और मजिस्ट्रेट की तैनाती से पूरे माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखा गया।

**नामांकन करने वाले प्रत्याशी**

**रजौलीः** विमल राजवंशी, रंजीत कुमार, प्रकाश वीर, चंदन कुमार, पिंकी भारती, नरेश चौधरी, गुड्डी कुमारी, विजय कामेश्वर पासवान, प्रतिमा कुमारी, मिथिलेश राजवंशी, राकेश कुमार, रामानंद चौधरी।

**हिसुआः** सुनील कुमार, सूर्यदेव प्रसाद, एहतेशाम कैसर, धर्मेंद्र कुमार, दिनानाथ ठाकुर, पवन कुमार, रामनंदन राजवंशी, सुनील कुमार निराला, दयानंद प्रसाद।

**नवादाः** मनोज कुमार, रवीश कुमार, अनीता कुमारी, सुभाष सिंह, कौशल यादव, जितेंद्र प्रसाद, रंजीत शर्मा, नरेश रविदास, प्रेम कुमार, अशोक कुमार, रंजीत कुमार सिंह, विभा कुमारी, वसीमा खातून, प्रदीप प्रसाद।

**गोविंदपुरः** कमलेश कुमार, मनोज कुमार, राहुल कुमार, रामस्वरूप राजवंशी, पूनम कुमारी, पूर्णिमा यादव, मोहम्मद कामरान, विनीता मेहता, सुरजीत कुमार, मुकेश राम, जय नंदन दास, मोहम्मद इफ्तिखार अहमद, कमलेश प्रसाद।

**वारसलीगंजः** राकेश कुमार, महेश रविदास, सुरेंद्र पासवान, उमेश प्रसाद।

## दो दिवसीय सीता थापा महोत्सव 25 व 26 नवंबर को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के शिवगंज में मंगलवार को सीता थापा महोत्सव आयोजन समिति की बैठक स्थानीय निवासी देवलाल प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी पारंपरिक श्रद्धा और भव्यता के साथ सीता थापा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव 25 और 26 नवंबर को मां जानकी एवं भगवान श्रीराम के विवाह पंचमी तिथि पर आयोजित होगा। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समिति के वरिष्ठ सदस्य सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि सीता थापा महोत्सव का आयोजन पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी दिव्य और सांस्कृतिक वैभव के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव के माध्यम से इस धार्मिक स्थल को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने, इसके लिए 25 लाख रुपये का सरकारी आवंटन सुनिश्चित कराने, सीता थापा स्थल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिलाने तथा इसके समुचित विकास की मांग की जाएगी।

# नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की तैयारी में रांची नगर निगम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के लोगों को अब अपने घर के नजदीक ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। रांची नगर निगम क्षेत्र में 12 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य उपकेंद्र) स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य आम जनता, विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मोहल्ला स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें मामूली बीमारियों के लिए बड़े अस्पतालों की दौड़ न लगानी पड़े। निगम के अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक केंद्र के भवन निर्माण पर लगभग 25 लाख रुपये खर्च होंगे। इन भवनों का निर्माण 15वें वित्त आयोग की राशि से कराया जाएगा। निगम ने बताया कि सभी भवनों का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि वहां मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था, महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग टॉयलेट, ओपीडी (आउटडोर पेशेंट विभाग) और डिस्पेंसरी जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में 25 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले से संचालित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक हजारों मरीजों को मुफ्त जांच, दवाइयां और प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल चुकी है। अब 12 नए केंद्रों के निर्माण के बाद नगर निगम क्षेत्र में कुल 37 आरोग्य मंदिर हो जाएंगे। इससे स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और विस्तृत हो जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिलेगा। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि रांची नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके घर के आसपास ही बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से लोगों को सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, खांसी-जुकाम, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच, टीकाकरण और मातृत्व देखभाल जैसी सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/706, दिनांक: 17.10.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.:** 1। **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3496। कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के अधीन बैंडेल, बर्द्धमान, आजिमगंज, रामपुरहाट में रेलवे इंस्टिट्यूट का जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 95,09,960। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 1,90,200। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन। **क्र.सं.:** 2 । **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3501। कार्य का नाम:** दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल में कलपुर्जों की बदली द्वारा मरम्मत सहित विभिन्न क्षमता के डीजी सेट की "बी" चेक एवं "सी" चेक रखरखाव। **निविदा मूल्य:** ₹ 48,60,588। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 97,200। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 06.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-351/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# रोशनी से नहाए शहर, पटाखों की गूंज और मां लक्ष्मी की हुई पूजा

## महंगाई के बीच जमकर हुई खरीदारी स्काई लैम्प की खूब हुई बिक्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पूरे जिले भर में दीपावली का त्योहार सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। दीपों के इस त्योहार पर युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। घरों में दीप जलाकर पर्व को मनाया गया। पूरा शहर रोशनी से नहाया हुआ था। लोगों ने अपने घरों को दुल्हन की तरफ सजाया हुआ था। शाम के समय मां लक्ष्मी व श्री गणेश का पूजन कर पर्व मनाया। देर रात तक युवाओं ने पर्व पर जमकर आतिशबाजी की। वहीं सुबह से ही दुकानों पर मिठाइयों की जमकर खरीदारी की गई। बाजारों में पर्व को लेकर भारी भीड़ रही। ज्यादा भीड़ होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस भी पर्व को लेकर सतर्क नजर आई। पर्व को लेकर मुख्य बाजार, जामा मस्जिद, धर्मशाला चौक, नावाडीह में भारी भीड़ देखने को मिली। इसके साथ-साथ लोगों में उत्साह सा दिखाई दिया। बच्चे, महिलाओं व पुरूषों ने खूब पटाखे फोड़े। लोगों ने परिवार के साथ मिलकर खूब मस्ती की और त्योहार का लुत्फ उठाया। बाजारों में पटाखों के लिए स्टाल लगाए गए थे। सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा शहर में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। शहर के सभी प्रमुख बाजारों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। दीपावली पर अनुमान के अनुसार लगभग दो करोड़ से अधिक के पटाखे जलाए गए। दुकानदार अमित कुमार, विवेक कुमार ने बताया कि फूंक वाले बम में किसी प्रकार का हादसा होने का कोई डर नहीं है, क्योंकि इन बमों को दूर फेकने पर ही यह बजते है। बच्चों ने खूब फुलझड़ियां जलाई।

**महंगाई के बीच जमकर हुई खरीदारी**

दीपावली पर्व पर महंगाई का आलम भी अपना रंग दिखा रहा था। हर सामान पूरे ऊंचे दाम लिए हुए था जिसके चलते दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर जनता ने बाजार में खरीदारी करने का कार्य अवश्य किया मगर अनेक चेहरों पर महंगाई की शिकन साफ नजर आ रही थी। अनेक लोगों का कहना था कि सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाना ही चाहिए ताकि प्रत्येक परिवार त्योहारों को खुशी से मना सके। उनका कहना है कि जहां रसोई घर के सभी सामान के भाव आसमान को छू रहे हैं वहीं रोजमर्रा की जिस भी वस्तु का हाथ लगाएं वह महंगाई की आग में ही झुलसती नजर आ रही है। महंगाई के बावजूद बाजार में खरीदारों की पूरी रौनक लगी हुई थी जिसमें सबसे अधिक भीड़ का आलम मिठाई की दुकानों पर बना हुआ था।

**स्काई लैम्प की भी खूब हुई बिक्री**

दीपावली के महापर्व अवसर पर जहां दुकानों पर दिन भर भीड़ का आलम रहा। वहीं सूर्यास्त के साथ ही आतिशबाजियों ने हर ओर पूरा शोर करके रखा। इस बार जहां कई कंपनियों के बम पटाखो बाजार में बिकने के लिए आए हुए थे। वहीं पटाखों का तेज शोर व आसमान में उड़ने वाले स्काई लैम्प ने अपना अलग ही जलवा दिखाने का कार्य किया।

# बच्चे की पॉकेट में धमाका, जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के होरिला गांव में आतिशबाजी के दौरान 10 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। आतिशबाजी से घायल बच्चे को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रही चिकित्सक डॉ. स्नेहल ने बताया कि घायल बच्चे की पहचान होरिला गांव निवासी सुबध कुमार के पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। घायल बच्चे का जांघ आतिशबाजी के कारण बुरी तरह झुलस गया है। जख्म को साफ करके आवश्यक सुई, दवाई व मलहम आदि दिया गया है।अस्पताल में मौजूद बच्चे के परिजनों ने कहा कि वो मंगलवार की सुबह अपने पैकेट में पटाखा रखकर बाहर बच्चों के साथ आतिशबाजी कर रहा था। इसी बीच एक पटाखा को जलाया, किंतु वह फूटा नहीं, फिर बच्चे ने पटाखे को बुझा हुआ समझकर अपने पैकेट में रख लिया। इसी बीच पैकेट में रखे अन्य पटाखों के साथ बुझा हुआ पटाखा जल गया और बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजनों ने बताया कि बच्चे की हालत अभी स्थिर है और उसका इलाज जारी है। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया है और लोग बच्चों को आतिशबाजी के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–111–113–2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), राँची–834003 के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–111–2025,** चाण्डिल–मुरी–सीटीआर(एस)–22.262 टीकेएम, हटिया–ओरगा–सीटीआर(एस)–2.766 टीकेएम और मुरी–बरकाकाना–सीटीआर (एस)–6.097 टीकेएम। **निविदा मूल्य:** रु. 6,97,11,576.59, **बयाना राशि:** रु.4,98,600/–, **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–112–2025,** राँची मंडल में सैंड हम्प एवं डेड एंड का मानकीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 2,15,90,228.73, **बयाना राशि:** रु.2,58,000/–, **(3) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–113–2025,** राँची मंडल के कार्यक्षेत्र में रोबोटिक रिकंडीशनिंग टेक्नोलॉजी द्वारा सीएमएस क्रॉसिंग की रिकंडीशनिंग एवं अन्य विविध कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 94,28,432.99, **बयाना राशि:** रु.1,88,600/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.11.2025 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं।

(PR-749)

# ठगी के आरोपित को पुलिस भेजा जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाने की पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर पैसा ठगने वाला जहानाबाद जिला अंतर्गत सकुराबाद थाना क्षेत्र के नोवाना गांव निवासी नागेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि हसपुरा थाना क्षेत्र के गबसपुर गांव निवासी नलीनी कुमार ने नागेश कुमार के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर पैसा ठगने का मामला वर्ष 2024 के अप्रैल माह में दर्ज कराया था। जिसमें नागेश कुमार फरार चल रहा था। हसपुरा पुलिस ने नागेश कुमार को जहानाबाद से गिरफ्तार किया।

**पूर्व रेलवे**

मुख्य कार्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 नीचे उल्लिखित कार्यों के लिए सरकारी विभागों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की उचित तालिका में शामिल तथा रेलवे के सम्माननीय, अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: एईएनशॉप-एडीएमआईएनजीएफ-25-26, दिनांक: 17.10.2025। कार्य का नाम:** लिलुआ वर्कशॉप के प्रशासनिक भवन (ग्राउंड फ्लोर) डब्ल्यूपीओ ऑफिस सेक्शन, पीई चेंबर, एपीओ चेंबर, एडब्ल्यूओ चेंबर, दो एडब्ल्यूएम चेंबर, टाइम ऑफिस, पीसीओ एवं आरएफ सेक्शन का विस्तार, रूपांतरण एवं जीर्णोद्धार के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,67,61,325.02। **बयाना राशि:** ₹ 2,83,800। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: एईएन-शॉपडब्ल्यूएसए-25-26-एलएलएच-आर-1, दिनांक: 17.10.2025। कार्य का नाम:** सीडब्ल्यूएम/लिलुआ वर्कशॉप के अधीन लिलुआ में वर्कशॉप स्पोर्ट्स ग्राउंड का क्रमोन्नयन तथा स्पोर्ट्स गैलरी एवं स्पोर्ट्स अधिकारी कक्ष आदि के साथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन बिल्डिंग (दो मंज़िला) का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,39,45,355.07। **बयाना राशि:** ₹ 2,19,700। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **पूरा करने की अवधि:** 270 दिन (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.11.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। संशोधनी (यदि कोई हो) सहित निविदाओं का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे अपने प्रस्ताव उपयुक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(MISC-241/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/705, दिनांक: 17.10.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.:** 1। **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3433। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट (4 अदद) एवं नलहाटी (1 अदद) पर पाइपलाइन सहित 50000 गैलन की क्षमता के आरसीसी ओवरहेड टैंक द्वारा स्टील ओवरहेड टैंक की बदली एवं अन्य सम्बंधित कार्य के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 41,85,433। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 83,700। **क्र.सं.:** 2। **निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3477। कार्य का नाम:** एडीईएन/आजिमगंज के खंड के अधीन सभी महिला कर्मचारियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ लेडीज ड्रेस चेंजिंग रूम के निर्माण के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 7,88,987। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 15,800। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-352/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 24 से, रांची तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची अब अंतरराष्ट्रीय खेल महाकुंभ की मेजबानी के लिए पूरी तरह सज-धज कर तैयार है। बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली 4th साउथ एशियन (SAAF) एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए तैयारियों का विमोचन मंगलवार को खेल निदेशालय में किया गया। इस अवसर पर खेल निदेशक शेखर जमुआर और झारखंड एथलेटिक्स संघ के महासचिव एवं आयोजन समिति के संयोजक मधुकांत पाठक ने मीडिया को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस की सबसे बड़ी खासियत रही आधिकारिक जर्सी का विमोचन, जो इस प्रतियोगिता की एकता, खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का प्रतीक है।

खेल निदेशक शेखर जमुआर ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भारत के साथ बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, भूटान और मालदीव की टीमें 22 अक्टूबर तक रांची पहुंच जाएंगी। खिलाड़ियों के ठहरने, अभ्यास और परिवहन की सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप की गई हैं। चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन 24 अक्टूबर की शाम 6 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। उद्घाटन और समापन समारोह में लगभग 500 कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी, जिसमें कोरियोग्राफर, नर्तक और लोक कलाकार शामिल होंगे। खिलाड़ियों, स्वयंसेवकों और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए अक्रेडिटेशन जारी किया जा रहा है। जिला स्तर पर समन्वय कर युवाओं और विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के खिलाड़ियों के लिए खेलगांव में ठहरने की सुविधा भी दी गई है। आयोजन समिति के संयोजक मधुकांत पाठक ने कहा कि सभी टीमें उत्साह के साथ रांची पहुंच रही हैं। हमारा लक्ष्य है कि यह प्रतियोगिता सफल हो और झारखंड की खेल उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़े। पूरा आयोजन दूरदर्शन पर लाइव प्रसारित होगा और यूट्यूब पर भी स्ट्रीमिंग की सुविधा रहेगी। रियल टाइम रिजल्ट और स्कोर अपडेट दर्शकों तक लगातार पहुंचाए जाएंगे, ताकि दुनिया भर के खेलप्रेमी रांची की इस भव्य प्रतियोगिता का आनंद ले सकें।

## कार्तिक अमावस्या की रात खुलता है श्मशान का भूमिगत गर्भगृह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** कार्तिक अमावस्या की रात सिद्धि की रात होती है। यहां तंत्रिका तंत्र विद्या की सिद्धि प्राप्त करते हैं। श्मशान में अघोरियों का जमावड़ा लगता है। जिले के खिरगांव स्थित श्मशान घाट तंत्र विद्या के लिए पहचान रखता है। यहां दीपावली की रात, लोग मां काली से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आते हैं जबकि दूसरी ओर तंत्र साधना करने वाले श्मशान की ओर रूख करते हैं। हजारीबाग की श्मशान काली को तंत्र विद्या की देवी कहा जाता है। दीपावली के मौके पर मां लक्ष्मी और गणेश की पूजा संपन्न हो चुकी है। दीपावली की रात श्मशान की देवी की भी पूजा की गई है। जिसे श्मशान काली कहा जाता है। हजारीबाग में भी श्मशान काली की पूजा, बड़े ही धूमधाम और नियम के साथ हर साल की जाती है। कार्तिक आमावस्या की रात सिद्धि की रात होती है। श्मशान होने के बावजूद लाखों लोग, यहां पूजा करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में विशेष इंतजाम भूतनाथ मंडली की ओर से किए जाते हैं। दरसअल, मंदिर का पिछला हिस्सा श्मशान है। यहां दीपावली के दिन दूरदराज से भी तांत्रिक सिद्धि करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आम लोग श्मशान की ओर रूख भी नहीं करते हैं।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 21-10-2025 21:47 Page 1



# करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

## गुस्साये लोगों ने विरोध में किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड के रमई पंचायत स्थित वार्ड संख्या तीन में दीपावली के दिन रमई के समीप करिया पुल के पास तालाब में विद्युत करंट के चपेट में आने से पिता पुत्र की मौत हो गई। घटना सोमवार की दोपहर बाद की है।

मृतक का नाम विद्यानंद मल्लिक (40) एवं सागर मल्लिक (13) है जो रमई वार्ड संख्या तीन का निवासी है। घटना से गांव में कोहराम मच गया। जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीण व स्वजन की भीड़ सड़क जाम कर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

मौके पर मौजूद कई लोगों ने बताया कि तालाब में विद्युत तार गिरा हुआ था। जिसके कारण पानी में करंट आ गया। हालांकि, बिजली विभाग ने इसकी कोई पुष्टि नहीं की है। सूचना पर फारबिसगंज थानाध्यक्ष सह पुनि राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल पहुंची तथा लोगों को

### तालाब में गिरा था विद्युत प्रवाहित तार

समझा बुझा कर कार्रवाई का आश्वासन के बाद जाम को हटवाया। दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया भेजा।

घटना के संबंध में पंचायत के उप मुखिया विक्रम ठाकुर, ग्रामीण मिठ्ठू चौधरी आदि ने बताया कि विद्यानंद किसी काम से आदिवासी टोला की ओर पानी से होकर जा रहे थे। पानी में विद्युत प्रवाह से तत्काल उसकी मौत हो गई। हो हल्ला पर पिता को बचाने तालाब में पहुंचे उनके पुत्र सागर भी करंट के चपेट में आ गया। जिससे उसकी भी मौत हो गई।इस घटना से दीपावली के दिन गांव की खुशियां गम में बदल गई। गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। स्थानीय लोगों ने मृतक के स्वजनों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

# आर्मी जवान और पुलिस के बीच हाथापाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** कल्याणी चौक स्थित सब्जी मंडी के समीप रविवार की देर शाम बाजार में खरीदारी करने आए आर्मी जवान और डयूटी पर तैनात पुलिस में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में हाथापाई हो गई। दोनों एक दूसरे के कॉलर को पकड़ लिया। यह देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इसी में चाकूबाजी कर दी गई। चाकूबाजी में आर्मी जवान दीपक कुमार और बीच बचाव को पहुंचे सब्जी दुकानदार राजकुमार साह घायल हो गए।

राज कुमार को पेट और पीठ में चाकू लगा। दोनों को चाकू लगते ही मौके पर और लोगों की भीड़ जुट गई। इससे इलाके में अफरातफरी मच गई। इसके बाद डयूटी में तैनात पुलिसकर्मी वहां से निकल गए। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया।

प्राथमिक उपचार के बाद एक को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। आर्मी जवान की पत्नी मनीषा कुमारी ने बताया कि पति श्रीनगर में कार्यरत हैं। वर्तमान में वह सुस्ता में घर बना रखा है। मूल रूप से वह बोकारो स्टील सिटी की रहने वाली हैं। बेगूसराय में मायके है। दोनों पर्व को लेकर सुस्ता स्थित अपने घर लौट रहे थे। ट्रेन से उतरकर पहले मार्केटिंग के लिए कल्याणी चौक पर पहुंचे। बताया गया कि सड़क पर एक व्यक्ति की स्कूटी लगी थी। डयूटी में तैनात पुलिस वाले उन्हें आकर स्कूटी हटाने को कहा। उनकी स्कूटी नहीं होने की जानकारी पुलिस को दी। इसी बात को लेकर पुलिस वाले कहासुनी करने लगे। पुलिस वाले अभद्र तरीके से बोलने लगे और उनके पति को धक्का दे दिया। जब वह अपने आप को आर्मी जवान बोले तो पुलिसकर्मी भड़क गए और लाठी चला दी। उन्होंने अपना आइकार्ड दिखाया तो छीनने लगे।

जब वह शोर मचाने लगी तो मौके पर पहुंची महिला सिपाही उन्हें भी पीटने लगी। इतने ही देर मे लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी।

# युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** अकबरपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कुम्हार बिगहा गांव में कट्टा तान कर जान मारने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। मामला शुक्रवार की शाम उस वक्त अफरातफरी मच गई जब मिठेपुर गांव निवासी एक युवक ने रिवाल्वर तानकर जान से मारने की कोशिश की।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम लक्ष्मीपुर कुम्हार बिगहा निवासी गोरेलाल चौहान शाम के समय पुल के पास मोबाइल चला रहे थे। इसी दौरान मिठेपुर गांव निवासी विकास कुमार मोटरसाइकिल से पहुंचा और बिना वजह गाली-गलौज करने लगा।

विरोध करने पर विकास वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद फिर मोटरसाइकिल से लौटा और अपने जूते में छिपा देसी कट्टा निकालकर गोरेलाल पर तान दिया। बताया जाता है कि गोरेलाल ने हिम्मत दिखाते हुए झपट्टा मारकर कट्टा छीन लिया। इस दौरान दोनों में धक्का-मुक्की हुई और कट्टे से एक गोली चल गई, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई।

# 29 अक्टूबर को घर-घर बैलेट लेकर पहुंचेंगे प्रशासन के लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में चुनाव आयोग के निर्देश पर स्थानीय जिला प्रशासन मतदान ज्यादा से ज्यादा कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में 85 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को जिन्होंने होम वोटिंग की इच्छा जताई है। उनके लिए इस बार चुनाव में विशेष व्यवस्था की गई है।वैसे मतदाताओं को घर-घर जाकर बैलेट पेपर से 29 और 31 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। इसे लेकर जिले में कुल 112 विशेष मतदान दल का गठन किया गया है।जिले के सातों विधानसभा में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की इच्छा के अनुसार मतदान कराने की विशेष व्यवस्था के क्रम में 85 प्लस बुजुर्ग 102 मतदाताओं की पहचान की गई है। दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 128 है, जिन्होंने घर पर ही मतदान करने की इच्छा जाहिर की है। इस प्रकार पचासी प्लस और दिव्यांग मिलाकर कुल मतदाताओं की संख्या 230 हो जाती है। पचासी प्लस मतदाताओं की बात करें तो सबसे ज्यादा बड़हरा में 25, तरारी में 22, आरा में 15, संदेश में 14, शाहपुर में 12 और सबसे कम अगिआंव में आठ मतदाता है।

इसी प्रकार दिव्यांग मतदाताओं की बात करें तो सबसे ज्यादा संख्या तरारी में 38, अगिआंव में 25, संदेश-बड़हरा और आरा में 13-13 तथा सबसे कम शाहपुर में 11 मतदाता है। इन सभी को सुविधा पूर्वक घर में ही मतदान बैलेट पेपर से कराने के लिए कुल 112 मतदान दल का गठन किया गया है, जिसमें पीठासीन पदाधिकारी से लेकर सभी प्रकार के पदाधिकारी और कर्मचारियों को लगाया गया है।

भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा में सबसे ज्यादा बैलट पेपर से मतदान करने वालों की संख्या साठ है। यहां पर बुजुर्ग मतदाता की संख्या 22 और दिव्यांग की 38 है। तरारी के बाद सबसे ज्यादा ऐसे मतदाताओं की संख्या बड़हरा में 38, अगिआंव में 33, आरा में 28, संदेश में 27, शाहपुर में 23 और जगदीशपुर में सबसे कम 21 है।

# महनार सीट से शीतल गुप्ता ने लिया नाम वापस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हाजीपुर। विधानसभा चुनाव के बीच महनार में हुए एक राजनीतिक घटनाक्रम ने महनार विधान में राजनीतिक हलचल बढ़ा दिया है। महनार विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन करने वाली पूर्व वार्ड पार्षद सहदेव साह की पत्नी शीतल गुप्ता ने अपना नामांकन वापस लेते हुए एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार उमेश सिंह कुशवाहा को समर्थन देने की घोषणा किया है।

उमेश सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में शीतल गुप्ता ने उन्हें समर्थन देने की घोषणा किया। उन्होंने कहा कि महनार का विकाश उनकी प्राथमिकता है। चुनाव हारने के बाद भी उमेश सिंह कुशवाहा ने महनार के विकाश के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। इसलिए वह चाहती है कि महनार के विकाश की गाड़ी सतत चलती रही। उन्होंने उन्हें अपना समर्थन दिया है। ताकि वह चुनाव जीतकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाए। इस मौके पर उमेश सिंह कुशवाहा ने समर्थन देने के लिए शीतल गुप्ता और सहदेव साह के प्रति आभार जताया। इस मौके पर कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने महनार विधान सभा के विकास क्षेत्र के विकास के लिए 2560 करोड़ की योजना दिया है। कहा कि सड़क के लिए 400 करोड़ की योजना के साथ वाया नदी पर पांच पुल, नगर परिषद में करोड़ों की विकास योजना उनजे प्रयास से शुरू हुई है। महनार उनके रोम-रोम में बसा है। मैं आज जो भी हूं वह महनार की ही देन है। कहा कि मुख्यमंत्री ने विकास यात्रा के दौरान 125 करोड़ की योजनाओं की सौगात दिया। 400 करोड़ से अधिक के योजनाओं की स्वीकृति दिया। कहा कि महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से महिलाओं को दस-दस हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। ताकि महिलाएं रोजगार कर आत्मनिर्भर बन सके। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन की राशि दोगुनी से अधिक की गई।इस दौरान मौके पर सहदेव साह, शीतल गुप्ता, मिथिलेश कुमार उर्फ भोला, शिवनाथ साह, वार्ड पार्षद किशन शर्मा, अशोक राय आदि उपस्थित रहे।

# जनसुराज के एक और उम्मीदवार का नामांकन पर्चा रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों वाल्मीकिनगर, लौरिया, बेतिया, नौतन, चपटिया, नरकटियागंज एवं सिकटा में मंगलवार को संबंधित प्रेक्षकों की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच की गई। विधानसभा क्षेत्रों में संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष में सामान्य प्रेक्षकों की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में कराई गई, जिसमें वाल्मीकिनगर के जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार दीर्घ नारायण प्रसाद सहित 17 अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद कर दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र में कुल आठ अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसमें जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी दीर्घ नारायण प्रसाद का नामांकन तकनीकी कारणों से रद कर दिया गया है।

नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र से कुल 18 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसमें से निर्दलीय नाथु रवि, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के रविंद्र राय, आम आदमी पार्टी के राजीव वर्मा एवं अपनी जनता पार्टी के आरिफ रेजा का नामांकन रद हो गया है।

लौरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल आठ लोगो ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें से दो अभ्यर्थियों अखंड भारत इंडस्ट्री प्रोफेशनल पार्टी के धनजय चौबे एवं राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के अरमान साई का नामांकन रद कर दिया गया है।

नौतन विधानसभा क्षेत्र में 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसमें से दो अभ्यर्थियों जागरुक जनता पार्टी के पुण्यदेव प्रसाद एवं निर्दलीय विकास कुमार प्रसाद का नामांकन पत्र रद किया गया है।

# दुकान में लगी भीषण आग

**आरा।** जिले के आरा शहर में सोमवार की देर रात नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवा रोड स्थित एक बंद दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आग एक एसी-फ्रिज रिपेयरिंग की दुकान में लगी थी, जो उस समय बंद थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास धुआं फैल गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग इतनी भीषण थी कि दुकान के अंदर रखे फ्रिज, कंपरेसर, मोटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह जलकर खाक हो गए। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिवाली का समय था और लोग पटाखे फोड़ रहे थे। तभी आग लगने की सूचना मिली। आग इतनी ज्यादा थी कि चारों तल्लों तक आग की लपटें पहुंच गईं। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

# स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ होमगार्ड होने लगे एकजुट

## कर रहे प्रदर्शन की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की छठ के बाद मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कारण साफ है। राज्यभर के होमगार्ड जवानों मंत्री से नाराज हैं और उनके खिलाफ प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं।

यह प्रदर्शन छठ पूजा के बाद संभावित है। इसको लेकर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी घोषणा कर दी है, हालांकि प्रदर्शन के तिथियों पर मंथन चल रहा है।

विरोध का कारण राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा के लिए होमगार्ड जवानों को तैनात करने की मांग है। आरोप है कि मंत्री के स्तर से निजी सुरक्षा गार्डों को यह काम सौंपा गया है।

एसोसिएशन के महामंत्री राजीव तिवारी ने कहा कि होमगार्ड जवानों के साथ स्वास्थ्य मंत्री नाइंसाफी कर रहे हैं। झारखंड में काफी संख्या में प्रशिक्षित होमगार्ड जवान उपलब्ध हैं।

इसके बाद भी रिम्स रांची समेत अन्य बड़े अस्पतालों में निजी एजेंसी के सुरक्षा गार्ड को तैनात करने का कोई आचित्य नहीं बनता। उन्होंने बताया कि जब 2021 में आंदोलन हुआ था, उस वक्त धरना स्थल पर डॉ. इरफान अंसारी आए थे और वार्ता के दौरान जवानों को आश्वस्त किया था कि सभी होमगार्ड को ड्यूटी मिलेगी।

जब यह स्वास्थ्य मंत्री बने तब से होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाने का काम कर रहे हैं। रिम्स में पहले भी निजी सुरक्षा कर्मी ड्यूटी करते थे। कार्य में लापरवाही के कारण ही उन्हें हटाकर होमगार्ड जवानों को ड्यूटी में लगाया गया था।

आंदोलन के बाद सरकारी प्रतिष्ठानों में होमगार्ड जवानों को मिली ड्यूटी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने कहा कि वर्ष 2021 में 35 दोनों का आंदोलन चला था। इस आंदोलन के दौरान झारखंड सरकार ने संगठन की एक मांग पूरी की थी।

इसके तहत सभी राज्य सरकार के विभागों व संस्थानों में सुरक्षा कार्य के लिए केवल होमगार्ड जवानों को लगाने का निर्णय लिया गया था।

अब स्वास्थ्य मंत्री राज्य सरकार के निर्णय को ही बदलने पर लगे हुए हैं। मंत्री के सोच में बदलाव नहीं होता है तो छठ पूजा के बाद आंदोलन की तिथि घोषित की जाएगी।

# सम्मेलन में पहुंचा बंदर, माइक छीन मचाई हलचल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घाटशिला।** आजसू के बूथ स्तरीय सम्मेलन में सूबे के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के भाषण देने के क्रम में पोडियम में अचानक एक बंदर आकर बैठ गया। जिससे हलचल मच गई।उसी समय भाजपा के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन कार्यक्रम के मंच पर पहुंचकर सोफे पर बैठने के लिए उनके पीछे से पार हो रहे थे। इस बीच बंदर पूर्व मंत्री के ठीक आगे पोड़ियम में बैठकर उन्हें देखने लगा। पोडियम में भाषण देने के लिए लगी माइक को झपटा मारकर छीन लिया। जिसे देख कुछ देर के लिए पूर्व मंत्री सन्न रह गए। बंदर पोडियम में बैठकर कुछ देर तक उन्हें गले लगाया फिर माथे पर हाथ रखा। हालांकि इस बीच बंदर ने हल्का झपटा भी मारा। जिसे देख मंच के नीचे से लोगों ने पूर्व मंत्री को बंदर से दूर हटने को कहा। काफी देर तक बंदर पोडियम व माइक पर कब्जा जमाए बैठे रहा।

फिर कूदकर मंच पर लगे सोफे के आगे लगे टी टेबल पर बैठ गया। सोफे पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन समेत कई नेता बैठे थे। बंदर आजसू के एक नेता को गले लगाया। उसके कंघे से होकर सोफे पर चढ़ गया। मंच पर इधर उधर होने लगा। जिसे देख सुदेश महतो मंच के सोफे से उठकर पीछे भागे। इस बीच बंदर मंच पर नीचे बैठ गया। कुछ लोग उसे फल देने लगे। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन सेब लेकर बंदर के पास फल देने आए तो बंदर ने उन्हें दो बार झपटा मारा। बंदर बाबूलाल के कंधे पर चढ़ने की कोशिश में झपटा मारा। सुदेश महतो ने ये देख बाबूलाल सोरेन को पीछे आने को कहा, फिर बाबूलाल सोरेन पीछे आ गए। बंदर मंच पर इधर उधर होता रहा।

कैमरें की पूरी नजर बंदर पर फोकस हो गई। बंदर नीचे उतरकर कुर्सी में बैठे कई लोगों के उपर जाकर बैठ गया। उन्हें गले लगाता रहा। ऐसा देख कई लोग डरे सहमे भी नजर आए। आखिरकार काफी देर के बाद बंदर एक दरवाजे से टाउन हाल के बाहर कूद गया। जिसके तुरंत बाद टाउन हाल के तमाम गेट को बंद कर दिया गया ताकि बंदर दोबारा प्रवेश न कर पाए।

उसके बाद रामचंद्र सहिस ने दोबारा भाषण शुरू किया। अपने भाषण में बंदर के आने को शुभ संकेत बताया। जब आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने भाषण देना शुरू किया तो अचानक ये बंदर दोबारा मंच पर आ धमका। जिसे देख सुदेश भी चौंक गए और अपना भाषण रोका। बंदर कुछ देर बाद मंच से नीचे उतरा। इधर उधर लोगों के उपर जाकर बैठता रहा। कई लोग सेल्फी लेते रहे। जिसके उपर बंदर बैठे रहा वे लोग उसे दुलार करते रहे ताकि वह गुस्से में न आ जाए। टाउन हाल में वह इधर उधर होते रहा और सुदेश महतो अपना भाषण देते रहे। कार्यक्रम के समाप्ति के बाद जब लोग बाहर निकलने लगे तो बंदर भी टाउन हाल से बाहर निकलकर गेट पर जाकर बैठ गया।

# शेखपुरा में आरजेडी को लगा झटका

**शेखपुरा।** चुनावी समर के बीच जिले में सियासी पारा हाई है। राजनीतिक उलट-पलट में सोमवार को राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार यादव अपने समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हो गए।

सदर प्रखंड के बिहटा गांव निवासी विजय कुमार यादव के राजद छोड़ने से जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों शेखपुरा तथा बरबीघा में महागठबंधन के चुनावी गणित पर असर पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

विजय कुमार यादव को पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव का निकट सहयोगी माना जाता है। विजय कुमार के साथ बच्चु यादव तथा उनके दो दर्जन से अधिक प्रमुख लोग सोमवार को पटना में मंत्री अशोक चौधरी के समक्ष जदयू में शामिल हुए।विजय कुमार यादव ने बताया हमने काफी चिंतन करने के बाद यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा, आज का राजद लालू जी का राजद नहीं है। तेजस्वी यादव जिस तरह से पार्टी को चला रहे हैं, उसमें काम करने वालों की कोई पूछ इस पार्टी में नहीं है।

# सीतामढ़ी जिला के चुनावी रण में 106 प्रत्याशी ठोंकेंगे ताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** जिले में द्वितीय चरण के नामांकन का कार्य पूरा हो गया है। आठों विधान सभा में विभिन्न दलों व निर्दलीय सहित 106 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। इसके तहत 23- रीगा विधान सभा से 15, 24 -बथनाहा(सु) से 11, 25- परिहार से 18, 26 -सुरसंडसे 12, 27- बाजपट्टी से 14, 28- सीतामढ़ी से 16, 29- रुन्नीसैदपुर से 10 तथा 30 -बेलसंड से 10 प्रत्याशी शामिल हैं।

रीगा विधान सभा से एनडीए घटक दल भाजपा ने वर्तमान विधायक व मंत्री मोतीलाल प्रसाद का टिकट काट कर पूर्व एमएलसी बैद्यनाथ प्रसाद को उतारा है। वहीं, क्ठउक्क्अ के घटक दल कांग्रेस ने पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना को ही फिर से मैदान में उतारा है। जन सुराज से कृष्ण मोहन सिंह हैं।

बथनाहा(सु) से भाजपा ने वर्तमान विधायक अनिल कुमार को एक बार फिर से चुनाव मैदान में उतारा है जबकि आइएनडीआइ के घटक दल कांग्रेस ने अपने पूर्व के प्रत्याशी संजय राम की जगह इंजीनियर नवीन कुमार वर्तमान में जिला पार्षद हैं, को नए चेहरे के रूप में चुनाव मैदान में उतारा है। यहां जन सुराज से नवल किशोर चौधरी हैं।

परिहार से एनडीए घटक दल भाजपा ने तीसरी बार वर्तमान विधायक गायत्री देवी को प्रत्याशी बनाया है, जबकि राजद ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.रामचंद्र पूर्वे की बहू डॉ. स्मिता पूर्वे को नए चेहरे के रूप में प्रत्याशी बनाया है।

इस क्षेत्र से राजद की ही महिला प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं, जिसके कारण यह क्षेत्र काफी चर्चित हो गया है। जन सुराज से यहां अवधेश प्रसाद चुनाव मैदान में हैं।

सुरसंड से एनडीए घटक दल जदयू ने नए चेहरे के रूप में प्रो.नागेंद्र राउत को तथा राजद ने पूर्व विधायक सैयद अबू दोजाना को प्रत्याशी बनाया है। यहां से जन सुराज ने पूर्व सांसद सीताराम यादव की बहू व पूर्व जिप अध्यक्ष उषा किरण को प्रत्याशी बनाया है।

बाजपट्टी से राजद ने वर्तमान विधायक मुकेश कुमार यादव को फिर से मौका दिया है। वही, एनडीए घटक दल जदयू की यह सीट इस बार रालोमो के खाते में गई है, जिस कारण पूर्व मंत्री डॉ.रंजू गीता को निराशा हाथ लगी है। रालोमो ने नए चेहरे पूर्व विधान पार्षद रामेश्वर महतो को प्रत्याशी बनाया है। यहां से जन सुराज से शिवहर के पूर्व सांसद अनवारूल हक के पुत्र आजम खान को प्रत्याशी बनाया है।

सीतामढ़ी से भाजपा ने वर्तमान डॉ. मिथिलेश कुमार को बेटिकट कर जदयू के पूर्व सांसद सुनील कुमार पिंटू को जो हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं, उन्हें प्रत्याशी बनाया है। राजद ने पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा पर एक बार फिर से भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। जनसुराज ने यहां से पूर्व जिलाध्यक्ष हाजी ज्याउद्दीन खां को प्रत्याशी बनाया है।

रुन्नीसैदपुर से वर्तमान विधायक जदयू के पंकज कुमार मिश्रा को पार्टी ने फिर से प्रत्याशी बनाया है, जबकि राजद ने नया चेहरा चंदन कुमार को प्रत्याशी बनाया है। जन सुराज ने यहां से विजय कुमार साह को प्रत्याशी बनाया है।

बेलसंड से राजद ने एक बार फिर वर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता को मौका दिया है, जबकि एनडीए घटक दल जदयू की यह सीट इस बार लोजपा रामविलास के खाते में जाने के कारण पूर्व विधायक सुनीता सिंह चौहान को निराशा हाथ लगी है।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस क्लीनिक का हुआ उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का नया अध्याय आज से शुरू हुआ है। अररिया जिला मुख्यालय स्थित गैयारी मार्केट, नियर नाज ग्लैक्सी हॉस्पिटल रोड, अररिया में ह्लहोप एंड न्यू लाइफ क्लीनिक ह्व का भव्य उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सरफराज आलम के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों, चिकित्सकों और सामाजिक कार्यकताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इससे पहले जामा मस्जिद के इमाम मौलाना आफताब आलम ने दरूद फातिहा पढ़ कर दुआ की गई। आए हुए अतिथियों ने दुआ में शरीक हुए और क्लीनिक के बेहतरी के लिए दुआएं की।

कार्यक्रम के दौरान हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. तारिक मजहर ने बताया कि ह्लहोप एंड न्यू लाइफ क्लीनिकह्व का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को एक ही छत के नीचे संपूर्ण और आधुनिक चिकित्सा सेवा वो सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरणों के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की सेवा के लिए समर्पित रहेगी।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सरफराज आलम ने कहा कि ह्लडॉ. तारिक मजहर,जैसे समर्पित डॉक्टर इस क्षेत्र की असली पूँजी हैं। उन्होंने चिकित्सा को सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया है। अल्लाह उनके कारोबार में बरकत अता फरमाए आमीन। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी काम अगर मानव की सेवा को लेकर होता है तो उसमें अल्लाह कामयाबी अता करते हैं। इस क्लिनिक के लिए मेरा दुआ इनके साथ होगा । होप एंड न्यू लाइफ क्लीनिकह्व जैसे अस्पताल की यहाँ लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है।

# जेएलकेएम की मौजूदगी से बदला समीकरण

## घाटशिला उपचुनाव
## मतदान 11 नवम्बर को
## मतदगणना14 नवम्बर को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम जिले की घाटशिला विधानसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव त्रिकोणीय हो गया है। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ-साथ जयराम कुमार महतो के नेतृत्व वाली झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने भी अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं, जिससे मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

यह उपचुनाव झामुमो विधायक और राज्य के शिक्षा मंत्री रहे रामदास सोरेन के निधन के कारण हो रहा है। मतदान 11 नवंबर को होगा और वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

इस उपचुनाव में दो प्रमुख राजनीतिक परिवारों की अगली पीढ़ी आमने-सामने है। झामुमो ने दिवंगत विधायक रामदास सोरेन के बेटे सोमेश सोरेन को मैदान में उतारा है, तो वहीं भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन पर एक बार फिर दांव लगाया है। सोमेश जहां अपने पिता की राजनीतिक विरासत को बचाने की कोशिश करेंगे, वहीं बाबूलाल 2024 के विधानसभा चुनाव में मिली हार का बदला लेना चाहेंगे। उस चुनाव में रामदास सोरेन ने बाबूलाल सोरेन को लगभग 22,000 मतों से हराया था।

जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने रामदास मुर्मू को अपना उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को और भी रोचक बना दिया है। जेएलकेएम ने 2024 के विधानसभा चुनावों में कई सीटों पर राष्ट्रीय गठबंधनों का खेल बिगाड़ा था।

खासकर बोकारो, रामगढ़, गोमिया, धनबाद और गिरिडीह क्षेत्र में। रामदास मुर्मू 2024 के चुनाव में भी इस सीट से तीसरे स्थान पर रहे थे। पार्टी का दावा है कि इस बार भी वह पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी।

जेएलकेएम उम्मीदवार रामदास मुर्मू ने स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा उठाया है। उनका कहना है कि घाटशिला को एक स्थानीय व्यक्ति की जरूरत है, जो यहां के लोगों की समस्याओं को समझ सके और उनका समाधान कर सके।

मुर्मू घाटशिला अनुमंडल के ही रहने वाले हैं, जबकि भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन सरायकेला-खरसावां जिले से और झामुमो के सोमेश सोरेन जमशेदपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। भौतिकी में स्नातकोत्तर और बीएड की डिग्री रखने वाले मुर्मू घाटशिला में एक कोचिंग सेंटर चलाते हैं।

उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अक्टूबर है।

झामुमो उम्मीदवार सोमेश सोरेन और भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के दौरान दोनों दलों ने शक्ति प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद सोमेश सोरेन के नामांकन के समय मौजूद थे, वहीं बाबूलाल सोरेन के साथ पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। दोनों ही पार्टियां चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रही हैं।

झामुमो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है।

यह उपचुनाव न केवल घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके नतीजे राज्य की राजनीति पर भी असर डाल सकते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस पर अपना भरोसा जताती है।

# दीपोत्सव 2025 का हुआ भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव 2025 का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उल्लासपूर्ण माहौल में किया गया। रंग-बिरंगी रोशनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उत्साहित दर्शकों की मौजूदगी ने पूरे कैंपस को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक विधि से स्कॉटिश समूह के संस्थापक डॉ. अविनाश, डायरेक्टर स्कॉटिश स्कूल अनुप कुमार, डायरेक्टर स्कॉटिश कटिहार गीत अविनाश, असिस्टेंट मैनेजर कुमार आर्यन, मधु कुमार, रानी कुमार एवं डॉ. स्नेहल द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्हें स्कूल के असिस्टेंट मैनेजर कुमार आर्यन ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने मनमोहक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया, जबकि वरिष्ठ छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में अपनी कला से सबका मन जीत लिया। इसके बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एकता को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया।दर्शकों ने पूरे कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और बच्चों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की। विद्यालय परिसर में उमड़ी भीड़ ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर अनुप कुमार ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बधाई दी और कहा, ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव का उत्कृष्ट माध्यम हैं।इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने सभी अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा दीपोत्सव 2025 को विद्यालय परिवार की एक बड़ी सफलता बताया।

CMYK

# बनमनखी में पुलिस के छापेमारी अभियान में तीन गिरफ्तार, अवैध हथियार और शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पूर्णियां/बनमनखी।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक पूर्णियां के निर्देश पर एसडीपीओ शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में जानकीनगर पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान का मकसद मादक पदार्थ तस्करों, असामाजिक तत्वों और वारंटियों पर नकेल कसना है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के लिए कानून की नजर से बचना अब मुश्किल ही नहीं, बल्कि असंभव है।

बीते रविवार को पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। खूंट मोड़ के पास 5 लीटर देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। चांदपुर भंगहा में महिला पूनम कुमारी के घर तलाशी लेने पर 100 एमएल प्रबंधित कोडीन सिरप की 50 बोतलें बरामद हुई और महिला को हिरासत में लिया गया। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि इटहरी मोड़ के समीप एक युवक के पास अवैध हथियार है और वह राहगीरों के साथ लूटपाट करने की फिराक में है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। युवक की पहचान नंदन कुमार पासवान, निवासी हिंगवा, थाना भरगामा, जिला अररिया के रूप में हुई। जानकीनगर थानाध्यक्ष परीक्षित पासवान ने बताया कि गिरफ्तार तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस अभियान में पुअनि परीक्षित पासवान, पुअनि विवेक कुमार, पुअनि पवन कुमार, पुअनि अनुष्का कुमारी, पुअनि अर्चना कुमारी, पुअनि मंटू सिंह, सिपाही संतोष, सूरज, उमेश, महिला सिपाही सलिता कुमारी, बबीता कुमारी तथा नियुक्त मजिस्ट्रेट राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज शामिल थे।मीडिया को जानकारी देते हुए पुलिस टीम की तस्वीर भी साझा की गई।

# राजद नेता ने छोड़ा पार्टी का दामन

**■ धन की राजनीति और कथनी-करनी में अंतर का लगाया गंभीर आरोप**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार नगर।** बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रीय जनता दल को सीमांचल में झटका लगा है। राजद के वरिष्ठ और सक्रिय नेता सह पूर्व विधायक अब्दुल जलील के पुत्र सैयद आलम उर्फ पिंकू ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने शहर के एक निजी होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर पार्टी छोड़ने की घोषणा की और राजद नेतृत्व पर कई गंभीर आरोप लगाए। ?सैयद आलम ने राजद पर अब 'धन की राजनीति' करने का सीधा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी अब सिद्धांतों से भटक गई है और टिकट वितरण में निष्ठावान कार्यकर्ताओं की जगह पैसे वालों को तरजीह दे रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राजद पार्टी अब धन की राजनीति कर रही है। साथ ही ?पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए, आलम ने कहा कि पार्टी के कथनी व करनी में बहुत अंतर है।राजद जमीनी कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुन रही है और जो नेता धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उनके आचरण में यह दिखाई नहीं देता। प्रेस वार्ता के दौरान सैयद आलम उर्फ पिंकू भावुक भी हो गए और उन्होंने अपनी वर्षों की राजनीतिक निष्ठा को दरकिनार किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनके जैसे कार्यकर्ताओं की कुर्बानियों को भुला दिया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जब तक वह जीवित रहेंगे, राजद में वापस नहीं जाएंगे। इस मौके पर उनके साथ दर्जनो की संख्या मे अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बनमनखी सीट पर अब पांच प्रत्याशी मैदान में, दो के नामांकन रद्द

**■ निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रमोद कुमार ने दी जानकारी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनमनखी/पूर्णिया।** बनमनखी विधानसभा (संख्या-59, अनुसूचित जाति) क्षेत्र से नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी जंग में पांच प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। मंगलवार, 21 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान दो प्रत्याशियों के कागजात में त्रुटि पाए जाने पर उनका नामांकन रद्द कर दिया गया।

निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि फॉरवर्ड ब्लॉक की उम्मीदवार रूबी देवी और निर्दलीय प्रत्याशी शंकर ब्रह्मचारी उर्फ शंकर पासवान के नामांकन पत्रों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाई गई, जिसके कारण दोनों का नामांकन अमान्य घोषित किया गया।अब मैदान में कुल पांच उम्मीदवार रह गए हैं— कृष्ण कुमार ऋषि (भारतीय जनता पार्टी), सुबोध पासवान (बहुजन समाज पार्टी), आशा देवी (सुहेल भारतीय पार्टी),देवनारायण रजक (कांग्रेस), मनोज ऋषि (जन सुराज पार्टी)। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशियों के नाम वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्तूबर निर्धारित की गई है। इसके बाद चुनावी मैदान की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और प्रचार का माहौल और भी तेज हो जाएगा।

# कटिहार रेल मंडल में पूजा पर्व को लेकर विशेष तैयारियां

**डीआरएम ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** आगामी छठ महापर्व को लेकर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कटिहार रेल मंडल में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंगलवार को डीआरएम किरेंद्र नाराह ने अपने टीम के साथ कटिहार स्टेशन का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम किरेंद्र नाराह ने स्टेशन परिसर में बनाए गए होल्डिंग एरिया,अतिरिक्त टिकट काउंटर और साफ-सफाई व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध समय से पूरे किए जाएं। डीआरएम ने बताया कि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल से यात्रियों की सुविधा के लिए 16 जोड़ी पूजा विशेष ट्रेनें मुंबई, अमृतसर, लुधियाना, प्रतापनगर और सोनपुर सहित विभिन्न स्टेशनों के लिए चलाई जा रही हैं। साथ ही मंडल से होकर गुजरने वाली 14 जोड़ी अन्य विशेष ट्रेनों की भी व्यवस्था की गई है। जबकि कटिहार से मधेपुरा एवं मनिहारी के लिए प्रतिदिन नियमित रूप से रेल सेवा जारी है। वही भीड़ नियंत्रण के लिए न्यू जलपाईगुड़ी, कटिहार, बारसोई, कुमेदपुर, पूर्णिया, अरीरिया कोर्ट, फारबिसगंज और जोगबनी सहित आठ प्रमुख स्टेशनों पर विशेष निगरानी एवं प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा हेतु 247 वार रूम, पर्यवेक्षकों की तैनाती तथा पर्याप्त टिकट काउंटर खोले गए हैं। ताकि स्वच्छता, सुरक्षा और यात्रा सुगमता सुनिश्चित की जा सके। वही इसके अलावा होल्डिंग एरिया और रेल प्रशासन द्वारा शुरू किए गए अतिरिक्त काउंटर सहित रेलवे सकुर्लेटिंग एरिया में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पानी, शेड, शौचालय, साफ सफाई की आदि की दिशा में डीआरएम द्वारा संबंधित रेल अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया गया।डीआरएम किरेंद्र नाराह ने यात्रियों से अपील की कि वे अग्रिम टिकट बुक करें, रेलवे के दिशा-निदेर्शों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा का आनंद लें।निरीक्षण के दौरान एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, डीसीएम संगीता मीणा, आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस सहित कई वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित रहे।

# बलरामपुर व कदवा विधानसभा क्षेत्रों में 20-20 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बारसोई /कटिहार।** नामांकन के अंतिम दिन बलरामपुर एवं कदवा विधानसभा में 20-20 प्रत्याशी ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था सीसीटीवी कमरे के नजर में नामांकन पर्चा लिया गया तथा डोन कमरे से निगरानी रखी जा रही थी। चप्पा चप्पा पर पुलिस की तैनाती थी। हर गेट में दंडाधिकारी की तैनाती किए गए थे।

इस संबंध में बलरामपुर विधानसभा की निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी आकांक्षा आनंद ने बताया कि कुल 20 प्रत्याशी ने अपना नमांकन दाखिल किया है। जिसमें सुजीत पासवान, बरुण कुमार झा, आजाद खां, मो० नसरूल हक, मो० मजरूल हक, रौशन अग्रवाल सभी निर्दलीय, महबूब आलम कम्युनिष्ट पार्टी आफ इंडिया, मार्क्सिस्ट लेनिनिष्ट लिब्रेशन, संगीता देवी लोक जन शक्ति पार्टी,राम विलास, मो० जिन्नाह, निर्दलीय, असहाब आलम जन सुराज, तनवीर शमसी निर्दलीय, हाजी शफीकुल हक प्रधान निर्दलीय, मो० शाहिद शेख द प्लुरल्स पार्टी, मो० मोअज्जम हुसैन निर्दलीय, मो० आफताब आलम रूकनवी भूमि पुत्र यूनाईटेड पार्टी, रेजा अख्तर निर्दलीय, मो० कमालुद्दीन निर्दलीय, सुनील कु० मुर्मू भारत जागो जनता पार्टी, साकिर आलम बहुजन मुक्ति पार्टी, मोहम्मद आदिल हसन एआईएमआईएम शामिल है ।वही कदवा विधानसभा के निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएसएलआर प्रियंका कुमारी ने बताया कि कदवा विधानसभा में कुल 20 प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। जिसमें हिमराज सिंह निर्दलीय, सजन कुमार निर्दलीय, दुलाल चंद्र गैस्वामी जदयू, शकील अहमद खां कांग्रेस, विद्यानंद मंडल बहुजन समाज पार्टी, मो० रेजाउन एक निर्दलीय, मो० शहरयार जन सुराज, सादिक हुसैन निर्दलीय, सुरेश यादव आरएसपी, आशा सुमन निर्दलीय, अनमोल कुमार वीपीआई, मनीष कुमार मंडल द- प्लुरल्स पार्टी, मो० समीउद्दीन उर्फ शमीम एमडीपी प्रमोद दास ,निर्दलीय, राजीव रंजन निर्दलीय, सुरेश राय आरएसपी, सुनील कुमार मंडल पीपीआईडी, अमरकांत सिंह लोक जनशक्ति पार्टी, सारिक साकिर रजा एआईएमआईएम, प्रमोद कुमार मंडल निर्दलीय आदि शमिल है।

# टेंपो ट्रैक्टर की टक्कर में एक महिला की मौत, तीन घायल दो की स्थिति नाजुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारसोई /कटिहार।** सोमवार की रात को टेंपो एवं ट्रैक्टर में टक्कर से एक महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि तीन घायल हो गए ।जिसमें दो की स्थिति नाजुक है। जिसे डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रेफर कर दिया। ।जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल से टेंपो में सवार होकर सभी लोग अपना घर दोगज आ रहे थे।

इसी बीच टेंपो चालक अपनी रफ्तार तेज करते हुए सवारी को लेकर आ रहा था। थोड़ी दूर में पुलिस सड़क पर गश्ती कर रही थी। पुलिस के देखकर टेंपो चालक अपनी रफ्तार तेज कर दी। यह देखकर सुधानी पुलिस टेंपो का पीछा करने लगा बलरामपुर एवं सुधानी सीमा के निकट टेंपो ट्रैक्टर से जाकर टकराया। जहा एक महिला सीता देवी (40) घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तथा आधे दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गया। टेंपो चालक टेंपो छड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। सुधानी पुलिस ने घायल को अपने साथ लेकर अनुमंडल अस्पताल लाया। घटना की सूचना मिलते ही सुधानी मुखिया प्रतिनिधि इंजीनियर तनवीर समसी अनुमंडल अस्पताल पहुंच कर घायलों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा हर संभव मदद का घायलों को भरोसा दिलाया। इस संबंध में मृतक की पुत्री ममता कुमारी ने बताया कि टेंपो चालक शराब के नशे में धूत रहने के कारण यह घटना घटी है। मेरी मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। यह कहकर बिलख बिलख कर रोने लगी। सुधानी पुलिस अस्पताल मे पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि एक महिला सीता देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी है। तीन घायलों का प्राथमिक उपचार कर दी गई है। दो की स्थिति अत्यधिक नाजुक तथा गंभीर भी है। मुन्नी देवी एवं माला देवी की स्थिति चिंताजनक है। तथा पूजा देवी की स्थिति सामान्य है। तीनों को मेडिकल कॉलेज कटिहार रेफर कर दिया गया है।

# जिले की सातों विधानसभा सीटों पर कुल 202 नामांकन पर्चे दाखिल

**■ ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे उम्मीदवार, कई दिग्गजों ने भरे तीन-तीन, चार-चार सेट में पर्चे**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार नगर।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि दिवाली के दिन थी। ऐसे मे जिले की सातों विधानसभा सीटों पर जबरदस्त गहमागहमी देखने को मिली। आखिरी दिन कई बड़े चेहरों ने अपना नामांकन दाखिल किया। जिससे चुनावी माहौल और गरमा गया। जिले की सातों विधानसभा सीटों- कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी, बरारी और कोढ़ा- के लिए कुल 202 नामांकन पर्चे दाखिल किए गये हैं।

नामांकन के अंतिम दिन कई उम्मीदवारों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने की मंशा से तीन-तीन और चार-चार सेटों में नामांकन पर्चे दाखिल किए। इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में राजनीतिक दिग्गजों और नए दावेदारों की भागीदारी दिखी।?नामांकन स्थल पर दिन भर समर्थकों की भारी भीड़ रही। उम्मीदवार ढोल-नगाड़े और अपने समर्थकों के झुंड के साथ पहुंचे, जिसने एक उत्सव जैसा माहौल बना दिया। यह दृश्य इस बात का संकेत दे रहा था कि जिले में चुनावी मुकाबला बेहद कड़ा और रोमांचक होने वाला है। बतादे कि आखिरी दिन नामांकन करने वाले मे सदर सीट से महागठबंधन समर्थित उम्मीदवार सौरभ अग्रवाल, निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. रामप्रकाश महतो ,मनीष जैन ,मनिहारी एसटी सीट से कांग्रेस के मनोहर प्रसाद सिंह, जदयू से शंभू सूमन, निर्दलीय प्रत्याशी बंदना सिंह , कोढा सीट से निर्दलीय बिनोद मिर्धा ,वकील दास , प्राणपुर सीट से राजद से इशरत प्रवीण, एआईएमआईएम समर्थित उम्मीदवार आफताब आलम , निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल सलाम सहित कई अन्य लोगो ने अपना नामांकन दाखिल किया। वही बरारी से कांग्रेस के उम्मीदवार तौकीर आलम ने बरारी तथा प्राणपुर दोनो ही सीटो पर अपना नामांकन दाखिल किया है। जबकि ?प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। अब सभी की निगाहें नामांकन पत्रों की संवीक्षा और नाम वापसी की अंतिम तिथि पर टिकी हैं, जिसके बाद ही मैदान में बचे अंतिम प्रत्याशियों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी।

**कसबा विधानसभा क्षेत्र में नई हलचल**

# नितेश कुमार सिंह ने दाखिल किया नामांकन

**■ एनडीए में उत्साह, क्षेत्र में बढ़ी राजनीतिक चर्चा**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कसबा/पूर्णिया।** कसबा विधानसभा क्षेत्र की सियासत में नई रफ्तार तब महसूस की गई जब दो दिन पहले एनडीए के समर्थन से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी नितेश कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस कदम ने स्थानीय राजनीतिक माहौल में हलचल पैदा कर दी है।

नामांकन स्थल पर समर्थकों की संख्या और जोश इस बात का संकेत दे रहे थे कि कसबा की जनता अब पारंपरिक चेहरे से हटकर नए विकल्प पर नजर रख रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नितेश का मैदान में प्रवेश इस बार के चुनावी समीकरणों में बदलाव ला सकता है। व्यवसाय जगत में अपनी पहचान बनाने वाले नितेश कुमार सिंह, पूर्णिया के प्रतिष्ठित मैफेयर फाइव स्टार होटल के स्वामी हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में उनकी अनुभवपूर्ण उपलब्धियाँ हैं। उनका प्रशासनिक अनुभव और व्यवहारिक दृष्टिकोण उन्हें राजनीति में एक नए प्रकार के उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत करता है। एक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर उन्होंने अपने परिश्रम और लगन से व्यवसाय में सफलता अर्जित की और अब वही संघर्ष उन्हें सार्वजनिक जीवन में नई पहचान दिला रहा है। इस नामांकन के बाद एनडीए कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर देखी जा रही है, जबकि विरोधी दलों के रणनीतिक समीकरण भी अब इस प्रवेश को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं। कसबा की राजनीति में यह कदम सिर्फ एक नामांकन नहीं, बल्कि क्षेत्र की सोच में बदलाव की संभावना को दशार्ता है।

# मां बमकाली मेले में उमड़ी आस्था की बयार कोयली सिमड़ा बना श्रद्धा का तीर्थधाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रूपौली/पूर्णिया।** रूपौली प्रखंड क्षेत्र के कोयली सिमड़ा पश्चिम पंचायत अंतर्गत सपाहा गाँव का श्री श्री 108 महारानी बमकाली मंदिर इस वर्ष भक्ति, भव्यता और भावनाओं के अद्भुत संगम का साक्षी बना। वार्षिक मेले के दौरान मां बमकाली के जयघोष से समूचा इलाका आस्था की गूंज में डूब गया। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अपार थी कि मंदिर परिसर जनसैलाब में बदल गया।

मां के दरबार में हजारों की संख्या में भक्तों ने मन्नतें मांगी और पारंपरिक रूप से छागरों की बली चढ़ाई। स्थानीय विश्वास है कि मां बमकाली के इस पावन स्थल पर मांगी गई हर मुराद शीघ्र पूरी होती है, इसी आस्था ने इस मेले को असाधारण बना दिया। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और नेपाल तक से उमड़े श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को अंतरराज्यीय रूप दे दिया। भक्तों की भीड़ देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो आस्था स्वयं चल पड़ी हो और हर कदम पर भक्ति का प्रवाह बह रहा हो। सुरक्षा और व्यवस्था के मोर्चे पर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम और एसडीपीओ संदीप गोल्डी स्वयं मेले के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण करते रहे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी शिवानी सुरभि, रूपौली पुलिस निरीक्षक हरिशंकर मिश्रा, टीकापट्टी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष प्रियतम कुमार पुलिस बल के साथ लगातार मुस्तैद रहे।मेला संचालन में स्थानीय समिति ने अनुकरणीय भूमिका निभाई। मेला अध्यक्ष ध्रुव कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी संगम, सचिव देव प्रसाद देव, नाट्यकला परिषद निर्देशक परीक्षण मंडल, मुकेश जायसवाल, प्रभात यादव, दीनदयाल दिवाकर, निरंजन मंडल, सुनील कुमार चौधरी और पुजारी दुखरी चौधरी सहित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से मेला सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। भक्ति और अनुशासन से सजे इस आयोजन ने इस वर्ष मां बमकाली मंदिर को फिर एक बार आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया। श्रद्धा और समर्पण का यह पर्व अब केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि पूर्णिया की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन चुका है।

# महापर्व छठ को लेकर व्रतियों को गंगाजल उपलब्ध कराएगा नगर निगम

**■ निगम ने टोल फ्री नंबर किया जारी**

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए छठव्रतियों को 27 अक्टूबर 25 को गंगाजल वितरण करने के लिए नगर निगम कटिहार की ओर से एक टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। जो 18003451234 है। इसकी जानकारी देते हुए नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि छठव्रतियों को गंगाजल के लिए परेशानी ना हो इसके लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल रिसीव करने तथा संबंधित को सूचना उपलब्ध कराने हेतु वार्ड सचिव आशीष कुमार राय मो०- 9113139260 एवं अनुराग कुमार शर्मा मो०- 9709561243 की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## संपादकीय

# भारत ने ट्रंप को बिल्कुल सही समय पर दिया जवाब

करीब 9 महीने के अपने कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई ऐसे दावे कर चुके हैं, जिनकी पुष्टि कभी हो नहीं पाई। अब उन्होंने दावा किया कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा और इसका भरोसा उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया है। ट्रंप के इस दावे पर तुरंत स्पष्टीकरण की जरूरत थी और विदेश मंत्रालय ने ऐसा करके बिल्कुल सही किया।विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की तेल आयात नीति पूरी तरह से भारतीय उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। भारत की ऊर्जा नीति के दो मुख्य लक्ष्य हैं - स्थिर दाम और सुरक्षित सप्लाई।इस समय जब नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है, तब ट्रंप का बयान भारत को आजमाने की कोशिश ज्यादा दिखता है। वह भारत पर लगातार दबाव डाल रहे हैं कि रूस के साथ तेल खरीदारी रोक दी जाए। हालांकि सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि रूस के साथ व्यापारिक रिश्ता भारत की जरूरतों और हितों के अनुसार है।भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। वह अपनी जरूरत का करीब 85त्न क्रूड ऑयल बाहर से खरीदता है। इसमें से 35-40त्न हिस्सा आता है रूस से। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक यह आंकड़ा केवल 1-2 प्रतिशत था। ट्रंप को यही बात चुभ रही है। हालांकि अमेरिका की बाइडन सरकार ने ही भारत को रूस से तेल खरीदने को कहा था, ताकि इसकी कीमतें स्थिर रहें।भारत और रूस के बीच तेल की खरीद-फरोख्त केवल भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के बाजार के लिए अहम है। क्रूड ऑयल के ग्लोबल प्रॉडक्शन में रूस की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत है। इस समय उसके सबसे बड़े खरीदार दो देश हैं - भारत और चीन। ये दोनों ही देश क्रूड ऑयल को रिफाइन करके फिर बाकी दुनिया में उसकी सप्लाई करते हैं। 5त्न हिस्सेदारी के साथ भारत ऑयल रिफाइनिंग में चौथे स्थान पर है।ट्रंप की बात मानते हुए अगर भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करता है, तो पूरी ऑयल सप्लाई चेन गड़बड़ा सकती है। अरब देशों के लिए रूसी तेल की कमी की भरपाई करना मुश्किल होगा।

**18 जून को जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तानी सेना- प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को दावत पर व्हाइट हाउस में निमंत्रित किया, तो भारत में कई लोगों की भौंहें तन गईं। क्या इसमें भारत के लिए कोई संदेश था? मुनीर को ऑपरेशन सिंदूर के बमुश्किल एक महीने बाद आमंत्रित किया गया था, जिसमें भारत ने आतंकी गुटों के कई ठिकानों पर हमले किए थे और पाकिस्तान की सुरक्षा प्रणालियों को तबाह कर दिया था।**

# दोस्ती बढ़ाने आए नए अमेरिकी राजदूत

**(सुरेंद्र कुमार, पूर्व राजदूत)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रोज-रोज जो दावे करते रहते हैं, उन पर हमें प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। अपनी नापसंदगी जाहिर करने का उनका अपना अंदाज है। बीते तीन महीनों में ही उन्होंने न जाने कितने सारे बयान दे दिए हैं। एक तरफ उन्होंने भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' कह दिया, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना प्रिय मित्र भी बताया। उनके ऐसे रुख से हम कोई दीर्घकालिक निष्कर्ष नहीं निकाल सकते।

मिस्र के शर्म अल-शेख में उन्होंने भारत का जिक्र तो किया, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री का नाम नहीं लिया। वह इस बात से शायद नाखुश थे कि प्रधानमंत्री मोदी वहां मौजूद नहीं हैं। हालांकि, उनके नए राजदूत सर्जियो गोर इन दिनों छह दिवसीय यात्रा पर भारत में हैं और हमारे कई राष्ट्रीय नेताओं से उनकी मुलाकात तय है। उधर, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में हमारी टीम व्यापार-वार्ता फिर से शुरू करने के लिए अमेरिका पहुंच रही है।

18 जून को जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तानी सेना- प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को दावत पर व्हाइट हाउस में निमंत्रित किया, तो भारत में कई लोगों की भौंहें तन गईं। क्या इसमें भारत के लिए कोई संदेश था? मुनीर को ऑपरेशन सिंदूर के बमुश्किल एक महीने बाद आमंत्रित किया गया था, जिसमें भारत ने आतंकी गुटों के कई ठिकानों पर हमले किए थे और पाकिस्तान की सुरक्षा प्रणालियों को तबाह कर दिया था। ज्यादातर रणनीतिक विश्लेषकों का यही मानना है कि भारत के लिहाज से यह कुछ ऐसा था, जो अतीत में होना असंभव था।

बहरहाल, लंबे समय से चल रही व्यापार-वार्ता, जो अगले महीने खत्म हो सकती है और अपने बयानों में राष्ट्रपति ट्रंप के पल में माशा पल में तोला बने रहने के बीच 38 साल के सर्जियो गोर पिछले सप्ताह दिल्ली पहुंचे। उन्हें हाल ही में भारत में अगला अमेरिकी राजदूत नियुक्त किया गया है। सर्जियो गोर अमेरिका के सबसे युवा राजदूत हैं और उनके पास राजनयिक जिम्मेदारी का कोई पूर्व-अनुभव नहीं है। हां, वह राष्ट्रपति ट्रंप के भरोसेमंद जरूर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित अमेरिकी राष्ट्रपति व भारतीय प्रधानमंत्री की एक सुंदर तस्वीर भेंट की, जिसमें लिखा था- 'श्रीमान प्रधानमंत्री, आप महान हैं।' जाहिर है, ट्रंप के हालिया हाव-भाव को समझते हुए नई दिल्ली ने सर्जियो गोर के लिए उच्च-स्तरीय बैठकों की व्यवस्था की। उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, विदेश सचिव व वाणिज्य सचिव से मुलाकात की।

गोर ने इन बैठकों का जिक्र 'एक्स' पर सगर्व किया, 'प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक अद्भुत बैठक हुई, जिन्हें राष्ट्रपति ट्रंप अपना मित्र और एक महान नेता मानते हैं। उनके साथ रक्षा, व्यापार, तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों के महत्व सहित तमाम द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। आने वाले महीनों में भारत के साथ हमारे संबंध और मजबूत होंगे।' सीनेट द्वारा अपनी नियुक्ति के अनुमोदन के समय भी सर्जियो गोर ने कहा था, अमेरिका के लिए दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक भारत है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी विश्वास जताया है कि नई दिल्ली में 'उनका (सर्जियो गोर) कार्यकाल भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाएगा'।

गोर से मुलाकात के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर का ट्वीट था, 'भारत-अमेरिका संबंधों और इसके वैश्विक महत्व पर चर्चा की गई।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात के बाद गोर के एक्स पर उद्गार थे, 'अमेरिका और भारत एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध हैं।' विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने दावा किया कि भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी और साझा प्राथमिकताओं पर एक उपयोगी विचार-विमर्श हुआ, तो गोर ने वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के साथ निवेश बढ़ाने सहित अमेरिका-भारत आर्थिक संबंधों पर चर्चा होने की बात कही।

जाहिर है, पीटर नवारो और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक की हाल-फिलहाल की बेतुकी टिप्पणियां अब बीते दिनों की बात हो गई है। गोर की बैठकों व चर्चा के मुद्दों से स्पष्ट है कि अमेरिका भारत को बदलते व्यापार और टैरिफ के चश्मे से नहीं देख रहा, बल्कि वह समग्र वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के संदर्भ में देख रहा है, जिसमें संबंधों के सभी पहलुओं (द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक) का ध्यान रखा गया है। यह सही नजरिया है। बीते 25 वर्षों में अमेरिका और भारत की सरकारों द्वारा बनाई गई मजबूत साझेदारी को व्यापार, सीमा शुल्क, एच 1बी वीजा और आव्रजन से जुड़े मुद्दों पर मतभेदों का बंधक नहीं बनाया जा सकता।

अमेरिका के प्रोफेसर गैलब्रेथ एक महान राजदूत साबित हुए थे, क्योंकि उन पर राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी का भरोसा था। उन्होंने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी सम्मान, भरोसा और विश्वास जीता। सर्जियो गोर के साथ भी राष्ट्रपति ट्रंप हैं। उनके दोस्त उन्हें निष्ठावान और सक्रिय मानते हैं। पूर्व टीवी एंकर कार्ली लेक जहां गोर को 'ट्रंप के सबसे वफादार सैनिकों में से एक' मानती हैं, तो वहीं पूर्व जज व टीवी होस्ट जीनिन पिरो के अनुसार, उन्होंने ट्रंप प्रशासन में बहुत से लोगों से सम्मान, विश्वास और दोस्ती कमाई है। गोर ट्रंप के बड़े बेटे के मित्र भी हैं।

इस तरह कह सकते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने एक भरोसेमंद प्रतिनिधि को चुना है, जो भारत-अमेरिका संबंधों को सुधार सकता है। और यह काम चेतावनी देकर नहीं, बल्कि सकारात्मक पुल बनकर ही वह कर सकते हैं। इससे न सिर्फ उन क्षेत्रों पर ध्यान लगाया जा सकता है, जहां संबंधों को और गहरा किए जाने की जरूरत है, बल्कि उन क्षेत्रों के बारे में भारत की संवेदनशीलता भी समझी जा सकती है, जिनमें नई दिल्ली की आपत्तियां हैं।



प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर राष्ट्रपति ट्रंप का फोन करने और हमारे प्रधानमंत्री द्वारा गाजा शांति योजना की मध्यस्थता के लिए उन्हें बधाई देने से माहौल खुशनुमा बना है। सम्मान से ही सम्मान जन्म लेता है। यदि सर्जियो गोर भारत की मूल चिंताओं और संवेदनशीलताओं का सम्मान करते हैं, और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी नजदीकी की वजह से द्विपक्षीय मतभेदों को दूर करने का प्रयास करते हैं, तो वह ट्रंप के प्रोफेसर गैलब्रेथ साबित हो सकते हैं, जो दोनों देशों के लिए शुभ ही होगा।(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बिहार की नई राजनीतिक करवट से विकास और सुरक्षा की मिलेगी गारंटी

**(कमलेश पांडे )**

बिहार के लोगों को यह भी पता है कि उनके पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन अल्पसंख्यकों की राजनीति कर रहे हैं, उससे बंगलादेश का षड्यंत्र सफल हो या न हो, लेकिन पूर्वी भारत निकट भविष्य में रक्तरंजित भी हो सकता है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025, कई मायने में राष्ट्रीय और सूबाई राजनीति को प्रभावित करेगा, क्योंकि 2026 में पश्चिम बंगाल और 2027 में उत्तरप्रदेश में भी विधान सभा चुनाव होने हैं। यही नहीं, पूर्वी भारत की सुरक्षा को भी यह चुनाव सुनिश्चित करेगा। इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की रीति-नीति, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन का अंतर्कलह और मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की नवस्थापित पार्टी जनसुराज द्वारा उठाए हुए मुद्दे गहरा असर डालेंगे। वहीं, एआईएमआईएम और अन्य छुटभैये दलों की कोशिशें मतदाताओं के मनोमिजाज पर क्या रंग जमाएंगी और अपने साइलेंट मतदान ट्रेंड से वो क्या गुल खिलाएंगे, इसका पता तो 14 नवंबर को ही पता लग पायेगा, क्योंकि राजनीतिक रूप से यह प्रदेश बहुत ही जागरूक प्रदेश है। महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे आम बिहारियों के दिल मे अब सामाजिक न्याय से भी ज्यादा हिंदुत्व की लहरें उफान मार रही हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि इस्लामिक देशों और चीन-अमेरिका के सहयोग से बनने वाले 'ग्रेटर बंगलादेश' से शांतिप्रिय बिहार भविष्य में गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मूकश्मीर की तरह ही युद्ध भूमि भी बन सकता है।

बिहार के लोगों को यह भी पता है कि उनके पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन अल्पसंख्यकों की राजनीति कर रहे हैं, उससे बंगलादेश का षड्यंत्र सफल हो या न हो, लेकिन पूर्वी भारत निकट भविष्य में रक्तरंजित भी हो सकता है। इसलिए विकसित, समृद्ध और ज्ञान की संस्कृति की रक्षा के लिए बिहार वासी कुछ ठोस व कड़ा निर्णय भी ले सकते हैं। उन्हें पता है कि इंडिया गठबंधन के राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, वीआईपी, वामपंथी दलों की विचारधारा भी पाकिस्तान-बंगलादेश की सरकारों से काफी मिलती जुलती है। इसलिए यदि इन्हें नहीं रोका गया तो संभव है कि भविष्य में ये लोग बिहार को भी उसमें शामिल करवा दें।

ऐसा इसलिए कि टीवी स्क्रीन और सोशल मीडिया पर इंडिया गठबंधन के नेताओं के जो हिन्दू विरोधी बयान और कार्यप्रणाली सामने आती रहती है, इससे बिहार के मतदाता अपने राज्य के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। बीते वर्षों में उन्होंने महसूस किया है कि राज्य में जंगलराज (2000-2005) का पर्याय बन चुका राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का कुनबा और उनके सरदार तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री जनता दल यूनाइटेड के नेता व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग से ब्रेक के बाद सत्ता में आ जाते हैं, इसलिए इसबार ऐसा रणनीतिक मतदान किया जाए कि ऐसी किसी सियासी बात की संभावना भी नहीं बचे।

बिहार से जुड़े सूत्र बताते हैं कि सूबे में भाजपा के अलावा जनसुराज का प्रदर्शन अच्छा हो सकता है, क्योंकि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की कारगुजारियों से प्रबुद्ध बिहारी बहुत ही नाराज चल रहे हैं और ग्राम स्तर पर वह नए बिहार का निर्माण करने के लिए एक मुहिम चला रहे हैं। यह गैर धार्मिक और गैर जातीय मुहिम है, जिसका मकसद बिहार के विकास और किसी भी अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र से बिहार की सुरक्षा की बात उनके एजेंडे में है। यही वजह है कि राष्ट्रवादी भाजपा और उसके सहयोगियों के अलावा जनसुराज के प्रत्याशियों की ओर वे करवट ले रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि आपसी दांवपेंच से परेशान एनडीए के नेताओं और बिखरे या कई सीटों पर आपस में ही नूराकुश्ती करने वाले इंडिया गठबंधन के नेताओं के अलावा जो नया विकल्प मौजूद है, उसे ही इस बात मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी मिलने लायक जनसमर्थन दे दिया जाए, इससे राष्ट्रवादी सरकार के बनने और जनहित के मुद्दे पर उसे सक्रिय करने की गारंटी मिल जाएगी।

# आखिर कौन बनेगा बिहार का अगला मुख्यमंत्री, गठबंधन सस्पेंस बरकरार !

**(कमलेश पांडे )**




बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए टिकट के बंटवारे के बाद भले ही चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो गया है, लेकिन भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), कांग्रेस नीत इंडिया महागठबंधन और जनसुराज पार्टी ने अपने-अपने मुख्यमंत्री के नाम पर सस्पेंस अभी तलक बरकरार रखा है। इससे मतदाताओं का संशय बढ़ता जा रहा है। इससे नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव को दिन में ही तारे नज़र आ रहे हैं, क्योंकि गठबंधन सहयोगियों ने इनके पर कतर डाले हैं!

यही वजह है कि एनडीए के घटक दल हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि मुख्यमंत्री का नाम अब स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए। जबकि भाजपा, कांग्रेस और जनसुराज की सुविचारित रणनीति है कि मुख्यमंत्री के नाम का फैसला विधायक दल करेगा। सवाल है कि जीतन राम मांझी ने ऐसा क्यों कहा? क्या नीतीश कुमार के इशारे पर उन्होंने ऐसा कहा, या फिर कोई और बात है।

बताया जाता है कि बिहार में जनता दल यूनाइटेड के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विगत दो दशकों से इस पद पर एन-केन-प्रकारेण काबिज हैं। बीच में उन्होंने कुछ समय के लिए दलित नेता जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनवाया था, लेकिन उनके रंग बदलने के बाद फिर से कमान अपने हाथ में ले लिए। वर्ष 2020 के चुनाव में कम सीटें मिलने के बाद भी भाजपा नेताओं ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाये रखा, जिससे उनके सियासी महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि नीतीश कुमार को बिहार की समाजवादी सियासत का चाणक्य तब से कहा जाता है, जबकि भाजपा के राजनीतिक चाणक्य समझे जाने वाले अमित शाह सिर्फ गुजरात की सियासत तक सीमित थे। ऐसे में नीतीश कुमार और उनके समर्थकों की इच्छा है कि भावी मुख्यमंत्री के लिए नीतीश कुमार के नाम की घोषणा की जाए। जबकि भाजपा सिर्फ इतना कहती है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही राजग चुनाव लड़ रहा है।

समझा जा रहा है कि भाजपा, जदयू, लोजपा आर, हम और रालोमो के बीच टिकट बंटवारे को लेकर जो खींचातानी चली, उससे एनडीए की प्रतिष्ठा और साख दोनों प्रभावित हुई है। इसलिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह फूंक-फूंक कर कोई भी कदम उठा रहे हैं। उन्हें डर है कि उम्रदराज नेता नीतीश कुमार के नाम की घोषणा होते ही युवा वर्ग एनडीए से छिटक सकता है। दूसरा डर यह है कि नीतीश कुमार के नाम की घोषणा होते ही एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर हावी हो सकता है। तीसरा डर यह है कि नीतीश कुमार के विरोधी भीतरघात कर सकते हैं। हालांकि, नीतीश कुमार को एक मौका और दिए जाने की वकालत एनडीए में जारी है।

ठीक इसी प्रकार कांग्रेस भी इंडिया महागठबंधन के भावी मुख्यमंत्री उम्मीदवार के रूप में राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नाम का ऐलान करने से बचना चाहती है। क्योंकि उसे डर है कि ऐसा करते ही सवर्ण और दलित मतदाता कांग्रेस से छिटक जाएंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के पहले या बाद में इस वर्ग का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ा है। वहीं, अल्पसंख्यकों ने भी क्षेत्रीय दलों का साथ छोड़कर कांग्रेस को प्राथमिकता दी है।

कांग्रेस पार्टी का गुप्त तौर पर यह भी मानना है कि राजद सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के जंगलराज (2000-2005) को बिहार के लोग नहीं भूले हैं। ये दोनों तेजस्वी यादव के माता-पिता हैं, जिनपर कई तरह के भ्रष्टाचार के मुकदमे चल रहे हैं। आईआरसीटीसी से जुड़े एक घोटाले में पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव का भी नाम शामिल है। खुद तेजस्वी यादव पर भी उपमुख्यमंत्री पद के दुरूपयोग के आरोप लगे हैं।

यही वजह है कि राहुल गांधी उनके नाम के ऐलान से परहेज कर रहे हैं, क्योंकि कांग्रेसी रणनीतिकारों ने भी उन्हें यही सुझाव दिया है। इसी के चलते सीट बंटवारे में भी तेजस्वी यादव, कांग्रेस को उसका वाजिब हिस्सा नहीं दे रहे हैं। जब एक कमजोर कांग्रेस 2020 में 70 सीटों पर चुनाव लड़ी थी तो 2024 के बाद मजबूत हुए कांग्रेस को 100 सीटें नहीं देना गठबंधन न्याय नहीं कहा जा सकता है।

रही बात चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर की नवस्थापित पार्टी जनसुराज की तो वह शुरू से ही बिना मुख्यमंत्री पद के नाम की घोषणा किए ही सभी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं और एनडीए और इंडिया महागठबंधन को नाको चने चबाने पर मजबूर कर रहे हैं। कहीं उनके उम्मीदवार एनडीए की हार की वजह बनेंगे तो कहीं इंडिया गठबंधन की हार की वजह बनेंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एनडीए और इंडिया गठबंधन की लड़ाई के बीच जनसुराज के उम्मीदवार बाजी भी मार सकते हैं। समझा जाता है कि बिहार के मतदाता टीम लालू प्रसाद और टीम नीतीश कुमार को पिछले 35 सालों से आजमा रहे हैं। इसलिए नए दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरे प्रशांत किशोर के उम्मीदवारों को वह ग्रेस भी दे सकते हैं, क्योंकि राजनीतिक सिरफुटौव्वल के बिहारी मतदाता शुरू से विरोधी रहे हैं। कांग्रेस, जनता पार्टी, जनता दल, भाजपा, राजद, जदयू, लोजपा को सियासी सबक देने का कारण एक यह भी माना जाता है।

भाजपा-कांग्रेस के राष्ट्रीय सूत्रों का कहना है कि चूंकि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव आपस में भी सांठगांठ करके सत्ता में आ जाते हैं, इसलिए इनकी रणनीति से सावधान रहने में ही राष्ट्रीय दलों की भलाई है। बिहार में क्षेत्रीय दलों की मंशा रहती है कि राष्ट्रीय दल महज उसके पिछलग्गू बने रहें। लेकिन इस बार स्थिति अलग है। राष्ट्रीय दलों के चक्रब्यूह में दोनों नेता बुरी तरह से घिर गए हैं और बार बार पुराने सम्बन्धों की दुहाई देकर अस्तित्व रक्षा की कवायद कर रहे हैं, जो काफी मुश्किल बात है। वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

New page 7_page 12 29.05.2025.qxd 21-10-2025 22:05 Page 1



# कोर्ट कैंपस से भागा हत्या का आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** कोर्ट परिसर में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक हत्या आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, धनवार थाना क्षेत्र के गरडीह गांव निवासी 25 वर्षीय बच्चू सिंह को पुलिस रवींद्र सिंह की हत्या के मामले में पेशी के लिए कोर्ट लाई थी। जैसे ही पुलिस आरोपी को कोर्ट ले जा रही थी, बच्चू सिंह अचानक हाथकड़ी लगे होने के बावजूद पुलिस की निगरानी से निकलकर टॉवर चौक की ओर भाग गया। कुछ ही मिनटों में कोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, अंबेडकर चौक के पास पंच मंदिर के समीप मौजूद स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को दोबारा गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद जहां आम लोगों की सूझबूझ और बहादुरी की सराहना हो रही है, वहीं पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस विभाग ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों की तत्परता से गिरिडीह में एक बड़ी घटना टल गई, लेकिन इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है।

# जेएमएम बिहार विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ेगी : सुदिव्य कुमार

## राजद पर गठबंधन धर्म न निभाने का लगाया आरोप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एक बड़ी राजनीतिक हलचल सामने आई है। झारखंड सरकार के मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने प्रेस वार्ता कर घोषणा की है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अब बिहार के विधानसभा चुनाव में भाग नहीं लेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी न तो किसी भी सीट पर उम्मीदवार उतारेगी और न ही किसी दल के पक्ष में प्रचार-प्रसार करेगी। मंत्री ने कहा कि यह निर्णय झामुमो ने गठबंधन धर्म का पालन न करने के आरोप में राजद और कांग्रेस के खिलाफ नाराजगी जताते हुए लिया है।

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और राजद ने झामुमो को केवल उलझा कर रखा और समय रहते किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि झामुमो लगातार महागठबंधन के सहयोगी दलों से तालमेल बनाने की कोशिश करता रहा, लेकिन दोनों दलों की ओर से उदासीन रवैया अपनाया गया। मंत्री ने कहा, ‟हमने झारखंड में गठबंधन धर्म निभाया, कई सीटें छोड़ीं, कांग्रेस और राजद के उम्मीदवारों को मौका दिया, यहां तक कि उनके विधायक को मंत्री तक बनाया। लेकिन बिहार में उन्हीं दलों ने हमारे साथ राजनीतिक छल किया।

उन्होंने राजद पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में जहां झामुमो ने बड़े भाई की भूमिका निभाई, वहीं बिहार में उसी राजद ने झामुमो को सिर्फ आश्वासन दिया और सीट बंटवारे के नाम पर गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस, जो इंडिया गठबंधन में एक महत्वपूर्ण घटक है, उसने भी झामुमो के मामले में कोई स्पष्ट रूख नहीं अपनाया। सुदिव्य कुमार ने कहा, कांग्रेस की चुप्पी और राजद की राजनीतिक धूर्तता ने गठबंधन की भावना को आघात पहुंचाया है। जब झामुमो के सम्मान की बात आई, तो दोनों दलों ने चुप्पी साध ली मंत्री ने यह भी संकेत दिया कि इस फैसले का असर केवल बिहार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका प्रभाव झारखंड की राजनीति पर भी पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि गठबंधन में विश्वास और समान सम्मान की आवश्यकता होती है, लेकिन बिहार चुनाव में जो हुआ, उससे झामुमो के कार्यकताओं में गहरी निराशा है। सुदिव्य कुमार ने कहा, ‟हमने हमेशा गठबंधन की मयार्दा का पालन किया, लेकिन जब हमारे साथ अन्याय हुआ, तो चुप रहना संभव नहीं था। यह निर्णय पार्टी की एकजुटता और आत्मसम्मान के लिए लिया गया है इस पूरे घटनाक्रम के बाद बिहार की राजनीतिक फिजा में नई हलचल मच गई है। विश्लेषकों का कहना है कि झामुमो के मैदान से बाहर होने का असर इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर पड़ सकता है। वहीं, झारखंड में भी इस निर्णय के राजनीतिक मायने गहरे हैं जहाँ झामुमो और कांग्रेस की साझेदारी राज्य सरकार का अहम स्तंभ है। झामुमो के इस कदम ने आने वाले महीनों में दोनों राज्यों की राजनीति में नए समीकरण बनने के संकेत दे दिए हैं।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगोदर।** बगोदर थाना क्षेत्र के जीटी रोड बीस माइल पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान जख्मी गाजो मंडल की मौत हो गई। इसके पूर्व सूचना मिलने पर बगोदर थाना के सब इंस्पेक्टर अभिजित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए बगोदर ट्रामा सेंटर भेजा, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

वह गाजो बगोदर थाना क्षेत्र के अलगडीहा गांव निवासी था। उम्र 45 वर्ष थी। घटना से दीपावली का त्योहार मातम में बदल गया। अपनों की चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। स्वजन के मुताबिक मंडल बाइक से अटका की ओर से अपने घर लौट रहा था कि इसी दौरान उक्त स्थल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

बगोदर पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। मृतक के स्वजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मामले को लेकर बगोदर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि मामला दुर्घटना का है, जांच पड़ताल की जा रही है।दामाद घर दीपावली मनाने जा रही अधेड़ महिला की सड़क हादसे में घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना जुटहाआम -सरिया मुख्यमार्ग पर सोमवार दोपहर भरकट्टा ओपी क्षेत्र बाराडीह के समीप की है। मृतक यशोदा देवी सरिया थाना के नावाडीह की निवासी थी। इसके पूर्व असंतुलित आटो सड़क के किनारे रखे ईंट के ढेर से जा टकराया। यशोदा देवी फल लदा इसी ऑटो में बैठी थी।चालक फल लदा ऑटो छोड़कर फरार हो गया। मृतक नावाडीह के चंद्रमौली पासवान की पत्नी थी। अधेड़ महिला की उम्र 57 वर्ष बताई गई।घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना पर भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन सिंह, मुखिया सहदेव यादव ,सत्येंद्र राउत, पंसस टेकनारायण पंडित पहुंचे। काफी देर तक शव की पहचान नही हो सकी।

# जनता दरबार में समस्याओं का हो रहा त्वरित निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों और समस्याओं को सुनना, उनका त्वरित निवारण करना और प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाना है। इसी क्रम में आज जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की शिकायतों को सुना और उसके त्वरित निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब सैकड़ों से ज्यादा लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन, शिक्षा एवं अन्य समस्याओं



से संबंधित आवेदन दिए। प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर अंचलाधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रत्येक मामले में फोन पर संबंधित अधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनता दरबार के प्रति आमजनों का बढ़ रहा है भरोसा, हर मंगलवार और शुक्रवार को सौ से ज्यादा लोग जनता दरबार में पहुंच रहे हैं, अपनी शिकायत से उपायुक्त को अवगत करा रहे हैं।

# जलापूर्ति बाधित रहने से रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पचंबा ,बिसनपुर, मोहनपुर क्षेत्र वार्ड एक नंबर से पांच नंबर तक नगरनिगम ने पेयजल की समस्याओं को खत्म करने के पाइप लाइन बिछाया है। लोगों का आरोप है कि बिछाये गये पाइप में अब तक पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकी है। नगर निगम इसपर संज्ञान ले। इसी प्रकार सभी वार्ड का हाल है,चार पानी का प्लांट है प्लांट कर्मी तक को समय पर मानदेय नहीं दिया जाता है, हरेक वार्ड में सुबह शाम पानी नहीं मिलता है जबकि रिपोर्ट बनाया जाता है कि सुबह शाम पानी दिया जाता है। आकांक्षा वाले बहुत बेहतर काम कर सकते है किंतु सुविधा के नाम पर आकांक्षा नगर निगम से पैसा ले रहा है किंतु कर्मी को सुविधा दे नहीं रहा है। छठ को ध्यान में रखते हुए साफ सफाई,पेयजल समस्या,घाट की सफाई सिर्फ खाना पूर्ति नहीं होगा नगरनिगम के द्वारा लगभग 40 लाख का टेंडर दिया गया है। एक-एक घाट को बेहतर बनाया जा सके यदि नहीं होता है बेहतर कार्य तो जांच कर के हल्ला करेगा माले।

# विधायक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ सामुदायिक स्वस्थ केंद्र की बदतर हालत देख जमुआ के विधायक भड़के और कहा कि इतने बड़े सरकारी अस्पताल में गिनती के मरीज मिले, जबकि निजी क्लिनिकों में भीड़ लगी रहती है। यह साफ दिखाता है कि जनता का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था से उठ चुका है ना पर्याप्त दवाइयां ना पर्याप्त डॉक्टर ना साफ-सफाई, ना व्यवस्था। राज्य सरकार मंचों पर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट है। मैंने बार-बार यह मुद्दा विधानसभा से लेकर अधिकारियों तक उठाया, फिर भी सरकार का रवैया पूरी तरह उदासीन है। अब और चुप नहीं बैठा जाएगा जमुआ की जनता को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## नर्सिंग होम में हुए विवाद पर आईएमए ने कहा

# हंगामा और इलाज दोनों एक साथ नहीं हो सकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ के दुबे नर्सिंग होम में रविवार की दोपहर में नम्बर लगाने को लेकर अस्पताल स्टाफ और मरीज के परिजनों के बिच कहा सुनी होने के बाद हाँथापाई होने लगी। जिसके बाद इलाज करने आये परिजन और स्टाफ के बीच लाठी, डंटे, ईट,पत्थरचले। घटना में दोनों तरफ से दर्जन भर लोग घायल हुए। घटना की गंभीरता को समझते हुए एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद एवं जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार दुबे नर्सिंग होम पहुंचे और कार्रवाई करने का भरोसा दिया। गिरफ्तारी हेतु छापामारी भी की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुछ युवक मरीज बनकर अस्पताल पहुंचे और नंबर लगाने को लेकर विवाद करने लगे। इसके बाद उन्होंने फोन कर कई साथियों को बुलाया, जिन्होंने रॉड, लाठी, पत्थर के बल पर दुबे नर्सिंग होम के कर्मियों पर हमला कर दिया वही इस मामले में दोनों पक्ष ने आरोप प्रत्यारोप लगाया हैं। वही आईएमए गिरिडीह के सदस्य जमुआ पहुंचकर डॉक्टर दुबे से घटनाक्रम के बारे में ली। आईएमए के सदस्यों में डॉक्टर रियाज अहमद, डॉ रितेश कुमार सिन्हा, डॉ आजाद, डॉ एसके डोकानिया, डॉ अनिल मिश्रा, डॉ दीपक



कुमार उपस्थित रहे। सदस्यों ने चिंता जाहिर करते हुए आईएमए गिरिडीह के अध्यक्ष डॉ रियाज अहमद का कहना है, प्रशासन डॉक्टर की सुरक्षा सुनिश्चित करें, एवं दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

डॉ रितेश कुमार सिन्हा आईएमएस सचिव गिरिडीह ने कहा, हंगामा या इलाज दोनों एक साथ नहीं हो सकता। डॉ मो आजाद क्राइसिस मैनेजमेंट, आईएमए गिरिडीह का कहना है इलाज के लिए बच्चों को प्राथमिकता दी गई थी स्वाभाविक भी है, क्योंकि बच्चे का इलाज होना पहले जरूरी था इसलिए हंगामा करने वाले गलत है। उन्होंने कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व भी इसी अस्पताल पर हमला हुआ था वही डॉ राजेश दुबे ने थाना में दिया आवेदन, जांच की मांग थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि जल्द से जल्द दोषियों पर कार्रवाई करें उनका यह भी कहना है कि हमारा मकसद सिर्फ सेवा करना है मरीज का इलाज करना है ! इस प्रकार की घटना किसी भी स्वास्थ्य केंद्र नर्सिंग होम में बहुत ही निंदनीय है ऐसे इस घटना को लेकर अलग-अलग लोगों के बयान आ रहे हैं सभी ने सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है।

इस मामले की छानबीन में दुबे नर्सिंग होम पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मांग गई है. हालांकि इस मामले में जमुआ थाना पुलिस त्वरित कार्रवाई में जुट गई है। दोनों पक्षों ने आवेदन देकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि इस मामले में निष्पक्षता से त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

## पत्रकार ने जताया आभार

**गिरिडीह।** पत्रकार राजदीप आर्यन की मां कई वर्षों से दोनों किडनी के नाली में पथरी हो जाने के कारण हमेशा बीमार चल रही थी। बताते चलें कि इस समस्या में विश्वनाथ नर्सिंग होम के सीनियर डॉक्टर नीरज डोकानिया ने पत्रकार राजदीप आर्यन की माता को इलाज में भरपूर सहयोग किए। पत्रकार ने बताया कि मां पथरी को लेकर कई सालो से बीमार चल रही थी। उसी बीच विश्वनाथ नर्सिंग होम के डॉ नीरज डोकानिया के देख रेख मे इलाज चल रहा था।डॉ नीरज डोकनीय ने मेरी माँ का पथरी का ऑपरेशन से लेकर आईसीयू में रहने तक हर तरह से सहयोग किए। पत्रकार राजदीप आर्यन की माता भी इस विश्वनाथ नर्सिंग होम के डॉक्टर नीरज डोकानियां सहित सभी सह कर्मी को दिल आभार व्यक्त किए।

# मंत्री ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** दीपावली संपन्न होने के साथ ही लोग अब छठ महापर्व की तैयारी में जूट गए है। इसी क्रम में सुबे के मंत्री सह सदर विधायक सुदिव्य कुमार स्थानीय पदाधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने झरियागादी छठ घाट, दीन दयाल उपाध्याय छठ घाट, शिव शक्ति छठघाट, अरगाघाट, मेट्रोस गली, शीतलपुर, सिरसिया सिहोडीह समेत शहर के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर घाट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम श्रीकांत यशंवत विस्पुते, बीडीओ गणेष रजक, सीओ जितेन्द्र प्रसाद, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीएसपी नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारियों के अलावे झामुमो के जिलाध्यक्ष संजय सिंह, कृष्ण मुरारी शर्मा, टुन्ना सिंह, साठु ठाकुर, रॉकी सिंह सहित झामुमो के कई नेता भी मौजूद थे।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी छठ घाटों को दुरुस्त करने के साथ साथ व्यापक रूप से लाइट बत्ती, साफ सफाई इत्यादि का इंतजाम करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि छठ महापर्व को लेकर पिछले बार से बेहतर व्यवस्था की जायेगी। नगर निगम की ओर से पहल किया जा रहा है। वहीं छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका भी ख्याल रखने



को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

## धूमधाम से मनी दीपावली

**गिरिडीह।** गिरिडीह शहर में भी दीपावली को लेकर लोगों में खासा उत्साह और उमंग रहा। जहां लोगों ने पूरे उत्साह के साथ दीपावली पर्व को मनाया वही काली पूजा को भी लेकर शहर के विभिन्न इलाकों में लोगों ने मंदिर पूजा पंडालों में जाकर मां के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। एक ओर जहां दीपावली को लेकर लोगों ने अपने घरों को बेहतर ढंग से सजाया तथा रंग बिरंगी लाइटों से रोशन किया।लोगों ने माता लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। काली पूजा को लेकर शहर के कालीबाड़ी बरगंडा , शमशान घाट, बाभन टोली तथा मकतपुर स्थित बांग्ला स्कूल में जहां रविंद्र ग्रंथगार समिति की तरफ से इस वर्ष की आकर्षक पूजा पंडाल लगाया गया था।

# पुलिस केंद्र में शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पुलिस संस्मरण दिवस अवसर पर पुलिस केंद्र गिरिडीह अवस्थित शहीद स्मारक पर शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गिरिडीह एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया गया एवं पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा गिरिडीह जिले के शहीद पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों के परिजनों को सम्मानित कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

# लगान पर रोक को ले किसान जनता पार्टी ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गैर मजरुआ खास जमीन पर दखलकार रहे रैयतों के जमीन पर लगान रसीद काटने पर रोक लगाने के विरोध में किसान जनता पार्टी ने मंगलवार को झंडा मैदान गिरीडीह मे धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के शासन काल में गिरीडीह जिला मे लगभग 70,000 वैसे प्लॉट के जमीन को प्रतिबंधित सूची में डालकर लगान रसीद काटने पर रोक लगा दिया गया। जिस जमीन का लगान रसीद कई दशकों से रैयत कटाते आ रहे थे` सरकार के उस निर्णय से किसानों मे काफी आक्रोश था जनता के उस आक्रोश का लाभ उठाते हुए 2019 के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पूरे राज्य मे जगह- जगह बड़ा -बड़ा होर्डिंग लगाकर रैयतों से वादा किया था कि झामुमो की सरकार बनने पर गैर मजरुआ जमीन का रसीद कटना शुरू हो जाएगा पर सत्ता मिलते ही



हेमंत सरकार बदल गई और भूमाफिया तथा पूँजीपतियों के इशारे पर नाचने लगी। हालांकि जनता के पास कोई विकल्प नहीं होने और महिलाओं को 2500 रुपैया महिना का लालच देकर हेमंत सोरेन फिर से सत्ता पर काबिज हो गए। झारखंड सरकार ने झारखंड उच्च न्यायालय मे हलफनामा देकर कहा है कि झारखंड के कुछ जिलों मे सर्वे का काम पुरा हो गया है तथा शेष जिलों में 6 महीना के अंदर सर्वे का काम पुरा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे मे अगर सर्वे से पहले रैयतों के जमीन को प्रतिबंधित सूची से नहीं हटाया गया और लगान रसीद नहीं काटा गया तो रैयतों का जमीन सरकार छीन लेगी और बड़ी बड़ी कंपनी को दे देगी ,अभी से ही तिसरी में एक कंपनी ने जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया है इसलिए पीड़ित रैयतों को जाति धर्म से ऊपर उठकर व सरकार के प्रलोभन मे नहीं पड़कर अपने विरासत जमीन को बचाने के लिए किसान जनता पार्टी के बैनर तले एकजुट होकर ‟करो या मरो‟ के तर्ज पर आंदोलन करके सरकार से आर- पार की लड़ाई लड़ना होगा` किसान जनता पार्टी के संरक्षक घनश्याम पंडित ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद भी सरकारी अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और हमलोगों के जमीन जिसका रसीद पहले से कटते आ रहा था उस पर रोक लगा दिया है और मूल रजिस्टर टू भी नहीं दे रहा है ताकि रजिस्टर-2 फट जाने का बहाना बनाकर सर्वे होने पर सरकारी अधिकारी मोटा रकम घुस मे ले सके। पार्टी भ्रष्ट अधिकारियों के मंसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे। हम किसान जब अपना अधिकार मांगते हैं तो भ्रष्ट सरकारी अधिकारी फर्जी मुकदमा कर हमें जेल भेजती है। इस बार एकजुट होकर हमलोग अपना गैर मजरुआ खास जमीन के रसीद काटने कि मांग को लेकर इतना किसान गिरीडीह जिला से सड़क पर आंदोलन करने उतरेंगे कि हेमंत सरकार के किसी जेल मे जगह नहीं रहेगा धरना के बाद डाक के माध्यम से महामहिम राज्यपाल झारखंड को ज्ञापन दिया गया` धरना में उपस्थित जहाँगीर अंसारी, सबीना हेम्ब्रोम, बसिया टुडू, बद्धू मरांडी, छत्रधारी सिंह, संतोष बास्के, मुस्लिम अंसारी, शान्ति टुडू, विजय कुमार, सुनीता मरांडी, रामसुदन यादव, सुखनी हांसदा आदि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# 28 अक्टूबर को मनाई जाएगी सूर्यनाथ सिंह की पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेरमो।** आगामी 28 अक्टूबर को करगली के महिला मंडल (कल्याण मंडप) में जनता मजदूर संघ सीसीएल के पूर्व रीजनल सचिव स्व सूर्यनाथ सिंह की 11 वीं पुण्यतिथि तथा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। स्वर्गीय सूर्यनाथ सिंह एक ऐसा श्रमिक नेता थे, जो राष्ट्र हित, श्रमिक हित और कंपनी हित तथा भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध के लिए आजीवन कृतसंकल्पित रहे। वे सरल व विनम्र व्यवहार तथा सादगी पूर्ण रहन-सहन के लिए न सिर्फ बेरमो कोयलांचल बल्कि संपूर्ण सीसीएल और बीसीसीएल में उनके उदाहरण दिए जाने जाते थे। श्रमिक नेता स्वर्गीय सूर्यनाथ बाबू के बारे में एक कहावत कोयलांचल में कही जाती थी कि जिसका कोई सहारा या नाथ नहीं ऐसे मजदूरो का सहारा बन जाते थे सूर्यनाथ बाबू। वे बिना भेदभाव के काम करते थे, और उसको वाजिब हक दिलाकर ही दम लेते थे। वे न कभी झुके और न कभी बिके। वह बेदाग श्रमिक नेता रहे। वह दिग्गज नेता बिंदेश्वरी दुबे, राम सुंदर दास, रामदास सिंह, बसावन सिंह, मिथिलेश कुमार सिन्हा और सूर्यदेव सिंह के यूनियनों में काम किये। हिंद मजदूर सभा बिहार और झारखंड के वह कई वर्षों तक प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। जनता पार्टी और भाजपा में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी। वह आजीवन जनता मजदूर संघ सीसीएल रीजनल सचिव पद पर बने रहे। स्वर्गीय सूर्यनाथ बाबू ने झाविमो के वरीय नेता के रूप में बेमिसाल कार्य किया। इनकी 11 वीं पुण्य तिथि में कई जाने माने लोगों की जुटने की संभावना है। इस अवसर पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजित किया गया है। सुप्रसिद्ध गायक चांदी पाठक और जयप्रकाश चौहान के टीम द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन में इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, श्रमिक नेता बैजनाथ सिंह, रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह, नंदकुमार सिंह तथा अभय कुमार सिंह सहित संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के नेताओ की अहम भूमिका रहेगी।

CMYK

# 20 साल में सोना 7638 से बढ़कर 1.32 लाख तक पहुंचा

## केवल 4 बार ही गिरे दाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो दशकों में सोने ने निवेश का सबसे भरोसेमंद जरिया साबित किया है। 2005 में जहां सोना 7,638 रुपये प्रति 10 ग्राम था, वहीं 17 अक्तूबर 2025 को यह 1,27,008 रुपये तक पहुंच गया, यानी लगभग 16 गुना उछाल। केडिया एडवाइजरी के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इसी अवधि में चांदी में भी भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद 1,184 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। 2005 में 13,272 प्रति किलो से बढ़कर अब यह 1,70,415 तक पहुंच गई है।

दूसरी ओर, सेंसेक्स ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 2005 के 9,398 अंकों से बढ़कर 2025 में 85,978 के स्तर पर पहुंच गया, यानी करीब 814 प्रतिशत की छलांग। हालांकि, लंबी अवधि में सोने ने दोनों को पीछे छोड़ दिया। 17 अक्टूबर 2025 को सोना अपने अब तक के ऑल टाइम हाई लेवल 1,32,294 रुपये के करीब पहुंच गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक अनिश्चितता, महंगाई और डॉलर में उतार-चढ़ाव से जहां सोने में तेजी बनी रही, वहीं घरेलू शेयर बाजार लॉन्ग टर्म में मजबूत रिटर्न देने में सफल रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महीनों में यदि ब्याज दरों में कटौती का संकेत मिलता है तो सोने और सेंसेक्स दोनों में नई तेजी देखी जा सकती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आर्थिक अनिश्चितता के दौर में सोना एक सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है।

### सोना, चांदी और सेंसेक्स का साल-दर-साल प्रदर्शन (2005-2025)

2005 में सोना 7,638 और चांदी 13,272 जबकि सेंसेक्स 9,398 पर था।

2006 में सोना 9,265 पर पहुंच गया। कुल बढ़त 21.30 प्रतिशत की हुई। इस साल चांदी 19,424 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई और 46.35 प्रतिशत उछली। जबकि, सेंसेक्स 46.69 प्रतिशत उछलकर 13,786 पर पहुंच गया।

2007 में सोना 10,598 पर था और इस साल केवल 14.39 प्रतिशत ही चढ़ा। वहीं, चांदी 19,463 पर पहुंची, जिसमें बढ़त केवल 0.20 प्रतिशत की रही। सेंसेक्स इस साल 47.15 प्रतिशत उछलकर 20,286 पर पहुंच गया।

2008 में सोना 13,630 पर था और इस साल 28.61 प्रतिशत उछला। वहीं, चांदी 18,355 पर पहुंची और इस साल इसमें 5.69 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जबकि, सेंसेक्स बुरी तरह 52.44 प्रतिशत लुढ़ककर 9,648 पर आ गया।

2009 में सोना 16,686 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा और इसमें 22.42 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। जबकि, चांदी एक बार फिर तेजी की राह पकड़ कर 26,771 पर पहुंची और इसमें 45.85 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ सेंसेक्स ने बाउंस बैक किया और 17,465 पर पहुंच गया। इस दौरान 81.02 प्रतिशत की बंपर उछाल दर्ज की गई।

2010 में सोना 20,728 पर पहुंच गया और इसमें 24.22 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। चांदी बंपर तेजी के साथ 46,217 पर पहुंचने के लिए 72.64 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। सेंसेक्स इस साल 20,510 पर पहुंचा और 17.43 प्रतिशत की बढ़त दर्ज किया।

2011 में 27,329 पर सोना पहुंच गया और 31.85 प्रतिशत की उछाल दर्ज किया। जबकि, चांदी 51,029 पर पहुंचा और 10.41 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। जबकि, सेंसेक्स 24.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज कर 15,455 पर आ गया।

2012 में सोने के भाव 30,859 पर पहुंच गए और 12.92 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। चांदी के रेट 57,864 पर थे और 13.39 प्रतिशत की तेजी दर्ज की। जबकि, सेंसेक्स 19,426 पर पहुंच गया और 25.69 प्रतिशत की उछाल दर्ज की।

2013 में सोने का भाव 28,422 पर आ गया। इस दौरान इसमें 7.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चांदी में 24.25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 43,833 रुपये प्रति किलो पर आ गई। सेंसेक्स में इस साल 8.98 प्रतिशत की तेजी रही और यह 21,170 पर पहुंच गया।

2014 में सोने का भाव 26,703 पर था और यह 6.05 प्रतिशत टूटा था। चांदी 17.89 प्रतिशत टूटकर 35,990 पर आ गई। सेंसेक्स 27,500 पर पहुंच गया और इसने 29.90 प्रतिशत की उड़ान भरी।

2015 में 10 ग्राम सोना 6.64 प्रतिशत सस्ता होकर 24,931 पर और चांदी 7.48 प्रतिशत टूटकर 33,299 पर आ गई। सेंसेक्स भी इस साल 5.03 प्रतिशत टूटकर 26,117 पर आ गया।

2016 में सोना 27,445 पर पहुंच गया और इसमें 10.08 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। चांदी 39,049 पर पहुंची और इसमें 17.27 प्रतिशत का इजाफा हुआ। सेंसेक्स भी 26,626 पर था और इसमें 1.95 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

2017 में सोने का रेट 29,156 पर था और 6.23 प्रतिशत ही चढ़ा। चांदी की चमक भी मामूली रही और 39,237 पर पहुंची। इसमें बढ़त रही मात्र 0.48 प्रतिशत की। लेकिन, इस साल सेंसेक्स 34,057 पर पहुंच गया और कुल उछाल 27.91 प्रतिशत की रही।

2018 में सोना 31,391 पर पहुंचा और 7.67 प्रतिशत उछला। चांदी 38,821 पर आ गई। इसमें 1.06 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 36,068 पर पहुंचा और इसमें बढ़त 5.91 प्रतिशत की रही।

2019 में सोना 39,108 पर पहुंचा और 24.58 प्रतिशत उछला। चांदी 46,711 पर पहुंच गई और तेजी रही 20.32 प्रतिशत की। सेंसेक्स भी 41,254 के लेवल पर पहुंचा और 14.38 प्रतिशत की उछाल दर्ज की।

2020 में सोना 50,151पर पहुंच गया। इसने 28.24 प्रतिशत की उड़ान भरी। जबकि, चांदी रेस में काफी आगे निकल गई और 68,105 पर पहुंच गई। इसने 45.80 प्रतिशत की बंपर उछाल दर्ज की। सेंसेक्स भी 47,751 पर पहुंचा और 15.75 प्रतिशत की तेजी दर्ज की।

2021 में सोने का मूल्य 48,099 पर आ गया। इसमें 4.09 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चांदी भी 62,660 पर आ गई और 8.00 प्रतिशत टूटी। सेंसेक्स 58,254 पर पहुंच गया और 21.99 प्रतिशत की उड़ान भरी।

2022 में सोना 55,017 पर था और 14.38 प्रतिशत की तेजी दर्ज किया। चांदी भी 69,413 पर पहुंच गई और 10.78 प्रतिशत की बढ़त हासिल किया। सेंसेक्स 60,841 पर पहुंचा और 4.44 प्रतिशत की तेजी दर्ज किया।

2023 में सोना 63,203 पर पहुंचा और 14.88 प्रतिशत की बढ़त हासिल किया। चांदी 74,430 रुपये पर थी और 7.23 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। सेंसेक्स 72,240 पर था और इसमें 18.74 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

2024 में सोना 76,748 पर पहुंच गया। इसमें 21.43 प्रतिशत का उछाल आया। चांदी 87,233 पर थी और 17.20 प्रतिशत की तेजी दर्ज की। सेंसेक्स 78,139 पर पहुंचा और 8.17 प्रतिशत की बढ़त हासिल की।

17 अक्टूबर 2025 सोना 1,27,008 पर था और 65.49 प्रतिशत की तेजी हासिल कर चुका था। चांदी सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर 1,56,604 पर थी और 79.52 प्रतिशत की उड़ान दर्ज की। सेंसेक्स भी 83,952 पर था और 7.44 प्रतिशत की तेजी दर्ज की।

## रुपये में उतार-चढ़ाव रोकने के लिए आरबीआई ने अगस्त में बेचे 7.7 अरब डॉलर, बुलेटिन में दावा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को रोकने और अमेरिकी मुद्रा मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट को थामने के लिए अगस्त में 7.7 अरब डॉलर की बिकवाली की। आरबीआई के ताजा बुलेटिन में प्रकाशित डॉलर की बिक्री/खरीद के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में केंद्रीय बैंक की डॉलर की शुद्ध बिक्री 7.69 अरब डॉलर रही। यह पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है।

आंकड़ों से यह भी पता चला कि रिजर्व बैंक ने जुलाई और अगस्त में अमेरिकी डॉलर नहीं खरीदे। रिजर्व बैंक का घोषित रुख यह है कि वह रुपया-डॉलर विनिमय दर के लिए किसी स्तर या बैंड को लक्ष्य नहीं करता है, बल्कि विदेशी मुद्रा बाजार में केवल तभी हस्तक्षेप करता है जब अत्यधिक अस्थिरता होती है। अगस्त में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई। सितंबर में भी बढ़ते व्यापार तनाव, बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं और लगातार विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के कम होने के बीच डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट आई।

## बड़े प्रोजेक्ट पर डिफेंस की दिग्गज कंपनी का जोर, शेयर पर निवेशकों की नजर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार ने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को लेकर अपना फोकस और बढ़ा दिया है। सरकारी स्वामित्व वाली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) भारत की नौसैनिक शक्ति को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा रही है। भारत के सबसे बड़े जहाज निर्माताओं में से एक कोचीन शिपयार्ड ने देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत की सफल डिलीवरी के बाद कई नई रक्षा परियोजनाओं पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। बता दें कि कोचीन शिपयार्ड के शेयर फिलहाल 1812 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। कंपनी के प्रोजेक्ट्स को देखते हुए कहा जा सकता है कि आने वाले समय में इस शेयर पर निवेशकों की पैनी नजर रहेगी।

**16,000 करोड़ रुपये की रक्षा परियोजना पर चल रहा काम :** कंपनी फिलहाल करीब 16,000 करोड़ रुपये की रक्षा परियोजनाओं पर काम कर रही है, जिनमें आठ पनडुब्बी रोधी युद्धक शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) और छह अगली पीढ़ी के मिसाइल पोत (एनजीएमवी) शामिल हैं। मनीकंट्रोल को दिए एक विशेष साक्षात्कार में, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मधु एस नायर ने कंपनी द्वारा वर्तमान में निर्मित की जा रही 16,000 करोड़ रुपये की रक्षा परियोजनाओं की प्रगति के बारे में बात की, जिनमें आठ पनडुब्बी रोधी युद्धक शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) कोरवेट और छह अगली पीढ़ी के मिसाइल पोत शामिल हैं। नायर ने कहा कि एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी पोत अग्रिम चरण में हैं।

**पहला पोत अगले सप्ताह तक नौसेना को मिलेगा :** पहला पोत अगले सप्ताह तक नौसेना को मिल जाना चाहिए। दरअसल, हमने आज एएसडब्ल्यू सीरीज के छठे पोत (मैगडाला) का जलावतरण किया है।

## बेदह ही खराब रहा टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट लिमिटेड का परफॉर्मेंस

### 33 प्रतिशत तक गिर गया है भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट लिमिटेड पिछले एक साल में निफ्टी 50 इंडेक्स का सबसे कमजोर परफॉर्मेंस देने वाला शेयर बन गई है। पिछले मुहूर्त ट्रेडिंग (दिवाली 2024) से अब तक कंपनी के शेयरों में करीब 33 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके बावजूद, अधिकांश ब्रोकरेज हाउस कंपनी के दीर्घकालिक फंडामेंटल्स को मजबूत मानते हुए 'क्क4' की रेटिंग बनाए हुए हैं। कंपनी के शेयर का वर्तमान प्राइस 4,801 रुपये है।




**शेयर प्रदर्शन और मौजूदा स्थिति:** सोमवार को ट्रेंट का शेयर 4,608.05 पर कारोबार कर रहा था, जो दिनभर में 3.41 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। पिछले एक वर्ष में कंपनी का बाजार पूंजीकरण एक-तिहाई तक घट गया है, जबकि निफ्टी के अन्य खुदरा शेयरों ने तुलनात्मक रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है।

**सितंबर तिमाही के नतीजे और वृद्धि दर में मंदी:** सितंबर 2025 तिमाही में ट्रेंट लिमिटेड की स्टैंडअलोन राजस्व वृद्धि 17 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष रही। हालांकि यह वृद्धि दर घटती प्रवृत्ति को दर्शाती है। पिछली पांच तिमाहियों में कंपनी की बिक्री वृद्धि क्रमशः 57 प्रतिशत, 40 प्रतिशत, 37 प्रतिशत, 29 प्रतिशत और 20 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज मोतिलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि राजस्व वृद्धि में यह गिरावट 'सेम-स्टोर सेल्स ग्रोथ' की मंदी, कैनिबलाइजेशन (स्व-प्रतिस्पर्धा) और उच्च बेस इफेक्ट के कारण है।

**स्टोर विस्तार में तेजी:** स्न्नस्न्नस्र की रिपोर्ट के अनुसार, जून तिमाही में सुस्त विस्तार के बाद सितंबर तिमाही में स्टोर विस्तार में तेजी आई है। कंपनी का कुल स्टोर काउंट 33 प्रतिशत बढ़कर 1,101 हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आमतौर पर दूसरी छमाही (एच2) में स्टोर विस्तार की रफ्तार तेज रहती है, इसलिए निवेशकों की नजर अब ट्रेंट के फैशन स्टोर नेटवर्क के और विस्तार पर होगी। कंपनी का मुख्य विकास चालक अभी भी स्टोर विस्तार ही बना हुआ है।

**ब्रोकरेज हाउस के अनुमान और राय:** नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज का अनुमान है कि सितंबर तिमाही में ट्रेंट का शुद्ध लाभ 451.60 करोड़ रहेगा, जो 7 प्रतिशत साल दर साल वृद्धि दर्शाता है। इसका ई बी आई टी डी ए मार्जिन 16.5 प्रतिशत है और ग्रॉस मार्जिन त्त2 स्त्र26 में घटकर 43.4 प्रतिशत रहने की संभावना, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही (44.2 प्रतिशत) से थोड़ा कम है। यह गिरावट 'ह्वस्त्रद्बश् ब्रांड की हिस्सेदारी बढ़ने से मिक्स में बदलाव के कारण मानी जा रही है।

## आरबीएल बैंक में बिक गई बड़ी हिस्सेदारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीएनपी पारिबा फाइनेंशियल मार्केट्स ने 20 अक्टूबर को खुले बाजार लेनदेन के जरिए 377 करोड़ रुपये में प्राइवेट सेक्टर के लेंडर आरबीएल बैंक में 1.9 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। एमिरेट्स एनबीडी बैंक को 26,850 करोड़ रुपये तक के निवेश के साथ बैंक में 60 प्रतिशत तक इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद, आरबीएल बैंक के शेयरों में सोमवार को 9 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई और यह 326.65 रुपये पर बंद हुआ था। ईएनबीडी आम शेयरधारकों से 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक अनिवार्य खुली पेशकश भी लाएगा।

**क्या है डिटेल:** बीएनपी पारिबा फाइनेंशियल मार्केट्स ने बैंक में 317.85 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 377.35 करोड़ रुपये में 1.18 करोड़ इक्विटी शेयर (1.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर) खरीदे हैं। ब्लिस जीवीएस फार्मा भी सोमवार को सक्रिय रहा, जो पिछले सप्ताह हुए समेकन के बाद 2.2 प्रतिशत बढ़कर 155.43 रुपये पर पहुंच गया। मैटियस ने एरियन इन्वेस्टमेंट से 39.15 करोड़ रुपये में 150.6 रुपये प्रति शेयर के भाव पर इस फार्मा कंपनी के 26 लाख शेयर खरीदे हैं। सितंबर 2025 तक, एरियन इन्वेस्टमेंट के पास ब्लिस में 7.43 प्रतिशत हिस्सेदारी (78.53 लाख शेयर) थी।

इस बीच, इन्फिनिटी एसेट एडवाइजर्स ने डीसीबी बैंक के 16.54 लाख शेयर (0.52 प्रतिशत हिस्सेदारी) 145.18 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 24.01 करोड़ रुपये में बेचे। हालाँकि, मजबूत गैप-अप ओपनिंग के बाद औसत से अधिक कारोबार के बीच डीसीबी बैंक के शेयर 12.21 प्रतिशत बढ़कर 144.78 रुपये पर पहुंच गए। साउथ इंडियन बैंक में भी सक्रियता देखी गई, जिसके शेयरों में ब्रेकआउट हुआ और लंबी तेजी वाली कैंडल फॉर्मेशन के साथ 15.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37.73 रुपये पर पहुंच गए। आदित्य कुमार हलवासिया ने 2.01 करोड़ शेयर (0.76 प्रतिशत हिस्सेदारी 35.24 रुपये प्रति शेयर के भाव पर) 70.83 करोड़ रुपये में खरीदे। इंडिया मैक्स इन्वेस्टमेंट फंड द्वारा 1.44 लाख शेयर (0.75 प्रतिशत हिस्सेदारी) 134.08 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 1.93 करोड़ रुपये में बेचे जाने के बाद एलटी एलिवेटर के शेयर 4.21 प्रतिशत गिरकर 133.15 रुपये पर आ गए। सितंबर 2025 तक, इंडिया मैक्स इन्वेस्टमेंट फंड के पास एलटी एलिवेटर के 2.88 लाख शेयर (1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी) थे।

## कर्मचारी अरविंद की मौत विवाद पर ओला ने दी सफाई, कहा- कंपनी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक के कर्मचारी अरविंद की मौत मामले में कर्नाटक पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है। गत छह अक्तूबर को अरविंद की मौत के मामले में पुलिस ने ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भाविश अग्रवाल, वरिष्ठ अधिकारी सुब्रत कुमार दास और कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में अब ओला इलेक्ट्रिक ने सफाई पेश करते हुए जांच में सहयोग करने और कर्मचारियों की सुरक्षा, उनके सम्मान के प्रति प्रतिबद्ध होने का दावा किया है।

कंपनी के प्रवक्ता ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, हमें अपने सहयोगी अरविंद के दुर्भाग्यपूर्ण निधन पर गहरा दुख है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। अरविंद साढ़े तीन साल से ओला इलेक्ट्रिक से जुड़े थे और बैंगलोर स्थित हमारे मुख्यालय में कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान, अरविंद ने अपनी नौकरी या किसी भी उत्पीड़न के बारे में कभी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई।

**क्या कर्नाटक हाईकोर्ट ने कंपनी को दी राहत?:** ओला इलेक्ट्रिक ने अरविंद की मौत के बाद उपजे विवाद को लेकर कहा, अरविंद जिस भूमिका का निर्वाह कर रहे थे, उसमें प्रमोटर सहित कंपनी के शीर्ष प्रबंधन के साथ उनका कोई सीधा संपर्क नहीं होता था। कंपनी ने कहा, एफआईआर दर्ज करने को हमने कर्नाटक उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष चुनौती दी है।

सफाई में बोली ओला इलेक्ट्रिक- कंपनी सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

कंपनी का कहना है कि हाईकोर्ट ने ओला इलेक्ट्रिक तथा उसके अधिकारियों के पक्ष में सुरक्षात्मक आदेश पारित किया है। अरविंद के परिवार की तरफ से लगाए गए आरोपों और कंपनी की तरफ से दी जाने वाली मदद के पहलू पर ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, परिवार की तत्काल मदद के लिए, कंपनी ने तुरंत उनके बैंक खाते में पूरी राशि का भुगतान किया। ओला इलेक्ट्रिक जांच अधिकारियों का पूरा सहयोग कर रही है। कंपनी अपने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित, सम्मानजनक और सौहार्दपूर्ण कार्यस्थल मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**क्या है पूरा मामला, मौत के दो दिन बाद खाते में जमा हुए 17 लाख+ रुपये:** दरअसल, ओला इलेक्ट्रिक के कर्मचारी के. अरविंद, होमोलोगेशन इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। जांच अधिकारियों के मुताबिक उन्होंने कथित तौर पर 28 सितंबर, 2025 को उन्होंने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। मौत के दो दिन बाद कंपनी ने अरविंद के बैंक खाते में 17.46 लाख रुपये ट्रांसफर किए।

**28 पेज के सुसाइड नोट में गंभीर आरोप:** अरविंद के कमरे की तलाशी के दौरान, पुलिस ने 28 पन्नों का सुसाइड नोट भी बरामद किया। अरविंद ने कथित तौर पर कंपनी के सीईओ भाविश अग्रवाल और एक अन्य अधिकारी सुब्रत कुमार दास पर मानसिक उत्पीड़न, अत्यधिक काम का बोझ और वेतन के साथ-साथ बकाया राशि का भुगतान न करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## टाटा ट्रस्ट में विवाद के बीच वेणु श्रीनिवासन को अहम जिम्मेदारी, अब मिस्त्री पर नजर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से वेणु श्रीनिवासन को आजीवन ट्रस्टी (न्यासी) के रूप में फिर से नियुक्त किया है। संगठन के भीतर कथित आंतरिक मतभेदों के बीच अब सभी की निगाहें मेहली मिस्त्री की वापसी के संबंध में होने वाले फैसले पर टिकी हैं। बता दें कि श्रीनिवासन का कार्यकाल 23 अक्टूबर को खत्म होने वाला था, जिससे पहले इस सप्ताह उनकी पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी गई। यह फैसला टाटा ट्रस्ट के भीतर विभाजन की खबरों के बीच हुआ, जहां एक गुट नोएल टाटा के साथ जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। नोएल ने रतन टाटा के निधन के बाद चेयरमैन का पद संभाला था। दूसरा गुट पूर्व दिग्गज के वफादारों का है।

**खत्म होने वाला है मिस्त्री का कार्यकाल :** मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि टीवीएस समूह के मानद चेयरमैन श्रीनिवासन की फिर से नियुक्ति सर्वसम्मति से हुई है। टाटा ट्रस्ट ने इस खबर पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अब ध्यान मिस्त्री की पुनर्नियुक्ति पर है, जिनका कार्यकाल 28 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। इस बात पर राय बंटी हुई है कि क्या उनका कार्यकाल अपने आप आगे बढ़ जाएगा या आजीवन कार्यकाल के लिए न्यासियों की सर्वसम्मति से मंजूरी लेनी होगी। बता दें कि टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो 156 साल पुराने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी है। इसमें 30 सूचीबद्ध इकाइयों सहित लगभग 400 कंपनियां शामिल हैं।

**17 अक्टूबर को हुई बैठक का हवाला :** सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के न्यासियों की 17 अक्टूबर, 2024 को हुई संयुक्त बैठक का हवाला देते हुए, उस व्यक्ति ने कहा कि यह संकल्प लिया गया था कि किसी भी ट्रस्टी का कार्यकाल खत्म होने पर, संबंधित ट्रस्ट द्वारा उसे बिना किसी कार्यकाल अवधि की सीमा के पुनर्नियुक्त किया जाएगा। इसके अलावा 17 अक्टूबर, 2024 के प्रस्ताव के अनुसार, सभी न्यासियों की नियुक्ति दीर्घकालिक और आजीवन आधार पर की जाएगी और 75 वर्ष की आयु होने पर ट्रस्टीशिप पर पुनर्विचार किया जाएगा।



## मैंने अपने कच्चेपन को मेहनत और अनुभव से पीछे छोड़ दिया

टेलीविजन की दुनिया में कई कलाकार आते हैं, लेकिन कुछ ऐसे होते हैं जो अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से एक खास मुकाम हासिल कर लेते हैं। ऐसे ही एक कलाकार हैं कंवर ढिल्लों, जिन्होंने महज 18 साल की उम्र में टीवी इंडस्ट्री में कदम रखा था। आज, एक दशक से भी ज्यादा का अनुभव लेकर वह अपने काम से लाखों दर्शकों के दिलों में जगह बना चुके हैं। इंटरव्यू के दौरान कंवर ने अपने अब तक के सफर पर खुलकर बात की और बताया कि कैसे वक्त के साथ उन्होंने खुद को हर शो से बेहतर बनाया और अपनी पहचान मजबूत की। कंवर ने कहा, जब मैंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब मैं बिल्कुल नया था और बहुत कुछ सीखने की कोशिश कर रहा था। मैंने हर सेट, हर किरदार, हर निर्देशक से कुछ न कुछ सीखा है। मैं शुरुआत में सब कुछ देखकर, समझकर ही आगे बढ़ता था। मेरा सबसे बड़ा गुरु मेरा खुद का सफर रहा है।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा चलते-फिरते सीखा है। हर शो ने मुझे कुछ नया सिखाया है। अब जो मैं हूं, वह उस शुरुआती दौर के कंवर से बिल्कुल अलग है। तब मैं बहुत कच्चा था, अनुभव नहीं था, लेकिन आज मैंने उस कच्चेपन को मेहनत और अनुभव से पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि उनके निभाए गए किरदारों ने उन्हें केवल अभिनय में ही नहीं, बल्कि निजी जिंदगी में भी बहुत कुछ सिखाया। पेशेवर तौर पर हर रोल ने उन्हें आत्मविश्वास, पहचान और अवसर दिए। साथ ही, उन्होंने इंसान के तौर पर भी खुद को पहले से ज्यादा समझदार और जमीन से जुड़ा पाया।

अपने शो पंड्या स्टोर को याद करते हुए उन्होंने कहा, यह शो उनके करियर में एक टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। इससे मुझे न केवल अलग पहचान मिली, बल्कि यह भरोसा भी जगा कि मैं सही रास्ते पर चल रहा हूं। मैंने बहुत मेहनत की है, और जब पंड्या स्टोर के जरिए सफलता मिली, तो यकीन हुआ कि मैं सही फैसले ले रहा हूं। इसने मेरा आत्मविश्वास और भी बढ़ा दिया। अपने नए शो उड़ने की आशा को लेकर भी कंवर काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा, ऐसा शो टीवी पर कम ही देखने को मिलता है, जिसकी कहानी इतनी सच्ची और किरदार इतने असली लगते हैं। इस शो के हर किरदार को बहुत ही खूबसूरती से लिखा गया है, जो लोगों की जिंदगी से जुड़ते हैं।

कंवर ने कहा, मैं ऊपरवाले का शुक्रगुजार हूं कि यह शो मेरी जिंदगी में आया। साथ ही, अपने प्रोड्यूसर्स, राहुल सर, श्रीनु सर और राधिका मैम का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। इस शो को करना मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा फैसला रहा है। उड़ने की आशा स्टार प्लस पर 12 मार्च 2024 को शुरू हुआ था और तब से अब तक दर्शकों के बीच यह शो खासा लोकप्रिय हो चुका है।

# एक दशक बाद बड़े पर्दे पर लौटीं गीता बसरा

## क्या है करियर प्लान?



करीब एक दशक बाद गीता बसरा ने पंजाबी 'मेहर' के साथ कमबैक किया है। फिल्मों तक ही सीमित न रहकर वह अब अपने पति और क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ टॉक शो की होस्टिंग भी कर रही हैं। हाल ही में अपने कई की नई पारी को लेकर गीता बसरा ने बातचीत की।

**आपकी कमबैक पंजाबी फिल्म 'मेहर' को ऑडियंस से प्यार मिला, लेकिन बॉक्स ऑफिस के आंकड़े उतने अच्छे नहीं रहे। इसे लेकर आप कैसा महसूस कर रही हैं?**

लोगों ने फिल्म को बहुत प्यार दिया। यह एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें इमोशन, रोमांस और ड्रामा सब कुछ है। बॉक्स ऑफिस के आंकड़े दर्शकों के प्यार के बराबर नहीं थे। दरअसल, हम फिल्म को उस समय रिलीज कर रहे थे जब पंजाब में माहौल ठीक नहीं था। हमें पता था कि यह सही समय नहीं था। लेकिन मेरी नजर में फिल्म शानदार थी। मेरे कमबैक के लिए इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता था।

**आप इंडस्ट्री में लगभग एक दशक से हैं। क्या आपने जान-बूझकर कम काम करने का फैसला किया था?**

ये चॉइस का मामला नहीं था, जिंदगी के अलग-अलग चैप्टर्स होते हैं। कभी-कभी कुछ चीजें ज्यादा अहम होती हैं। मेरे लिए मेरी फैमिली सबसे पहले थी। मेरे बच्चे छोटे थे। शादी के बाद मेरा ध्यान परिवार पर था। अब जब बच्चे बड़े हो गए हैं, तो मुझे अपने लिए ज्यादा वक्त मिलता है। अब मैं अपने जुनून के लिए काम कर रही हूं, इस प्रोसेस का मजा ले रही हूं। मैं सिर्फ आंकड़ों का पीछा नहीं कर रही। वैसे शादी से पहले फिल्म इंडस्ट्री महिलाओं के लिए सपोर्टिव नहीं थी लेकिन मैं मानती हूं, जो हुआ अच्छा हुआ।

**अब आप हरभजन सिंह के साथ टॉक शो की मेजबानी कर रही हैं। यह अनुभव कैसा है?**

शो होस्ट करना मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव है। मुझे यह काम बहुत पसंद आ रहा है। यह पूरी तरह से नेचुरल है। हमारे शो में रिश्तों पर बातचीत है, प्यार-हंसी सब कुछ है। यह सब कुछ बिल्कुल नेचुरल है। माना एक्टिंग हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगी, लेकिन होस्टिंग से मैं अलग तरीके से ऑडियंस से जुड़ पाती हूं। इस शो में ऐसे पल भी हैं, जो लोग आमतौर पर पर्दे पर नहीं देखते हैं। यह टॉक शो मजेदार है, कभी-कभी थोड़ा मसालेदार भी है।

**क्या एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में मेल एक्टर्स की तुलना में ज्यादा आलोचना का सामना करना पड़ता है?**

ऐसा नहीं है कि एक्ट्रेसेस को मेल एक्टर्स से ज्यादा आलोचना मिलती है। अगर लोग पसंद करेंगे तो तारीफ करेंगे, नहीं तो आलोचना करेंगे ही। इससे फर्क नहीं पड़ता है कि आप एक्ट्रेस हैं या एक्टर। आज नियम बदल गए हैं। अब स्टार पावर पहले जैसी नहीं रही, निर्माता भी इस दबाव को महसूस करते हैं। वुमन सेंट्रिक कहानियां अब ज्यादातर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हैं। ओटीटी के कारण यह बदलाव आया है।

### खुद को कैसे इंस्पायर करती हैं?

सोच सबसे अहम है। जब आप जिंदगी में खुश होते हैं, तो इंस्पिरेशन अपने अच्छे काम से मिलती है। परिवार को गर्व महसूस कराने से मिलती है। मुझे दूसरों की राय की परवाह नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं । मैं चाहती हूं कि मेरी बेटी यह सीखे कि महिलाएं शादी और मां बनने के अलावा भी जिंदगी में सपने देख सकती हैं। मैं अपनी विरासत के रूप में यही बात छोड़कर जाना चाहती हूं ।

### आपने प्रियंका चोपड़ा को बतौर आइडल खूब सराहा है। उनके बारे में सबसे इंस्पायरिंग बात क्या है?



प्रियंका पूरी तरह से सेल्फ मेड हैं। उन्होंने सब कुछ अपने दम पर हासिल किया। ना किसी की मदद ली, ना किसी तरह का शॉर्टकट अपनाया। पर्दे के पीछे वह कॉन्फिडेंस से भरी हैं। बहुत जमीन से जुड़ी इंसान हैं। वह दूसरों को भी आगे बढ़ने में मदद करती हैं। मैंने उन्हें कई बार देखा है। वह कभी इनसिक्योर नहीं रहीं। यही एक आइडल की पहचान है। मैं चाहती हूं कि मेरी बेटी भी इसी तरह खुद पर विश्वास करे और सबकुछ हासिल करे।



## शाहिद कपूर को फर्जी सीजन 2 के लिए मिली अब तक की सबसे तगड़ी फीस?

साल 2023 में शाहिद कपूर ने ब्लैक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज फर्जी से ओटीटी पर डेब्यू किया था। द फैमिली मैन फेम राज और डीके के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। इसे फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में 10 नॉमिनेशन मिले थे। जबकि ऑरमैक्स के मुताबिक, यह उस साल की सबसे अधिक देखी जाने वाली वेब सीरीज थी, जिसे 37 मिलियन दर्शकों ने देखा था। अब खबर है कि मेकर्स ने फर्जी सीजन 2 की तैयारी शुरू कर दी है। कहानी लिखी जा रही है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। लेकिन सबसे बड़ा दावा फर्जी 2 में शाहिद कपूर की फीस को लेकर किया जा रहा है। बताया जाता है कि एक्टर को उनके करियर का अब तक की सबसे अधिक फीस ऑफर की गई है। फर्जी 2 की सुगबुगाहट के साथ ही कई तरह के कयास भी लगने शुरू हो गए हैं। पहले सीजन में शाहिद कपूर के साथ विजय सेतुपति, के के मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा नजर आए थे। नकली नोट के गोरखधंधे पर बनी इस सीरीज में एक बार फिर से इन कलाकारों की वापसी के संकेत हैं। यही नहीं, पहले सीजन के एक सीन में इसे द फैमिली मैन से भी जोड़ा गया था, ऐसे में उम्मीद जगने लगी है कि क्या दूसरा सीजन इन दोनों सुपरहिट वेब सीरीज को एकसाथ मिलाने वाला है?

### फर्जी 2 के लिए हुई है 40 करोड़ की डील

बहरहाल, रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद कपूर के हाथ दिनेश विजान की कॉकटेल 2 के बाद एक और बड़ी डील लगी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शाहिद इस शो के लिए 40 करोड़ रुपये की फीस ले रहे हैं। जी हां, यह वाकई चौंकाने वाली रकम है, क्योंकि आम तौर पर वह एक फिल्म के लिए कथित तौर पर वह 25 से 30 करोड़ रुपये की फीस लेते हैं।

### जनवरी में शुरू होगी फर्जी 2 की शूटिंग, 2027 की शुरुआत में रिलीज

रिपोर्ट में आगे कहा गया है, शाहिद कपूर अगले साल जनवरी 2026 से फर्जी सीजन 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। अभी सीरीज की कहानी लिखी जा रही है। अमेजन प्राइम वीडियो, राज और डीके के साथ मिलकर जनवरी 2026 से दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। शाहिद इसके लिए लगातार 6 महीने बैक टू बैक शूटिंग करेंगे। वह इसके लिए 40 करोड़ की फीस ले रहे हैं। सब ठीक रहा तो साल 2026 के अंत में या फिर 2027 की शुरुआत में फर्जी सीजन 2 रिलीज हो जाएगी।

### दिसंबर तक शाहिद कपूर करेंगे कॉकटेल 2 की शूटिंग

शाहिद कपूर का फोकस फिलहाल कॉकटेल 2 की शूटिंग पर है। वह रश्मिका मंदाना और कृति सेनन के साथ इस साल दिसंबर में इसकी शूटिंग पूरी कर लेंगे। फिल्म के निर्माता दिनेश विजान इसे 2026 की गर्मियों में बड़े पर्दे पर रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं। कॉकटेल 2 की शूटिंग खत्म होने के बाद शाहिद फर्जी 2 की शूटिंग करेंगे।

## सामने आई दिल्ली क्राइम 3 की रिलीज डेट, अपने रोल पर क्या बोलीं शेफाली शाह

शेफाली शाह की अदाकारी वाली मशहूर सीरीज दिल्ली क्राइन 3 का टीजर रिलीज हो गया है। इसके साथ यह भी एलान हो गया है कि यह सीरीज कब रिलीज होगी। इस बार इसमें नया खुलासा होने वाला है। इस सीजन में मेकर्स ने कई नए चेहरों को भी जोड़ा है। तनुज चोपड़ा ने दिल्ली क्राइम सीजन 3 का निर्देशन किया है। इसमें रसिका दुग्गल (नीति सिंह के रूप में), राजेश तैलंग (भूपेंद्र सिंह के रूप में), जया भट्टाचार्य (विमला भारद्वाज के रूप में) और अनुराग अरोड़ा (जयराज सिंह के रूप में) भी हैं। कलाकारों में हुमा कुरेशी, सयानी गुप्ता, मीता वशिष्ठ, केली दोरजी और अंशुमान पुष्कर शामिल हैं। सीरीज 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### अपने किरदार पर बोलीं शेफाली


सीरीज में डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में अपनी भूमिका को दोबारा निभाने पर, शेफाली शाह ने कहा मैडम सर के रूप में वापसी करना हमेशा बेहद निजी एहसास होता है। मेरे लिए और आज के समय में, उनकी अहमियत मेरी नजरों में और भी बढ़ गई है। वर्तिका एक ऐसे दुश्मन से लड़ रही हैं जो न सिर्फ सीमाओं के पार है, बल्कि समाज में भी मौजूद है। मानव तस्करी कुछ लोगों का काम नहीं है; यह एक ऐसे समाज का लक्षण है जो नजरअंदाज करता है। लेकिन वर्तिका, अपनी असली पहचान के साथ, लड़ती रहती हैं, भले ही इसका मतलब इस काली दुनिया के चंगुल से सिर्फ एक जान बचाना ही क्यों न हो।

### दिल्ली क्राइम के सभी सीजन के बारे में

आपको बता दें कि दिल्ली क्राइम सीरीज एक वेब सीरीज है। इस सीरीज के दो सीजन पहले ही रिलीज हो चुके हैं। पहला सीजन 2019 में रिलीज हुआ था। यह 2012 के दिल्ली गैंग रेप पर आधारित था। दूसरा सीजन 2022 में रिलीज हुआ था, जो कि चड्ढी बनियान गैंग पर आधारित था। इसका तीसरा सीजन मानव तस्करी पर आधारित होगा।



# मेरे लिए नंबर या कमाई उतनी मायने नहीं रखती



**कांतारा चैप्टर 1 में नजर आए बॉलीवुड अभिनेता गुलशन देवैया ने हाल ही में खास बातचीत की। इस दौरान अभिनेता ने ऋषभ शेट्टी के साथ काम करने के अनुभव, सेट पर माहौल और बॉलीवुड और साउथ के बीच के अंतर का जिक्र किया।**

### जब आपको यह फिल्म मिली तो पहली प्रतिक्रिया क्या थी?

मुझे पहले से अंदाजा था कि यह फिल्म मेरे पास आएगी। 2019 में मेरी मुलाकात ऋषभ शेट्टी से हुई थी। उन्होंने कहा कि वो मेरी फिल्म हंटर के फैन हैं और मेरे लिए कुछ लिख रहे हैं। फिल्म की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, लेकिन लॉकडाउन के कारण यह रुकी रही। 'कांतारा' की सफलता के बाद जब ऋषभ ने मुझे बताया कि उन्होंने मेरे लिए एक रोल लिखा है तो मैं तुरंत तैयार हो गया। मैं पहले से ही उनके काम का दीवाना था, इसलिए ये मेरे लिए यह एक रोमांचक अनुभव था।

### साउथ की फिल्म में काम करने का अनुभव कैसा रहा?

सबसे बड़ा अंतर शिफ्ट टाइमिंग और काम करने के तरीके में था। आमतौर पर मलयालम और कन्नड़ इंडस्ट्री में कलाकार सुबह छह बजे शुरू करके शाम छह बजे तक काम करते हैं... जबकि नाइट शिफ्ट का मामला अलग होता है। वहां पूरे बारह घंटे की शिफ्ट नहीं होती और नाइट शिफ्ट छोटी होती है। तकनीकी रूप से भी काफी कुछ अलग था। सिंक साउंड कम इस्तेमाल होता और कलाकार अपनी आवाज सेट पर ही देते हैं। मुझे लगता है यह तरीका माहौल और परफॉर्मेंस के लिहाज से सबसे बेहतर है क्योंकि कलाकार की असली परफॉर्मेंस वहीं सुनाई देती है।

### ऋषभ से आपने सबसे बड़ी सीख क्या ली?

ऋषभ में मुझे उनकी क्षमता और तनाव को संभालने की कला ने बहुत प्रेरित किया। इतनी बड़ी फिल्म पहली बार में बनाने के बावजूद उन्होंने टीम, बजट और शूट को पूरी कुशलता से मैनेज किया। उनकी जिम्मेदारियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों, उनके चेहरे पर शिकन नहीं आती।

### फिल्म की सफलता आपके करियर के लिए कितनी मायने रखती है?

इस फिल्म का श्रेय मैं अकेले नहीं ले सकता। मैं बस इसका हिस्सा हूं। करियर के लिहाज से यह निश्चित रूप से अच्छा रहेगा, लेकिन एक कलाकार के रूप में मेरे लिए नंबर या कमाई उतनी मायने नहीं रखती। मैं 2011 से काम कर रहा हूं और यह मेरी पहली फिल्म है जिसने इतनी बड़ी कमाई की, लेकिन मेरे लिए सबसे कीमती अनुभव यह है कि दर्शक हमारी मेहनत और किरदार को महसूस कर रहे हैं।

### क्या दर्शक आपको कभी धर्मा या यशराज जैसे बड़े बैनर की फिल्मों में देखेंगे?

मेरे लिए हर फिल्म, हर रोल और हर किरदार अहम है। हर डायरेक्टर की अपनी समझ होती है और मैं उसकी कहानी और किरदार के हिसाब से काम करता हूं। लोग अक्सर सोचते हैं कि ऐसी फिल्में ही मुझे सफलता दिलाएंगी। लेकिन मैं ऐसा नहीं सोचता। मैं अभिनय से प्यार करता हूं और अलग-अलग किरदारों निभाना मुझे पसंद है। मेरा फोकस हमेशा किरदार और कहानी पर होता है। अभी मैं बस देख रहा हूं कि सिनेमा मुझे कहां ले जाता है।



## 22 अक्टूबर का ऐतिहासिक दिन, जब भारत ने लगातार तीसरी बार जीता कबड्डी वर्ल्ड कप खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल जगत के लिए 22 अक्टूबर का दिन बेहद खास है। इसी दिन भारत ने ईरान को शिकस्त देकर कबड्डी वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। अहमदाबाद में खेले गए इस खिताबी मुकाबले में भारत ने ईरान को 38-29 से शिकस्त देकर लगातार तीसरी बार खिताब जीता।शनिवार के इस दिन फैंस को मेजबान भारत से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उसके सामने ईरान की कड़ी चुनौती थी, लेकिन जीत के हीरो अजय ठाकुर ने लगातार सफल रेड डालते हुए कुल 12 अंक हासिल



किए। भारत की शुरुआत निराशाजनक रही थी। भारत की पहली रेड में अनूप कुमार खाली हाथ लौटे। इसके बाद अजय ठाकुर ने ही भारत का खाता खोलते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरी ओर, मिराज ने ईरान का खाता खोला और बोनस अंक के साथ ईरान ने मुकाबले में 2-2 से बराबरी कर ली।

मिराज दो अंक लेकर ईरान को 9-7 से आगे कर चुके थे, लेकिन भारत ने सुपर टैकल करते हुए स्कोर 10-9 कर लिया। हालांकि, ईरान ने हाफ टाइम तक भारत पर 18-13 की बढ़त हासिल कर ली थी। यहां से ईरान भारत को विश्व कप फाइनल में पहली बार मात देने का सपना देखने लगा था। ऐसे में दूसरे हाफ में भारत को अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ा। अजय ठाकुर ने लगातार सफल रेड डालते हुए भारत को मुकाबले में 20-20 की बराबरी पर ला दिया। इस बराबरी के बाद भारत ने ईरान को ऑल आउट करते हुए 24-21 से बढ़त बना ली। यहां से भारत ने मुकाबले में पीछे मुड़कर नहीं देखा और आखिरकार 38-29 से जीत दर्ज कर ली। यह कबड्डी विश्व कप के फाइनल में भारत की लगातार तीसरी जीत थी। इससे पहले साल 2004 और 2007 में भारत इस खिताब को अपने नाम कर चुका था। रोचक बात यह है कि तीनों बार भारत ने खिताबी मुकाबले में ईरान को ही शिकस्त दी।

साल 2004 में भारत और ईरान अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां भारत ने बांग्लादेश को, जबकि ईरान ने कनाडा को शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मैच में भारत ने ईरान को 55-27 से हराया। साल 2007 में भारत ने ईरान को 29-19 से शिकस्त देकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस विश्व कप में किर्गिस्तान और पाकिस्तान ने भाग नहीं लिया। इस बीच बांग्लादेश और जापान संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

## भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन, पहले दौर में बाहर हुए चार खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौरव (63 किग्रा), अंकित (77 किग्रा), रोहित बूरा (87 किग्रा) और जोगिंदर राठी (130 किग्रा) किसी भी तरह की चुनौती पेश नहीं कर पाए और अपने-अपने मुकाबले बुरी तरह हार गए।



भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया। पहले दिन भारतीय पहलवान एक भी मुकाबला नहीं जीत सके और सभी चार खिलाड़ियों को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। गौरव (63 किग्रा), अंकित (77 किग्रा), रोहित बूरा (87 किग्रा) और जोगिंदर राठी (130 किग्रा) किसी भी तरह की चुनौती पेश नहीं कर पाए और अपने-अपने मुकाबले बुरी तरह हार गए। गौरव का मुकाबला किर्गिस्तान के कुट्टूबेक ए अब्दुराजाकोव से था और वह तकनीकी श्रेष्ठता के कारण हार गए। अंकित को सर्बिया के जालान पेक के खिलाफ इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा। रोहित को क्वालिफिकेशन राउंड में अमेरिका के पेटन जे जैकबसन से जबकि जोगिंदर को उज्बेकिस्तान के दामिरखोन रख्मातोव से हार का सामना करना पड़ा।

# पंत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार

**इस टीम के खिलाफ करेंगे कप्तानी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत अब एक बार फिर मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं। लम्बे इंतज़ार के बाद उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में आधिकारिक वापसी 30 अक्टूबर को होगी। पंत भारत ए टीम की कप्तानी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच में उतरेंगे। यह मुकाबला बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा।

- **चोट से उबरने के बाद नई शुरुआत-** जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान पंत को पैर में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद से वह मैदान से दूर थे। लगभग तीन महीने के रिहैबिलिटेशन के बाद अब उन्होंने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, अक्टूबर की शुरुआत में पंत अपने रिकवरी के आखिरी चरण में थे और अब वे पूरी तरह से फिट माने जा रहे हैं।

**सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़ी मेहनत-** चोट के बाद पंत ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेंगलुरु में लंबा समय बिताया। वहां उन्होंने फिजियो और ट्रेनर्स की निगरानी में लगातार वजन प्रशिक्षण, बैलेंस और मूवमेंट एक्सरसाइज़ पर काम किया। पंत का पैर अब पूरी तरह से मजबूत हो चुका है और उन्होंने बल्लेबाज़ी और विकेटकीपिंग दोनों अभ्यास शुरू कर दिए हैं।

- **रणजी वापसी की योजना में बदलाव-** पहले ऐसा माना जा रहा था कि ऋषभ पंत 25 अक्टूबर से दिल्ली की ओर से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में खेलकर वापसी करेंगे। हालांकि अब यह योजना बदल गई है, क्योंकि भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच पहला चार



दिवसीय मैच रणजी मुकाबले के खत्म होने के सिर्फ दो दिन बाद शुरू होगा। ऐसे में क्कष्टष्ठ ने तय किया कि पंत की वापसी सीधे भारत ए टीम के साथ होनी चाहिए ताकि वह बड़े मंच पर अपनी लय पा सकें।

- **कप्तान के रूप में नई चुनौती-** बीसीसीआई ने न केवल ऋषभ पंत को टीम में शामिल किया है, बल्कि उन्हें कप्तानी की ज़िम्मेदारी भी दी है। इससे साफ है कि बोर्ड उनके अनुभव और नेतृत्व पर भरोसा कर रहा है। टीम में उनके उप-कप्तान होंगे साई सुदर्शन, जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

**भारत ए टीम**

**पहला मैच के लिए टीम :** ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, एन जगदीसन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उप-कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, अंशुल कंबोज, यश ठाकुर, आयुष बडोनी, सारांश जैन।

**दूसरा मैच के लिए टीम :** ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उप-कप्तान), देवदत्त पडिक्कल,
रुतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

**साउथ अफ्रीका बनाम पाकिस्तान**

# केशव महाराज के नाम सात विकेट, मेजबान 333 रन पर ढेर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की टीम रावलपिंडी में जारी दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में महज 333 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक, सऊद शकील और कप्तान शान मसूद ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं।रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम को 35 के स्कोर पर इमाम-उल-हक (17) के रूप में झटका लगा।

इसके बाद अब्दुल्ला शफीक ने कप्तान मसूद के साथ दूसरे विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी करते हुए पाकिस्तान को संभाला। शफीक 146 गेंदों में चार चौकों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बाबर आजम (16) भी चलते बने। पाकिस्तानी टीम का जब तीसरा विकेट गिरा, उस समय तक स्कोर 167 रन था। यहां से कप्तान मसूद ने सऊद शकील के साथ चौथे विकेट के लिए 45 रन जुटाते हुए टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। मसूद 176 गेंदों में 87 रन बनाकर आउट हुए। 246 के स्कोर तक पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान (19) का विकेट भी गंवा दिया था। यहां से सलमान आगा ने सऊद शकील के साथ छठे विकेट के लिए 70 रन जुटाते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। आगा 45 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शकील ने 66 रन टीम के खाते में जोड़े। पाकिस्तान की इस पारी में बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने 42.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान उन्होंने 102 रन देकर 7 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, साइमन हार्मर ने 2 सफलताएं हासिल कीं। शेष 1 विकेट तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने अपने नाम किया।

पाकिस्तान ने दो मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच 93 रन से अपने नाम करते हुए सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। ऐसे में मेजबान टीम की कोशिश इस मुकाबले को जीतकर 2-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। दूसरी ओर, साउथ अफ्रीकी टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज 1-1 से ड्रॉ करवाने की कोशिश करेगी।

# ब्रेंटफोर्ड ने वेस्ट हैम को हराया, सीजन का पहला प्रीमियर लीग अवे मैच जीता

**लंदन, एजेंसी।** ब्रेंटफोर्ड ने वेस्ट हैम पर 2-0 की शानदार जीत के साथ सीजन का अपना पहला प्रीमियर लीग अवे मैच जीत लिया है। इस जीत के साथ ब्रेंटफोर्ड ने नूनो एस्पिरिटो सैंटो के कोच बनने के बाद वेस्ट हैम के पहले घरेलू मैच का मजा किरकिरा कर दिया।अपने पिछले तीनों अवे लीग मैच हारने वाली मेहमान टीम शुरू से ही बेहतर प्रदर्शन कर रही थी। इगोर थियागो और सब्स्टीट्यूट मैथियास जेनसन के गोलों की बदौलत ब्रेंटफोर्ड ने जीत दर्ज की, जबकि यह हार वेस्ट हैम को अंकतालिका में 19वें स्थान पर और नीचे धकेल गई। 43वें मिनट में ब्रेंटफोर्ड ने बढ़त हासिल कर ली। वेस्ट हैम एक लॉन्ग बॉल को क्लीयर करने में नाकाम रहा। केविन शैड ने गेंद को हल्के से इगोर थियागो की दिशा में बढ़ाया, जिन्होंने लो शॉट लगाकर गोल किया। उनके शॉट में अल्फोंस एरीओला के टच के बावजूद गेंद को लाइन क्रॉस कराने की पर्याप्त शक्ति थी। हाफटाइम से ठीक पहले थियागो ने एक और गोल दागा, जिससे बढ़त दोगुनी होती नजर आई, लेकिन उसे ऑफसाइड करार देते हुए रद्द कर दिया गया। यह फैसला इसलिए दिलचस्प रहा, क्योंकि वैश्विक तकनीकी गड़बड़ी के चलते प्रीमियर लीग को अपने सेमी-ऑटोमेटेड ऑफसाइड सिस्टम को बंद कर पिछले सीजन के मैनुअल सिस्टम का इस्तेमाल करना पड़ा।




हाफटाइम पर जब टीमें मैदान से बाहर जा रही थीं, तो वेस्ट हैम के खिलाड़ियों को दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा। इससे नाराज होकर कोच नूनो एस्पिरिटो सैंटो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही तीन डिफेंसिव बदलाव किए, ताकि टीम को स्थिर किया जा सके। वेस्ट हैम कभी भी बराबरी का गोल करने की स्थिति में नजर नहीं आया। हैमर्स की निराशा तब और बढ़ गई जब मथियास जेन्सन ने स्टॉपेज टाइम (90+5) में ब्रेंटफोर्ड की जीत पक्की कर दी। ब्रेंटफोर्ड ने मुकाबले में 2-0 से लीड हासिल कर ली।

# एक दूसरे के खिलाफ अपनी बादशाहत साबित करने के लिए भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड

**महिला विश्व कपः**

**इंदौर, एजेंसी।** गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पहले ही महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं और ऐसे में बुधवार को यहां जब यह दोनों टीम शीर्ष स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में आमने सामने होंगी तो उनका लक्ष्य एक दूसरे पर अपनी बादशाहत साबित करना और अपनी जीत की लय बरकरार रखना होगा। दोनों टीमें अब तक अजेय रही हैं। इन दोनों टीम ने अभी तक चार मैच जीते हैं जबकि दोनों का एक-एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के 1.490 की तुलना में 1.818 के बेहतर नेट रन रेट के कारण अंक तालिका में शीर्ष पर है। इस मैच में जो भी टीम जीत हासिल करेगी उसका शीर्ष स्थान पक्का हो जाएगा। इसके अलावा उसे सेमीफाइनल से पहले मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल हो जाएगी।

एलिसा हीली की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभी तक कुछ अवसरों पर चुनौती का सामना भी करना पड़ा है लेकिन उसका प्रदर्शन शानदार रहा है। पहले दो मैच में उसके बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन एशले गार्डनर और बेथ मूनी के शानदार प्रदर्शन से वह न्यूज़ीलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रही थी। इसके बाद लगातार दो मैच में शतक लगाने वाली कप्तान हीली और भरोसेमंद फोएबे लिचफील्ड के नेतृत्व में उनके शीर्ष क्रम ने अपनी लय हासिल कर ली है।



इंग्लैंड के बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है और नई गेंद की विशेषज्ञ मेगन शट जैसी गेंदबाज इसका फायदा उठाने के लिए उत्सुक होंगी। ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल है, क्योंकि इस वर्ष के शुरू में उसने घरेलू मैदान पर उन्हें सभी प्रारूपों में परास्त किया था। लेकिन इंग्लैंड यहां की परिस्थितियों को बेहतर तरीके से जानता है क्योंकि कुछ दिन पहले उसने यहां भारत को पराजित किया था।

इंग्लैंड के गेंदबाजों ने दबाव में भी अपना धैर्य बनाए रखा, जिसमें लिंसे स्मिथ ने कमाल दिखाया। उन्होंने अंतिम ओवर में 13 रन बचाने से पहले स्मृति मंधाना का महत्वपूर्ण विकेट लिया। इसके अलावा उसके पास बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और ऑफ स्पिनर चार्ली डीन जैसे अनुभवी गेंदबाज हैं जो लगातार इंग्लैंड को मुश्किल परिस्थितियों से उबारती रही है। इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी हालांकि चिंता का विषय है क्योंकि अभी तक रन की बनाने की मुख्य जिम्मेदारी अनुभवी हीथर नाइट और नैट साइवर-ब्रंट ने उठाई है। इंग्लैंड को अगर जीत हासिल करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी योगदान देना होगा।

# ग्राहम पॉटर स्वीडन के नए हेड कोच नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्ट हैम के पूर्व मैनेजर ग्राहम पॉटर को स्वीडन का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है। पॉटर को यह जिम्मेदारी अस्थायी रूप से सौंपी गई है, ताकि वह स्वीडन की फीफा विश्व कप क्वालीफिकेशन में कमजोर प्रदर्शन कर रही टीम की उम्मीदों को फिर से जीवित कर सकें।50 वर्षीय पॉटर ने अपनी नई भूमिका को लेकर कहा, स्वीडन के पास शानदार खिलाड़ी हैं, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। मेरा काम ऐसी परिस्थितियां तैयार करना होगा, जिससे हम एक टीम के रूप में सर्वोच्च स्तर पर प्रदर्शन करें और अगले साल गर्मियों में स्वीडन को विश्व कप तक पहुंचा सकें। जॉन डाहल टॉमसन की बर्खास्तगी के बाद से स्वीडन के पास हेड कोच नहीं था। टॉमसन को 13 अक्टूबर को कोसोवो से 1-0 की हार के बाद बर्खास्त कर दिया गया था। इस परिणाम ने ग्रुप बी से टीम की स्वतः क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को खत्म कर दिया है। हालांकि, अभी सब कुछ खत्म नहीं



हुआ है। 2024-25 यूईएफए नेशंस लीग में शानदार प्रदर्शन की बदौलत स्वीडन के पास शीर्ष दो में जगह न बनाने के बावजूद प्ले-ऑफ में पहुंचने की संभावना है। स्वीडन ने यूईएफए नेशंस लीग में अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था। पॉटर वेस्ट हैम में एक मुश्किल कार्यकाल के बाद स्टॉकहोम पहुंचे हैं, जहां उन्हें सितंबर के अंत में बर्खास्त कर दिया गया था। हैमर्स ने 2025-26 प्रीमियर लीग सीजन के छह मैचों में केवल एक ही जीत दर्ज की थी, जिससे टीम रेलीगेशन जोन में थी। जनवरी में क्लब में शामिल होने के बाद, पॉटर ने 23 मुकाबलों में सिर्फ छह जीत हासिल की थी। इसके बावजूद, पॉटर स्वीडिश फुटबॉल में एक सम्मानित शख्सियत बने हुए हैं। उन्होंने ओस्टरसंड को स्वीडन की चौथी श्रेणी से सिर्फ चार सीजन में ऑलस्वेन्स्का तक पहुंचाया और 2017 में स्वेंस्का कपेन जीता। पॉटर के कोचिंग करियर में स्वानसी सिटी और ब्राइटन में सफल कार्यकाल भी शामिल है।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो के भारत आने की संभावना नहीं, अल नासर और एएफसी गोवा के बीच होना है मैच



**मडगांव, एजेंसी।** सऊदी अरब के शीर्ष क्लब अल नासर की टीम एफसी गोवा के खिलाफ एएफसी चैंपियंस लीग 2 के मैच के लिए सोमवार की रात को पहुंचेगी लेकिन दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 22 अक्तूबर को होने वाले मैच के लिए मेहमान टीम के साथ आने की संभावना नहीं है। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के भारत आने की संभावना नहीं है। रोनाल्डो को भारत में खेलते देखने के लिए प्रशंसक काफी बेताब थे, लेकिन माना जा रहा है कि रोनाल्डो भारत नहीं आएंगे। दरअसल, सऊदी अरब के शीर्ष क्लब अल नासर की टीम एफसी गोवा के खिलाफ एएफसी चैंपियंस लीग 2 के मैच के लिए सोमवार की रात को पहुंचेगी लेकिन दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 22 अक्तूबर को होने वाले मैच के लिए मेहमान टीम के साथ आने की संभावना नहीं है। सऊदी अरब के खेल समाचार पत्र अल रियादिया के अनुसार एफसी गोवा प्रबंधन के कई बार अनुरोध के बावजूद 40 वर्षीय रोनाल्डो अल नासर की टीम का हिस्सा नहीं होंगे। एफसी गोवा ने पूर्व एएफसी कप विजेता अल सीब को हराकर चैंपियंस लीग के दूसरे चरण में जगह बनाई थी। इसके बाद उसे टूर्नामेंट के इस चरण के लिए अल नासर के साथ ग्रुप डी में रखा गया है।

# दिवाली पर गैस चैंबर बना दिल्ली-एनसीआर! आसमान में छाई जहरीली धुंध, आईक्यू 'बहुत खराब' श्रेणी, ग्रेप-2 लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है. राजधानी दिल्ली में दीपावली के बाद अब मौसम में भी बदलाव देखा जा रहा है. ठंड के साथ दिल्ली में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ गया है. दीवाली के अगले दिन यानी आज से मौसम में बदलाव के संकेत दिख रहे हैं. यह बदलाव दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई राज्यों में देखने को मिलेगा. दिल्ली में कल अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा.

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण स्तर ने फिर चिंता बढ़ा दी है. राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेप-2 (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान-2) के तहत सख्त नियम लागू हैं, लेकिन इसके बावजूद हवा की गुणवत्ता गंभीर स्तर पर पहुँच गई है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 317 दर्ज किया गया है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है.

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार, 21 अक्टूबर 2025 को दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है. इस दौरान आसमान में धुंध भी देखने को मिलेगी. राजधानी दिल्ली में कल रात दिवाली पर चले पटाखे के बाद दिल्ली पूरी तरह से गैस चैंबर में तब्दील हो गई है. चारों तरफ प्रदूषण की चादर नजर आ रही है. मौसम विभाग की इमारत और राजधानी दिल्ली में आने वाले दिनों में दिल्ली की अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी जाएगी.

केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह 7~00 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 350 अंक बना हुआ है जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 248 गुरुग्राम में 258 गाजियाबाद में 267 ग्रेटर नोएडा में 288 और नोएडा में 285 अंक बना हुआ है. राजधानी दिल्ली के अधिकांश सभी इलाकों में आईक्यू लेवल 300 से ऊपर और 400 के बीच में बना हुआ है.



## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच कब तक बनेगा नया लिंक रोड?

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच सुगम आवागमन के लिए नया संपर्क मार्ग (लिंक रोड) अगले साल मार्च तक मिल जाएगा। इसके लिए नॉलेज पार्क तीन से हिंडन नदी पर निर्माणाधीन पुल तक बन रहे एक किलोमीटर लंबी सड़क का काम तेज कर दिया गया है। पुस्ता के किनारे अंडरपास का काम पूरा हो गया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के मार्च 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश सेतु निगम हिंडन नदी पर पुल का निर्माण कर रहा है। इसका 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। हिंडन पुस्ता के किनारे ग्रेटर नोएडा की तरफ अंडरपास भी बन चुका है। वहीं, नोएडा और ग्रेटर नोएडा को जोड़ने के लिए शारदा गोलचक्कर से हिंडन पुल तक बनाई जा रही एक किलोमीटर लंबी सड़क का अब तक 35 फीसदी काम हुआ है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने-अपने क्षेत्र में सड़क का निर्माण कर रहे हैं। इस परियोजना के पूरा होने पर परी चौक और सूरजपुर घंटाघर चौक पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। परी चौक, एलजी गोलचक्कर और सूरजपुर घंटाघर चौक पर लंबा जाम लगने लगा है। आगामी कुछ महीनों में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और अधिक बढ़ जाएगा। इसे देखते हुए दोनों शहरों के बीच नए संपर्क मार्ग का काम तेज कर दिया गया है।

मार्च 2026 में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना पर प्राधिकरण 25 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। इस सड़क के बनकर तैयार हो जाने पर एलजी गोलचक्कर से नॉलेज पार्क होते हुए नोएडा सेक्टर 145- 146 व आसपास के सेक्टरों में पहुंचना सुगम हो जाएगा। नोएडा- ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन से भी जोड़ा जाएगा। अभी नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच आवागमन के लिए एक्सप्रेसवे, दादरी सूरजपुर छलेरा (डीएससी) मार्ग और पर्थला से लोग आवाजाही करते हैं।

हिंडन पुस्ता से नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा की तरफ शारदा गोलचक्कर तक लगभग 300 मीटर की सड़क एलिवेटेड होगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, ताकि हिंडन पुस्ता के किनारे पहले से बनी सड़क से होकर गुजरने वाला ट्रैफिक बाधित न हो। अंडरपास के लिए लेंटर डालने का काम पूरा हो चुका है। अब साइट में दीवार खड़ी कर एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

सुनील कुमार सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, नोएडा और ग्रेटर नोएडा को एलजी चौक से सीधे जोड़ने का काम प्रगति पर है। इसे निर्धारित समय पर पूरा कर लिया जाएगा। नॉलेज पार्क तीन से हिंडन नदी पर निर्माणाधीन पुल तक सड़क का काम चल रहा है। अंडरपास का काम पूरा हो गया है। कार्यदायी संस्था को तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गाजियाबाद में दिवाली बाद लागू होंगे नए सर्किल रेट


**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में सर्किल रेट बढ़ाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। जिला प्रशासन ने नई दरों का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। उम्मीद है कि दिवाली के बाद जिले में नए सर्किल रेट लागू हो जाएंगे।

राजस्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नई दरों में 10 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। यह वृद्धि आवासीय, वाणिज्यिक और कृषि भूमि सहित तीनों श्रेणियों के लिए अलग-अलग निर्धारित की गई है। बढ़े हुए सर्किल रेट से सरकार को राजस्व में बढ़ोतरी होगी, वहीं संपत्ति खरीदने वालों को स्टांप शुल्क में अधिक राशि चुकानी पड़ेगी। 53 आपत्तियां आईं, ज्यादातर निस्तारित ~ नए सर्किल रेट के प्रस्ताव पर कुल 53 आपत्तियां आई थीं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण किया जा चुका है। केवल हरनंदीपुरम क्षेत्र से जुड़ा मामला ही अभी विचाराधीन है। राजस्व विभाग का कहना है कि शासन से दिशानिर्देश मिलते ही इस पर निर्णय लेकर नई दरें अधिसूचित कर दी जाएंगी।

**10 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी** ~ सूत्रों के अनुसार आवासीय क्षेत्रों में सर्किल रेट में औसतन 10 से 25 प्रतिशत, जबकि वाणिज्यिक क्षेत्रों में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में कृषि भूमि के सर्किल रेट में भी मामूली बढ़ोतरी की संभावना है। जिला प्रशासन के अनुसार, हरनंदीपुरम क्षेत्र में कुछ खसरा नंबरों के सर्किल रेट को लेकर विवाद बना हुआ है। इन खसरा नंबरों पर दरें नहीं बढ़ाई गई हैं, क्योंकि संबंधित भूमि पर हरनंदीपुरम को बसाना है।

**दिल्ली में प्रदूषण पर बीजेपी-आप में रार!**

## आप के आरोप के बाद अमित मालवीय ने पंजाब सरकार को ठहराया जिम्मेदार, कहा- यह उनका धुआं





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय ने राजधानी में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर के लिए आम आदमी पार्टी (आप) शासित पंजाब सरकार को जिम्मेदार ठहराया है. एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने दावा किया कि दिवाली या पटाखे नहीं, बल्कि पंजाब में पराली जलना दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण है. उन्होंने दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता के लिए आप को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पराली जलाने के मामले में पार्टी की निष्क्रियता, पारंपरिक त्योहारों के आयोजनों की तुलना में प्रदूषण में अधिक योगदान देती है.

अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, जब तक अरविंद केजरीवाल शासित पंजाब पराली जलाना बंद नहीं करता, दिल्ली और एनसीआर का दम घुटता रहेगा. आम आदमी पार्टी के पापों के लिए दीपावली को दोष देना बंद करें - यह उनका धुआं है, जो दिल्ली के आसमान को काला कर रहे हैं, न कि त्योहार के दीये या पटाखे. उनकी काली छाया अभी भी राजधानी पर मंडरा रही है. हवा हुई बहुत खराब~ दिवाली के बाद, मंगलवार सुबह दिल्ली में घने और भारी धुंध की चादर छाई रही और एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया. अधिकांश निगरानी केंद्रों को प्रदूषण के रेड जोन में चिह्नित किया गया. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, मंगलवार सुबह 10 बजे तक दिल्ली का औसत एक्यूआई 359 रहा.

कई इलाकों में गंभीर श्रेणी में आईक्यू : सीपीसीबी के अनुसार, सुबह 10 बजे तक बवाना में एक्यूआई 432 दर्ज किया गया. वहीं जहांगीरपुरी में एक्यूआई 405, अशोक विहार में एक्यूआई 408 और वजीरपुर में एक्यूआई 408 के साथ सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र बना हुआ है, जहां एक्यूआई गंभीर श्रेणी में है. दरअसल, 0-50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51-100 के बीच को संतोषजनक, 101-200 के बीच को मध्यम, 201-300 के बीच को खराब, 301-400 के बीच को बहुत खराब और 401-500 के बीच एक्यूआई को गंभीर माना जाता है. दिवाली के बाद वायु प्रदूषण बढ़ने से दिल्ली के लोगों में सांस लेने में कठिनाई और आंखों में जलन जैसी समस्याएं सामने आईं. सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में आतिशबाजी पर प्रतिबंध में ढील दी थी और कुछ शर्तों के साथ ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति दी थी.


## नक्सलवाद को अगले साल मार्च तक समाप्त कर दिया जाएगा : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में भाग लिया. वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सिंह ने राष्ट्र की सेवा में पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान का सम्मान किया.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर भारत के पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की सुरक्षा बनाए रखने में उनके साहस, समर्पण और बलिदान की सराहना की. एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, पुलिस स्मृति दिवस पर हम अपने पुलिसकर्मियों के साहस को सलाम करते हैं और कर्तव्य पथ पर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हैं. उनका दृढ़ समर्पण हमारे देश और लोगों को सुरक्षित रखता है. संकट के समय और जरूरत के समय में उनकी बहादुरी और प्रतिबद्धता सराहनीय है.

इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, नक्सलवाद लंबे समय से हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए एक समस्या रहा है लेकिन हम इस समस्या को बढ़ने नहीं देंगे. हमारी पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सभी अर्धसैनिक बलों और स्थानीय प्रशासन का सहयोगात्मक कार्य सराहनीय है. पूरे देश को विश्वास है कि अगले साल तक यह समस्या समाप्त हो जाएगी. वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या भी बहुत कम है, और उन्हें भी अगले साल मार्च तक समाप्त कर दिया जाएगा.

रक्षा मंत्री ने आगे कहा, जो इलाके कभी



नक्सलियों के आतंक से थर्राते थे, अब वहां सड़कें, अस्पताल, स्कूल और कॉलेज हैं. जो इलाके पहले नक्सलियों के गढ़ थे, वे अब शिक्षा के गढ़ बन गए हैं. भारत के जो इलाके रेड कॉरिडोर के रूप में कुख्यात थे, वे अब विकास के गलियारों में तब्दील हो रहे हैं. सरकार ने जो बदलाव हासिल किया है, उसमें हमारे पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों का अहम योगदान है. सुरक्षाकर्मियों के अथक प्रयासों की बदौलत यह समस्या अब इतिहास बनती जा रही है.

उन्होंने कहा, हमने अपने पुलिस बलों पर भी ध्यान केंद्रित किया है जो राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित हैं. यह बहुत खेद की बात है कि लंबे समय तक, एक समाज और एक राष्ट्र के रूप में हमने अपनी पुलिस के योगदान को पर्याप्त मान्यता नहीं दी. हमने अब अपनी पुलिस को न केवल आधुनिक हथियार, बल्कि बेहतर सुविधाएं भी प्रदान की हैं. राज्यों को पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए पर्याप्त संसाधन दिए जा रहे हैं.

## हूती विद्रोहियों ने यमन के पांच कर्मियों को मुक्त किया

**सना, एजेंसी।** यमन में हूती विद्रोहियों ने यमन के पांच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) कर्मचारियों को रिहा कर दिया। विद्रोहियों ने 15 अंतरराष्ट्रीय कर्मियों को सना स्थित यूएन परिसर में स्वतंत्र रूप से आने-जाने की अनुमति दी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि हूती सुरक्षा बल परिसर से हट गए हैं।

बता दें कि हूती लंबे समय से यूएन और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को निशाना बनाते रहे हैं। उन पर जासूसी के आरोप भी लगे हैं जिन्हें यूएन ने खारिज किया है। कर्मियों को मुक्त करने के अलावा हूती विद्रोहियों ने अपने सैन्य प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद अब्दुल करीम अल-गमारी का अंतिम संस्कार भी किया।गमारी हाल ही में इस्राइली सेना के हवाई हमले में मारे गए थे। हजारों लोग सना की सड़कों पर दिखे और इस्राइल के खिलाफ नारे भी लगाए। हूती समर्थित मीडिया के अनुसार, अल-गमारी के अलावा उनके 13 वर्षीय बेटे और कई सहयोगी भी मारे गए। बता दें कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने अल-गमारी पर कई प्रतिबंध लगाए थे। गमारी पर यमन और सऊदी अरब पर हमलों के संचालन का आरोप भी लगा था। बता दें कि इस्राइल और अमेरिका हूती हमलों के जवाब में संयुक्त सैन्य अभियान चला रहे हैं।

### पेंसिल्वेनिया कॉलेज परिसर में यौन उत्पीड़न के दोषी को सजा का इंतजार

#### 2013 में हुआ था जघन्य अपराध

अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के गेटीसबर्ग कॉलेज में करीब 12 साल पहले जघन्य अपराध हुआ था। 2013 में हुए यौन उत्पीड़न के इस मामले में आरोपी इयान क्लीरी (32) को अदालत ने दोषी पाया है। अब उसे सजा सुनाई जानी है। क्लीरी ने पीड़िता से दुष्कर्म का जुर्म कबूल कर लिया है। देश के कानून के मुताबिक उसे चार से आठ साल की सजा हो सकती है। घटना के बाद क्लीरी कॉलेज छोड़कर कैलिफोर्निया चला गया था। यहां उसने पढ़ाई पूरी करने के बाद टेस्ला में काम भी किया। कई वर्षों बाद उसने फेसबुक पर पीड़िता को संदेश भेजा जिससे इस जघन्य अपराध का मामला एक बार फिर प्रकाश में आया। 2021 में आई समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के बाद जांच में तेजी आई। क्लीरी को 2024 में फ्रांस से प्रत्यर्पित किया गया। पीड़िता ने 12 साल तक इंसाफ पाने के लिए संघर्ष किया।सरकारी वकील ने आरोप लगाया कि क्लीरी लंबे समय से फरार था, जबकि बचाव पक्ष के वकील ने दावा किया कि उसे अदालती कार्यवाही के बारे में जानकारी नहीं थी।

## बोलिविया में पलटी सत्ता

**रॉड्रिगो पाज की ऐतिहासिक जीत; अमेरिका के साथ रिश्तों में करेंगे नई शुरुआत?**



**सूक्रे, एजेंसी।** बोलिविया में बीते 20 वर्षों में पहली बार एक दक्षिणपंथी नेता राष्ट्रपति चुने गए हैं। रॉड्रिगो पाज ने रविवार को हुए चुनाव में 54.5% वोट पाकर चौंकाने वाली जीत दर्ज की। यह नतीजा देश में लंबे समय से चली आ रही वामपंथी सरकार के युग के अंत का संकेत भी माना जा रहा है। अपनी जीत के बाद पाज ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका के साथ रिश्ते सुधारने और विदेशी निवेश लाने पर ध्यान देंगे। उन्होंने वॉशिंगटन के साथ पहले से बातचीत शुरू कर दी है ताकि 8 नवंबर को पदभार संभालने के बाद ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

**अमेरिका के साथ नए संबंधों की शुरुआत**– अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाज की जीत को दोनों देशों के लिए एक नए युग की शुरुआत बताया। पाज ने भी कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने सहयोग के स्पष्ट संकेत दिए हैं और अब दोनों देश निवेश, सुरक्षा और आव्रजन जैसे मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे।

### तेल की किल्लत और बिगड़ी अर्थव्यवस्था

बोलिविया की अर्थव्यवस्था गहरे संकट में है। देश के केंद्रीय बैंक के पास विदेशी मुद्रा लगभग खत्म हो चुकी है, जिससे पेट्रोल और डीजल जैसी जरूरी चीजों का आयात मुश्किल हो गया है। शहरों में ईंधन के लिए लंबी लाइनें लग रही हैं और सितंबर में महंगाई दर 23% तक पहुंच गई, जो 1991 के बाद सबसे ज्यादा है।

**आईएमएफ से नहीं लेंगे मदद**– चुनाव में पाज ने अपने प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज तूतो किरोगा को हराया, जो आईएमएफ से कर्ज लेकर आर्थिक संकट सुलझाना चाहते थे।

पाज ने इस विचार को ठुकरा दिया क्योंकि बोलिविया में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रति अविश्वास गहरा है।

### जनता से जुड़ने में लारा की अहम भूमिका

पाज की लोकप्रियता में बड़ी भूमिका उनके उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एडमैन लारा की रही। पूर्व पुलिस अधिकारी लारा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सोशल मीडिया पर आवाज उठाई थी और खासकर गरीब और ग्रामीण मतदाताओं में काफी लोकप्रिय हुए। उन्होंने पेंशन बढ़ाने और नकद सहायता जैसी लोकलुभावन घोषणाएं कीं, जिससे वामपंथी मतदाताओं का समर्थन भी मिला।

**संविधान में बदलाव की योजना?**– पाज ने कहा कि वो सबसे पहले देश की व्यवस्था सुधारेंगे। इसके लिए संविधान में बदलाव की भी योजना है। हालांकि इससे देश की बहुसंख्यक आदिवासी आबादी में चिंता है क्योंकि मौजूदा संविधान ने उन्हें राजनीतिक पहचान दी थी। पाज ने भरोसा दिलाया कि आदिवासी समुदाय का सम्मान बरकरार रहेगा और न्यायपालिका में राजनीतिक हस्तक्षेप खत्म करने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएंगे।

# साने ताकाइची ने रचा इतिहास, बनीं जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान की संसद ने मंगलवार को अति–रूढ़िवादी साने ताकाइची को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना। इसके साथ ही साने ने जापान में एक नया इतिहास लिख दिया। 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' की प्रमुख 64 वर्षीय ताकाइची प्रधानमंत्री के रूप में शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी, जिन्हें दो बार चुनावी हार के बाद मजबूरन इस्तीफा देना पड़ा था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार जापान की संसद के निचले सदन में साने ताकाइची को 237 वोट मिले हैं, जो 465 सीटों वाले सदन में बहुमत से अधिक है। वह आज शाम जापान के 104वें प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेंगी।

### जापान की आयरन लेडी

जापान की संसद सदस्य तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाली ताकाइची आर्थिक सुरक्षा मंत्री समेत कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं। कट्टर रूढ़िवादी छवि की वजह से आलोचक उन्हें लेडी डोनाल्ड ट्रंप कहने लगे हैं, तो पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कथित तौर पर उन्हें 'तालिबान ताकाइची' तक कह दिया था। वह मार्गरेट थैचर की तरह जापान की आयरन लेडी के नाम से मशहूर हैं। एक मजबूत सेना की समर्थक हैं ताकाइची साने ताकाइची की छवि एक अति–रूढ़िवादी नेता की है। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के रूढ़िवादी दृष्टिकोण की समर्थक माना जाता है। लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी एक पुरुष प्रधान पार्टी है और ताकाइची इस पार्टी की पहली महिला अध्यक्ष हैं। ताकाइची साल 1993 में पहली बार अपने गृहनगर नारा से सांसद चुनी गईं थीं।

उन्होंने आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता मंत्री सहित कई अहम सरकारी पदों पर काम किया है। ताकाइची एक मजबूत सेना, सैन्य खर्च बढ़ाने, परमाणु संलयन को बढ़ावा देने, साइबर सुरक्षा और आव्रजन पर सख्त नीति की



समर्थक हैं। ताकाइची शाही परिवार में केवल पुरुषों के उत्तराधिकार की समर्थक हैं, वे समलैंगिक विवाह का विरोध करती हैं और 19वीं सदी के नागरिक कानून में संशोधन का विरोध करती हैं।

**एंकर से देश की पीएम बनने तक का सफर**– साने ताकाइची का जन्म सात मार्च 1961 को जापान के नारा राज्य में हुआ था। उनके पिता टोयोटा कंपनी में कर्मचारी थे, तो मां पुलिस में। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद ताकाइची निजी विश्वविद्यालय से पढ़ाई करना चाहती थीं, लेकिन छोटे भाई की पढ़ाई में कोई व्यवधान न आए, इसलिए उन्होंने कोबे विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने टीवी एंकरिंग समेत अन्य काम किए। 1984 में ताकाइची ने मात्सुशिता इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नमेंट एंड मैनेजमेंट में प्रवेश लिया। तीन साल बाद, उन्हें एक कार्यक्रम के तहत वाशिंगटन डीसी भेजा गया।

### शिंजो आबे से सीखी राजनीति

अमेरिका से लौटने के बाद ताकाइची ने राजनीति में सक्रियता बढ़ा दी। उन्होंने 1992 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव ?लड़ा, लेकिन हार गईं। इसके एक साल बाद ही और अच्छी तैयारी के साथ फिर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में संसदीय चुनाव मैदान में उतरीं और जीत दर्ज की। 1996 में वह दक्षिणपंथी एलडीपी से जुड़ गईं और अब तक संसद सदस्य हैं। 2000 के दशक में ताकाइची शिंजो आबे की सहयोगी बन गईं, जो लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने आबे के मार्गदर्शन में राजनीति के दांव–पेच सीखे।

### एलडीपी की पहली महिला अध्यक्ष

64 वर्षीय साने ताकाइची एलडीपी की पहली महिला अध्यक्ष बनने के साथ ही देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने वाली हैं। वह नारा प्रांत की पहली ऐसी व्यक्ति होंगी, जो प्रधानमंत्री बनेंगी। इसके साथ ही द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने वाली भी वह ऐसी पहली व्यक्ति बन जाएंगी, जिसका किसी राजनीतिक खानदान से ताल्लुक न हो। वह चीन के सैन्य और आर्थिक प्रभाव बढ़ाने के प्रयासों की एक प्रमुख आलोचक रही हैं और उन्होंने जापान से अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया है।

# बोकारो पुलिस केंद्र में शहीदों के सम्मान में संस्मरण दिवस, शहीदों के परिजन सम्मानित







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस केंद्र में आज शहीदों के सम्मान में संस्मरण दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सिटी डीएसपी, ट्रैफिक डीएसपी, सार्जेंट मेजर, थाना प्रभारी, पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मी तथा शहीद परिवारों के परिजन भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद जवानों को सलामी देकर की गई। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने शहीद जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस भावनात्मक क्षण के दौरान पुलिस कर्मियों ने शपथ ली कि वे भी देश और समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। संस्मरण दिवस के दौरान शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। पुलिस विभाग की ओर से उन्हें सम्मान पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो उठीं जब शहीदों के परिजनों ने अपने अनुभव साझा किए। अपने संबोधन में एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि आज का दिन उन वीर जवानों को याद करने का है जिन्होंने देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानियों के कारण ही आज हम सब सुरक्षित हैं। एसपी ने शहीद परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शहीदों की गाथाएं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, और हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज में शांति और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना चाहिए।

## पुलिस संस्मरण दिवस नम आंखों से दी गई शहीदों को श्रद्धांजलि



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के पुलिस लाइन में मंगलवार को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। पुलिस केंद्र में आयोजित समारोह में झारखंड सहित पूरे देश में देश की सुरक्षा के दौरान अपना कर्तव्य निभाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए उन पुलिसकर्मियों की याद में सबसे पहले शोक परेड का आयोजन किया गया। इसके बाद दो मिनट का मौन रख शहीदों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। इसके बाद समारोह में उपस्थित तमाम पुलिसकर्मियों ने शहीद स्मारक पर एक-एक कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान शहीद की पत्नियों और उनके परिजनों को पुष्पगुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। बता दें कि हर वर्ष 21 अक्तूबर के दिन देश में पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जाता है। जिसमें पुलिस विभाग के द्वारा अपने कर्तव्यों के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाती है। कार्यक्रम में विशेष रूप से धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी समेत जिले के तमाम डीएसपी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## नगर विकास मंत्री ने किया गिरिडीह में छठ घाटों का निरीक्षण



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दीपावली संपन्न होने के साथ ही लोग अब छठ महापर्व की तैयारी में जूट गए है। इसी क्रम में झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज पदाधिकारियों के साथ शहर के छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने झरियागादी छठ घाट, दीन दयाल उपाध्याय छठ घाट, शिव शक्ति छठघाट, अरगाघाट, मेट्रोस गली, शीतलपुर, सिरसिया, सिहोडीह समेत शहर के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया । छठ घाट निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते, बीडीओ गणेश रजक, सीओ जितेन्द्र प्रसाद, एसडीपीओ जीत वाहन उरांव, डीएसपी नीरज सिंह सहित झामुमो के जिलाध्यक्ष संजय सिंह भी उपस्थित थे। छठ घाट का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी छठ घाटों को दुरुस्त करने के साथ साथ व्यापक रूप से लाइट बत्ती, साफ सफाई इत्यादि का इंतजाम करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने पत्रकारों को बताया कि छठ महापर्व को लेकर पिछले बार से बेहतर व्यवस्था की जायेगी। नगर निगम की ओर से पहल किया जा रहा है। वहीं छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका भी ख्याल रखने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

## अनक्लेम्ड डिपॉजिट पर विशेष शिविर का आयोजन 24 को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), भारत सरकार के निदेशार्नुसार बोकारो जिले में अनक्लेम्ड डिपॉजिट से संबंधित जागरूकता और निस्तारण के उद्देश्य से एक जिला स्तरीय विशेष शिविर आगामी 24 अक्टूबर प्रातः 11:00 बजे से कैंप टू स्थित जायका हैप्पेनिंग्स में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा करेंगे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। वे लोगों को अपने बैंकों में पड़े निष्क्रिय या अनुपयोगी खातों, सावधि जमा पीपीएफ, और अन्य जमा योजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी देंगे तथा इन खातों से जुड़ी धनराशि की प्राप्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया से सभी को अवगत कराएंगे। इस संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक, बोकारो आबीद हुसैन ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य आम लोगों को उन जमा राशियों के बारे में जागरूक करना है जो लंबे समय से उनके या उनके परिजनों के बैंक खातों में निष्क्रिय पड़ी हैं।

## धूमधाम से मनाई डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 138वीं जयंती

### बोकारो इस्पात कारखाना भी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की देन : जगन्नाथ शाही







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के तत्वाधान में अविभाजित बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह की 138 वीं जयंती धूमधाम से सेक्टर 4 स्थित कृष्ण सिंह के प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जगन्नाथ शाही थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पण से हुआ। अपने संबोधन में जगन्नाथ शाही ने कहा कि श्री कृष्ण सिंह भारत के महान नेताओं में से एक थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने जमींदारी उन्मूलन और दलितों का मंदिर में प्रवेश करा कर समता मूलक समाज की स्थापना करते हुए जाति प्रथा का पुरजोर विरोध किया। वह परिवारवाद और भ्रष्टाचार के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने अपने बेटे को टिकट देने से मना कर दिया तथा 15 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने पर भी उनकी कमाई मात्र 35000 रुपया था। बोकारो इस्पात कारखाना जिस मिट्टी पर हम आज खड़े हैं उन्हीं की देन है। कृष्ण सिंह ना होते तो हटिया स्थित भारी उद्योग निगम, सिंदरी का उर्वरक संयंत्र, दामोदर घाटी निगम नहीं होता, उनकी कृति ने राष्ट्र की नींव रखने में मदद की, उनकी यह कृति उनकी सोच को दशार्ने के लिए पर्याप्त है। उनके विकासवादी सोच और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। विषय प्रवेश प्रेम कुमार सिंह, और स्वागत नरेंद्र कुमार राय ने किया। समस्त कार्य कार्यक्रम का संचालन आयोजक मंडल सदस्य देवनारायण सुधांशु और धन्यवाद ज्ञापन नगनारायण प्रसाद शाही ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमलेश राय, राजीव कुमार राय,सुरेश राय, नग नारायण प्रसाद शाही, प्रेम कुमार,नरेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद शर्मा, श्याम मनोहर सिंह , पीयूष राय, दीनदयाल शर्मा, अनुरंजन शर्मा, सर्वेश चौधरी, बीके सिंह, देव नारायण सुधांशु, अमर नाथ सिंह, सुशील ठाकुर, एस एन शर्मा, प्रमोद कुमार, अरविंद राय, भरत सिंह, मिथिलेश पांडेय,पंकज कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, दीपक मिश्रा, राम विलास सिंह, राधेश्याम सिन्हा,एस पी सिंह, संजय ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कार्तिक अमावस्या पर 24 घंटे खुला रहा माँ छिन्नमस्तिके का दरबार



**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिकेप मंदिर रात भर खुला रहा और पूरा मंदिर क्षेत्र मां के भजन कीर्तन एवं मंत्र उच्चारण से गूंजता रहा, ऐसा पूरे वर्ष में सिर्फ एक बार होता है जब कार्तिक मास में अमावस्या की तिथि शुरू होती है। इस विशेष तिथि पर मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों का तांता रात भर लगा रहा, जिसमें उड़ीसा पश्चिम बंगाल बिहार के साधकों लावा गुप्त साधना करने वाले साधक भी देखे गए। पूरे मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है जिसकी मनमोहक छटा रात्रि में देखने लायक है। इस मौके पर मंदिर न्यास समिति के पुजारी पप्पू पंडा ने बताया कि आज का अमावस्या सबसे खास है आज के दिन माँ से मांगी गई मनोकामना, तंत्र और सिद्ध होती है। श्रद्धालु रात भर खड़े होकर मां का दर्शन कर पुण्य का भागी बन रहे हैं, मंदिर न्यास समिति की ओर से भव्य भांडारे का व्यवस्था किया गया है जो रात भर चला। मंदिर में पूजा करने आए कोलकाता के एक श्रद्धालु ने बताया कि यह मंदिर हमारे पूर्वजों के द्वारा बनवाया गया है जिसे हमारे पूर्वज राजा रुद्र नारायण सिंह ने बनवाया था, विशेष स्थिति पर आज मैंने अपने परिवार सहित झारखंड बिहार पश्चिम बंगाल उड़ीसा के लोगों की खुशहाली की कामना की है। पिछले 50 वर्षों से इस विशेष तिथि पर मां के दरबार में भंडारा बनाने वाले करीब 90 वर्षीय कमल चटर्जी ने बताया कि मैं 89 वर्ष का होकर भी पूर्ण स्वस्थ हुं इसे माँ की कृपा ही मानता हूं।

## पोक्सो एक्ट के आरोपी आकाश मुंडा रिहा परिवार ने जताई खुशी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के विशेष न्यायाधीश सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवेश कुमार त्रिपाठी की अदालत ने आज पोक्सो एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) के तहत दायर मामले पोक्सो 45/2024 में विचारण के पश्चात साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। यह फैसला पोक्सो एक्ट के विशेष कोर्ट ने सुनाया, जिसमें मुंडा के वरीय वकील श्री रणजीत गिरि द्वारा पेश किए गए तर्कों को सही ठहराते हुए रिहा करने का आदेश दिया। आकाश मुंडा शिक्षक पर आरोप था कि एक नाबालिक लड़की को भागने का आरोप लगा था। घटना अप्रैल 2024 की है, जब बोकारो के एक आवासीय इलाके में एक नाबालिक लड़की ने आकाश मुंडा पर पोक्सो एक्ट की धारा 8 और 12 एवं 363/366ए आई पी सी के तहत सेक्टर 12 थाना कांड संख्या 48/24 शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने तुरंत मुंडा को गिरफ्तार कर लिया था और मामला विशेष अदालत में विचाराधीन था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटाए थे, लेकिन मुंडा के बचाव पक्ष के वकील रणजीत गिरि ने दावा किया कि मामला बनावटी था और भयादोहन करने के नियत से किया गया था। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि "न्यायिक प्रक्रिया में निर्दोष को सजा नहीं दी जा सकती।

## जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में बारामुडी से आई झुना देवी ने रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात जमीन का रजिस्ट्रेशन नही करने की शिकायत उपायुक्त से की। वहीं गोपीनाथडीह पंचायत से आए विजेंद्र कुमार पासवान ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ लाभुक की जगह गलत व्यक्ति को आवंटित करने की शिकायत उपायुक्त से की। इसके अलावा नई मस्जिद वासेपुर से आए मो. फेदा एउर रहमान ने हल्का 3 बौआकला मौजा का पंजी 2 निर्गत करते हुए ऑनलाइन लगन रसीद निर्गत करने हेतु उपायुक्त को आवेदन सौंपा। साथ ही तोपचांची के खेराबेड़ा से आए ग्रामीणों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेराबेडा में शिक्षक बहाल करने हेतु मांग पत्र सौंपा। इसके अलावा जनता दरबार में उपायुक्त कई विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत, दोनों चचेरे भाई

**धनबाद।** धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत टुंडी हटिया रोड स्थित राजातालाब में मंगलवार को दो मासूम सहोदर भाइयों की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजवीर भारती (उम्र लगभग ढाई वर्ष और सिद्धार्थ भारती (उम्र- दो वर्ष) के रूप में पहचान हुई। दोनों बच्चों के पिता- शंभू चरण भारती और रामचरण भारती- एक ही परिवार के सदस्य हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे खेल-खेल में सड़क पार कर सामने स्थित राजातालाब की ओर चले गए और खेलते-खेलते गहरे पानी में डूब गए। परिजनों को बच्चों के तालाब की ओर जाने की जानकारी नहीं थी। काफी देर तक बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन वे नहीं मिले। इसी दौरान तालाब के पास से गुजर रहे एक राहगीर ने पानी में बच्चों के शव को तैरते देखा और शोर मचाया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। शवों की पहचान होते ही पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर टुंडी थाना प्रभारी उमा शंकर, अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल और टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली और शोकग्रस्त परिवार को सांत्वना दी। पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच भेज दिया है।

### मां काली की भव्य पूजा-अर्चना में उपायुक्त हुए शामिल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हम सब पूजा समिति, नया मोड़ बी.एस. सिटी के तत्वावधान में मंगलवार मां काली की भव्य पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने पूजा स्थल पर पहुंचकर मां काली की पूजा-अर्चना की और जिले के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना किया। पूजा के दौरान उपायुक्त ने मां काली से जिले में आपसी सद्भाव, विकास और खुशहाली बनाएं रखने का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करते हैं। पूजा पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी थी। जहां आरती के स्वर से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 13वीं झारखंड राज्य सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता आज से शुरू



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार 22 अक्टूबर (आज) से शुरू होने वाले 13 वी. झारखंड राज्य सब जुनियर कबड्डी प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। इस 03 दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर-04 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में किया जाएगा। उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेशार्नुसार प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) रवि कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) हेमलता बुन ने आयोजन स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने पुरूष - महिला खिलाड़ियों के ठहराव, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रतियोगिता के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा खिलाड़ियों या दर्शकों को नहीं हो। मौके पर डीपीआरओ ने कहा कि, राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं नहीं केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि जिले की पहचान को भी सशक्त करती हैं। प्रशासन का प्रयास है कि सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट व्यवस्था और खेल भावना से परिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। वहीं, डीएसओ ने बताया कि प्रतियोगिता के सुचारू संचालन हेतु तकनीकी अधिकारियों, रेफरी, प्रबंधकों और स्वयंसेवकों की टीमें गठित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि मैदान की तैयारी, मार्किंग, खिलाड़ियों के वार्मअप क्षेत्र और दर्शक दीर्घा की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह आयोजनदिशोम गुरू शिबू सोरेन के समृति में उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशन में जिला प्रशासन और बोकारो जिला कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन में राज्य के विभिन्न जिलों से पुरुष एवं महिला वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। उद्घाटन समारोह में जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं खेलप्रेमी आदि उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य स्तर पर कबड्डी खेल को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाना और खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय अनुभव प्रदान करना है। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच दर्शकों के लिए खुले रहेंगे, जिससे स्थानीय खेल प्रेमी अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को खेलते देख सकेंगे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने की सुनवाई प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 11 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/ शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, चास नगर निगम, खनन, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com